रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 29 जनवरी 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 160 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### अभिजीत हत्याकांडः जानकारी देने पर सीबीआई ने की पुरस्कार की घोषणा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता अभिजीत सरकार की हत्या में कथित रूप से शामिल पांच आरोपियों के खिलाफ सूचना देने वालों को नकद इनाम देने की घोषणा की है। सीबीआई के सूत्रों ने कहा कि आरोपी फरार हैं और उन्हें एक अदालत ने भगोड़ा घोषित किया है। सीबीआई ने सभी आरोपियों के खिलाफ 50-50 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। सीबीआई ने पिछले साल 25 अगस्त को मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने सरकार की मां की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

### राफेल नडाल फाइनल में, खिताब से एक कदम दूर

**मेलबोर्न।** दुनिया के नंबर पांच टेनिस खिलाड़ी स्पेन के राफेल नडाल को सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार जीत के साथ छठी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष एकल के फाइनल में पहुंच गए। वह अब अपने रिकॉर्ड 21वें ग्रैंड स्लेम खिताब से महज एक कदम दूर हैं। 20 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नडाल ने सेमीफाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त इटली के माटेओ बेरेटिनी को चार सेटों के संघर्ष में 6-3, 6-2, 3-6, 6-3 से हराया, जिनका यह तीसरा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल था। नडाल और बेरेटिनी इससे पहले 2019 में यूएस ओपन सेमीफाइनल में भिड़े थे और तब भी नडाल विजयी हुए थे।

### यूक्रेन मामले का शांतिपूर्ण समाधान हो : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने यूक्रेन के मामले का कूटनीतिक प्रयासों से शांतिपूर्ण समाधान खोजे जाने पर बल दिया है जिससे क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता कायम रहे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में इस विषय पर एक सवाल के जवाब में कहा कि हम यूक्रेन से जुड़ी सभी घटनाओं खासकर अमेरिका एवं रूस के बीच उच्चस्तरीय बातचीत को सावधानीपूर्वक देख रहे हैं। कीव स्थित भारतीय दूतावास भी स्थानीय घटनाक्रम पर नजर रखे है।

# महाराष्ट्र के 12 भाजपा विधायकों का निलंबन असंवैधानिक : सुप्रीम कोर्ट

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी के (भाजपा) के 12 विधायकों को महाराष्ट्र विधानसभा से एक साल के निलंबन को शुक्रवार को असंवैधानिक, अवैध और मनमाना करार दिया। न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि निलंबन एक सत्र से अधिक समय के लिए नहीं हो सकता। पीठ ने कहा कि पांच जुलाई 2021 का महाराष्ट्र विधानसभा का वह प्रस्ताव अवैध है, जिसमें 12 विधायकों को एक साल के लिए निलंबित किया गया। शीर्ष अदालत ने निलंबित विधायक आशीष शेलार और अन्य द्वारा दायर जनहित याचिका अपना फैसला सुनाया। पीठ ने संबंधित पक्षों का पक्ष सुनने के बाद 19 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सर्वोच्च अदालत में विधायकों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, एन. के. कौल, महेश जेठमलानी एवं अन्य ने दलीलें पेश कीं। महाराष्ट्र सरकार का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सी. ए. सुंदरम रखी। विपक्षी विधायकों को विधानसभा के अंदर और बाहर पीठासीन अधिकारी के साथ कथित दुर्व्यवहार के के



आरोप में निलंबित किया गया था। न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने 19 जनवरी को हुई सुनवाई के बाद संबंधित पक्षों को 2 सप्ताह के भीतर अपने निवेदन लिखित तौर पर प्रस्तुत करने को कहा तथा अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों पर सहमति व्यक्त करते हुए कहा था कि एक साल के लिए निलंबन की कार्रवाई 'निष्कासन से भी बदतर' माना जाएगा क्योंकि सदन में संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं होगा। शीर्ष न्यायालय की पीठ ने पिछली सुनवाई के दौरान संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा था कि कोई निर्वाचन क्षेत्र छह महीने से अधिक समय तक बिना प्रतिनिधित्व के नहीं रह सकता। ऐसे में इन निर्वाचित प्रतिनिधियों का एक साल का निलंबन दंड की श्रेणी में आएगा।

## अमन सिंह के खिलाफ जांच पर फैसला ले केंद्र

**रायपुर।** दिल्ली हाई कोर्ट की खंडपीठ ने पूर्व मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव अमन सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार, बेनामी सम्पत्तियां एवं लेनदेन तथा मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायतों की जांच की मांग को लेकर दायर याचिका में केंद्र सरकार और सीबीआई को इस मामले में शीघ्र निर्णय लेने का आदेश दिया है। राकेश चौबे की तरफ से दायर याचिका की सुनवाई करते हुए दिल्ली उच्च न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की खंडपीठ ने केंद्र एवं सीबीआई को आदेश दिया कि वे याचिकाकर्ता की शिकायतों पर गौर करें और 16 हफ्ते के अंदर कानून सम्मत फैसला लें। याचिकाकर्ता राकेश चौबे ने 4 दिसंबर 2019 और 17 जुलाई 2021 को दायर याचिका में कोर्ट से आग्रह किया था कि वह सीबीआई तथा केंद्र को अमन सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग, और बेनामी लेनदेन के आरोपों की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दे।



## पदोन्नति में आरक्षण : मानदंड में छूट से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

उच्चतम न्यायालय ने प्रतिनिधित्व संबंधी वास्तविक आंकड़े जुटाये बिना अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के कर्मचारियों के लिए पदोन्नति में आरक्षण प्रदान करने के मानदंड में किसी प्रकार की छूट देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की पीठ ने कहा कि आरक्षण देने से पहले प्रतिनिधित्व की अपर्याप्तता पर मात्रात्मक आंकड़े एकत्र करने के लिए राज्य बाध्य है। शीर्ष अदालत ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने के लिए एम. नागराज (2006) और जरनैल सिंह (2018) की संविधान पीठ के फैसले में निर्धारित मानदंडों को कम करने से इनकार कर दिया। इन फैसलों में कहा गया है कि आवधिक समीक्षा के बाद प्रतिनिधित्व की अपर्याप्तता के आकलन के लिए मात्रात्मक आंकड़ों का संग्रह किया जाना अनिवार्य है। इस मामले में केंद्र सरकार की ओर से समीक्षा अवधि निर्धारित की जानी चाहिए। नागराज के फैसले ने आरक्षण देने के लिए मात्रात्मक आंकड़ों के संग्रह, प्रतिनिधित्व की पर्याप्तता और प्रशासन की दक्षता पर समग्र प्रभाव जैसी शर्तें निर्धारित की थीं।

# सीएम बघेल की दो टूक : रेत माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करें

## अवैध उत्खनन पर कार्रवाई नहीं होने पर जिले के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अवैध रेत उत्खनन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर और एसपी को निर्देश दिए हैं कि किसी भी जिले में अवैध रेत उत्खनन नहीं होना चाहिए। किसी भी जिले से अवैध रेत उत्खनन की शिकायत मिलने पर कलेक्टर और एसपी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। अवैध उत्खनन पर कार्रवाई नही होने पर जिले के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने अवैध उत्खनन रोकने कलेक्टर और एसपी को स्वयं



मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं ।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में रेतमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से रेत के उत्खनन और परिवहन को लेकर आ रही खबरों को गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस सबंध में खनिज विभाग के आला अफसरों को रेत माफियाओं पर सख्ती से लगाम लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कलेक्टर और एसपी अपने जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें और सख्ती से कार्रवाई कर रोक लगाएं। उन्होंने कहा है कि राज्य को अवैध रूप से रेत उत्खनन और परिवहन से राजस्व में नुकसान उठाना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायतें मिलती हैं, वहां खनिज विभाग के अधिकारियों और मैदानी अमले से सतत रूप से नियमित रूप से निरीक्षण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में संलिप्त लोगों के विरूद्ध प्रकरण तैयार किए जाए। परिवहन के लिए प्रयुक्त वाहनों को जप्त करने की कार्रवाई भी की जाए।

# पीएम मोदी ने एनसीसी कैडेटों से विकास से जुड़ने, डिजिटल मीडिया पर दुष्प्रचार, नशाखोरी से लड़ने का किया आह्वान

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने आए एनसीसी कैडेटों को संबोधित करते हुए एक एनसीसी कैडेट के रूप में अपने पुरोने दिनों को याद किया और कहा कि उस समय मिली सीख से उन्हें आज देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने की ताकत मिली है। उन्होंने एनसीसी के बालक और बालिका कैडेटों को आजादी के अमृत महोत्सव में देश के विकास में जुड़ने, सोसल मीडिया पर दष्प्रचार रोकने में योगदान करने, मादक प्रदार्थों के सेवन से मुक्त रखने और देश में बनी चीजों के उपयोग को बढ़ावा देने के अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मोदी ने राजधानी के करियप्पा ग्राउंड में एनसीसी टुकड़ियों द्वरा प्रस्तुत गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया, एनसीसी टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट



की सलामी ली। समारोह में सर्वश्रेष्ठ कैडेटों को प्रधानमंत्री की ओर से मेडल और बैटन भी प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं भी कभी आपकी तरह ही एनसीसी का सक्रिय कैडेट रहा हूं। मुझे एनसीसी में जो ट्रेनिंग मिली, जो जानने सीखने को मिला, आज देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में मुझे उससे असीम ताकत मिलती है। उन्होंने महान स्वाधीनता सेनानी लाला लाजपत राय और फील्ड मार्शल करियप्पा को राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि दी। भारत के इन दोनों वीर सपूतों की आज जयंती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस समय जितने भी युवक-युवतियां एनसीसी में हैं, एनएसएस में हैं, उसमें से ज्यादातर इस शताब्दी में ही पैदा हुए हैं। आपको ही भारत को 2047 तक लेकर जाना है।

# बजट सत्र में मोदी सरकार को घेरेगी कांग्रेस, बैठक में बनी रणनीति

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में पार्टी के ससंदीय दल के रणनीतिकार समूह की बैठक हुई जिसमें बजट सत्र में किसानों, चीनी अतिक्रमण तथा बेरोजगारी और एयर इंडिया को बेचने जैसे कई मुद्दों पर सरकार को घेरने का निर्णय लिया गया। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि बजट सत्र में समान विचारधारा वाले दलों के साथ मिलकर कांग्रेस किसानों के मुद्दे, चीनी अतिक्रमण, कोरोना पीड़ितों के लिए राहत पैकेज, सरकारी क्षेत्र की कंपनी एयर इंडिया को निजी हाथों को बेचने के साथ ही जनता से जुड़े अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरेगी। गांधी की अध्यक्षता में हुई संसदीय दल की बैठक में राज्यसभा में विपक्ष



के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, वरिष्ठ नेता ए के एंटनी, संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, के सुरेश, जयराम रमेश, मणिकम टैगोर और मनीष तिवारी सहित कई नेता मौजूद थे। गौरतलब है कि बजट सत्र का पहला चरण सोमवार से शुरु हो रहा है, जिसमें राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे।

# भारत बायोटेक को नाक से लेने वाली कोविड दवा के परीक्षण की अनुमति

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय औषधि महानियंत्रक ने भारतीय दवा कंपनी भारत बायोटेक को नाक से लेने वाली कोविड दवा के परीक्षण की अनुमति दी है।

सूत्रों ने बताया कि औषधि महानियंत्रक ने भारत बायोटेक को नाक से लेने वाली कोविड दवा के परीक्षण की अनुमति दी है जो बूस्टर डोज या अतिरिक्त खुराक के तौर पर वयस्कों को दी जायेगी। सूत्रों के अनुसार कोविशील्ड और कोवैक्सिन कोविड टीके लेने वाले व्यक्तियों को तीसरी खुराक के तौर पर यह दवा दी जायेगी। इसका परीक्षण देश में नौ विभिन्न स्थानों पर होगा। परीक्षण में कोविशील्ड और कोवैक्सिन ले चुके लोग बराबर की संख्या में शामिल किये जायेंगे। लगभग पांच हजार लोगों पर ये परीक्षण होगें। जानकारों का कहना है कि यह दवा लेने के लिये कम से कम छह माह का समय तय किया गया है। दूसरा टीका लेने के छह माह बाद यह दवा ली जा सकेगी। सूत्रों ने बताया कि मार्च के अंत तक इस दवा के उपलब्ध होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 25 दिसंबर को राष्ट्र के नाम संबोधन में नाक लेने वाली कोविड दवा का उल्लेख किया था। गौरतलब है कि सरकार ने कल स्वदेशी कोविड टीकों कोविशील्ड और कोवैक्सिन को खुले बाजार में उतारने की अनुमति दी।

## श्रीमंत को हराकर देशभर में चर्चित हुए सांसद अपनी ही पार्टी में उपेक्षा से आहत

# गैरों पे करम अपनों पे सितम

डॉ शिशिर उपाध्याय < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश में भाजपा की राजनीति में एक बार फिर भूचाल आ गया है। देशभर में जिस केपी यादव सांसद को भाजपा के बड़े-बड़े नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया को हराकर एक नया इतिहास रचने वाला बताते नहीं अघाते थे लेकिन मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार में ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन से सरकार बनाने के बाद अब भाजपा का यह सितारा कार्यकर्ता केपी यादव जो कि वर्तमान में सांसद हैं वह खटकने लगा यह उम्मीद तो केपी यादव को बहुत पहले से थी लेकिन उम्मीद थी कि भाजपा उनकी मदद करेगी लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे जेपी नड्डा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से लगातार गुहार लगाने के बाद भी केपी यादव की गुहार नहीं सुनी जा रही है। हालात अब पत्र लिखकर अपनी ही पार्टी के सांसद को अपने नेताओं को चिठ्ठी लिखकर सिंधिया समर्थक मंत्रियों की और से उपेक्षा एवं जनहित के कार्यों में रोड़ा का आरोप लगाना पड़ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा सांसद केपी यादव जिस गुना अशोकनगर संसदीय सीट से ज्योतिरादित्य सिंधिया को हराकर सांसद बने हैं। उन्हीं जिलों में उनकी नहीं सुनी जा रही है। नौकरशाह, जनप्रतिनिधि, मंत्री सभी उपेक्षा करते हैं ऐसे में क्षेत्र का विकास कैसे होगा यही चिंता सांसद महोदय को परेशान कर रही है।

ज्योतिरादित्य सिंधिया को हराकर गुना संसदीय सीट पर भाजपा का परचम फहराने वाले केपी यादव ने पार्टी का ध्यान ग्वालियर-चंबल की तरफ





खींचा है। उन्होंने उंगली उठाई है सिंधिया समर्थकों पर कि भाजपा में आने के बाद सिंधिया समर्थक खुद को पार्टी की रीति-नीति में ढाल नहीं पा रहे हैं। इसके उलट गुटबाजी और भ्रम की स्थिति ग्वालियर-चंबल संभाग में देखी जा रही है। कैडर बेस पार्टी में ऐसा लग रहा है कि व्यक्ति प्रधान संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। मूल भाजपाई कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हो समय रहते उपचार नहीं किया तो पार्टी की रीति-नीति और आदर्श विचारधारा पर ग्वालियर-चंबल में अंधेरा छा जाएगा। और व्यक्ति प्रधान संस्कृति हावी हो जाएगी, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं की उम्मीदों पर पानी फिर जाएगा।

यादव का दर्द कहीं न कहीं वर्तमान हालातों से उनके व्यक्तिगत तौर पर आहत होने का हाल तो बयां कर ही रहा है। साथ ही दो साल बाद 2024 की उस निराशाजनक तस्वीर की तरफ भी इशारा कर रहा है, जब हो सकता है कि सिंधिया से बगावत कर 2019 में भाजपा का दामन थामकर निर्वाचित होने के बाद। जैसा कि ग्वालियर-चंबल के कई भाजपा कार्यकर्ता भी खुद को उपेक्षित महसूस कर दर्द का अनुभव कर रहे होंगे, भले ही केपी यादव की तरह वह बयां न कर पा रहे हों। हो सकता है कि भाजपा के कई बड़े नेताओं की भी यही व्यथा हो, जिसे केपी यादव के जरिए राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंचाया गया हो। मंतव्य यही कि बात सभी फोरम तक पहुंच जाए, इसीलिए समय यह चुना गया है जब बूथ विस्तारक अभियान के तहत कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद हो रहा है। और सिंधिया समर्थकों सहित भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के साथ ही प्रदेश का शीर्ष नेतृत्व भी उनकी और भाजपा कार्यकर्ता एवं सांसद की उपेक्षा की है। तो पार्टी के संज्ञान में यह सब पहले से होगा और अब जब पत्र जगजाहिर है, तो समाधान भी शायद उसी तरह से होगा ताकि निराश भाजपा कार्यकर्ताओं में उम्मीद जागें साथ ही श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं एक समय के उनके कट्टर समर्थक केपी यादव सांसद के बीच आपसी सहयोग सहमति नजर आए ऐसा माना जा रहा है कि केपी यादव का तो चेहरा है पर्दे के पीछे कोई और है। मध्यप्रदेश के बहुत से बड़े नेता इन दिनों अपनी उपेक्षा तथा ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थकों को पार्टी एवं सरकार में मिलती तवज्जो से आहत हैं शायद केपी यादव के रूप में प्रदेश के बड़े नेताओं ने दिल्ली से लेकर भोपाल तक यह संदेश पहुंचाने की कोशिश की है कि इस उपेक्षा से कार्यकर्ता आहत हैं जबकि हकीकत में माननीय अपनी घटती पूछपरख से परेशान हैं। देखना यह होगा कि भाजपा हाईकमान इस मामले में क्या कदम उठाता है। हालांकि ज्योतिरादित्य सिंधिया सामने आये है और उन्होंने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सभी साथियों को मिल जुलकर एक साथ पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही है साथ ही किसी भी कार्यकर्ता की उपेक्षा न हो यह सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है। लेकिन इसका असर कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों एवं नौकरशाहों पर कितना होगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा।




प्रदेशवासियों को गणत्रंत दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
26th January REPUBLIC DAY
नवीन मिश्रा
सदस्य जि.पं. क्षेत्र क्र.-15
सभापति, स्वच्छता समिति कसडोल
जिला पंचायत, बलौदाबाजार


प्रदेशवासियों को गणत्रंत दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
योगेश्वर राठौर
उपसरपंच
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत दुरपा
विकासखंड-बम्हनीडीह, जिला-जांजगीर चांपा
धायतरी सुखीराम राठौर
सरपंच


प्रदेशवासियों को गणत्रंत दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ममता उल्लास राम खुटे सरपंच
ग्राम पंचायत सकरेली बाराद्वार


प्रदेशवासियों को गणत्रंत दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञानचंद प्रसाद अग्रवाल
डीएमसी माइनिंग कारपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड
बाराद्वार


गणत्रंत दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
26th January REPUBLIC DAY
ग्राम पंचायत सिरवे ब्लॉक तिल्दा नेवरा जिला रायपुर छग
श्रीमती विद्या अनिल वर्मा
सरपंच
ग्राम पंचायत सिरवे
बलराम वर्मा
उपसरपंच
नितिश वर्मा
सरपंच प्रतिनिधी
ग्राम पंचायत सिरवे
कुशुम वर्मा
सचिव
विनित : पंचगण श्री मती साद बाई, श्रीमती त्रिवेणी यादव, श्री मती रेवती धीवर, श्री मती अहिल्या पोर्ते, श्री कृष्ण कुमार धिरहे, श्री एवन धिरहे, श्री पोषण धीवर, श्रीमती लक्ष्मी बंजारे, श्रीमती केंवरा बाई
ग्राम पंचायत-सिरवे एवं समस्त ग्रामवासी
विकासखंड-तिल्दा-नेवरा


प्रदेशवासियों को गणत्रंत दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
26th January REPUBLIC DAY
वन एवं वन्य प्राणी को कटने से बचाएं
कमला भगत
वनपाल, मनोरा
जशपुर जिला उपाध्यक्ष
वन कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़


प्रदेशवासियों को गणत्रंत दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बिलासपुर प्राइम क्रिकेट फाउंडेशन एकेडमी
बिलासपुर
अजय श्रीवास्तव
चेयरमैन
सन्नी दुआ
कोच एवं सेक्रेटरी
SUNLIGHT CRICKET GOODS
BILASPUR PRIME CRICKET FOUNDATION ACADEMY
We deals in all Cricket Equipments & Goods
Official store of Bilaspur Prime Cricket Foundation Academy
Registration No. - 122202088752
9511195130, 7828633985
Add. : Shop No. 119, Agrasen Chowk, Near Star Children Hospital, Bilaspur


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मान. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन
सुमन देवव्रत नायक
जनपद अध्यक्ष तिल्दा
टिकेश्वर मनहरे
जनपद उपाध्यक्ष तिल्दा नेवरा
देवव्रत नायक
पूर्व जनपद अध्यक्ष तिल्दा नेवरा
26th January REPUBLIC DAY
श्रीमती द्रौपती वैष्णव
उपसरपंच ग्राम पंचायत तुलसी
गुलाब यदु
सरपंच ग्राम पंचायत तुलसी
ग्राम पंचायत-तुलसी
विकासखण्ड-तिल्दा नेवरा
पंचगण- श्रीमती निशा वर्मा, श्रीमती कौशिल्या, श्रीमती कांती वर्मा, श्री जितेन्द्र यादव, श्रीमती पिंकी कुर्रे, श्रीमती गीता वर्मा, श्रीमती प्रेमीन वर्मा, श्रीमती सविता आडिल, श्री जातिराम रात्रे, श्री प्यारे लाल वर्मा, श्री भूषण लाल वर्मा, श्री दुष्यंत कुमार वर्मा, श्री राम गुलाल पाल, श्री ललित शेण्डे, श्रीमती उषा वर्मा, श्रीमती जानकी यदु, श्री महेश वर्मा, श्रीमती कुमारी वर्मा, श्री शिवकुमार वर्मा

# आईटीबीपी की 53वीं वाहिनी ने सिविक एक्शन कार्यक्रम का किया आयोजन

## चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा शिविर में जांच कर दी गयी दवाई

पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले में तैनात भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवान नक्सल अभियान के साथ-साथ सुदूर अंचल के गरीब लोगों की मदद भी कर रहें हैं। इसी क्रम में आज जिले में तैनात 53वीं वाहिनी आईटीबीपी की ई-कम्पनी कैम्प कोहकामेटा द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कच्चापाल, इरकभट्टी, झारावाही, कोहकामेटा गावाही, कोहकानेटर, कोनार सदा कानागीय किकहाड़ आदि गाँव के ग्रामीणों को दैनिक इस्तेमाल में आने वाले वर्तन, कपड़े, सोलर लाईट एलईडी, सोलर लैम्प तथा स्कूल के बच्चों व ग्रामीण युवकों को खेल-कूद सामाग्री का वितरण किया गया। इसके साथ ही शिविर में चिकित्सा शिविर एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेनानी, 53वीं बटालियन, आईटीबीपी पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि आप सभी आईटीबीपी को अपना मित्र समझें, हम आप सब की सेवा व सुरक्षा के लिए यहाँ तैनात है। अगर किसी को भी कोई समस्या होती है, तो आप कभी भी कैम्प में आकर हमें बताए। हमारे जवान हमेशा आप लोगों की सेवा के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के उत्थान में इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे तथा सभी ग्रामवासियों व खास कर युवा वर्ग से अनुरोध किया कि वे हिंसा का मार्ग छोड़कर राष्ट्र निर्माण व देश की मुख्यधारा से जुड़े व खुशहाल जीवन व्यतीत करें। सेनानी, 53वीं बटालियन, आईटीबीपी वर्मा ने सभी ग्रामीणों को इस कार्यक्रम में शामिल होने व इसे सुचारू रूप से सफल बनाने में सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में वाहिनी की चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण राणा, एसएमओ द्वारा दूरदराज से आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर दवाईयां बांटी और डा अश्वनी कुमार, उप सेनानी द्वारा ग्रामीणों के पालतू जानवरों के जांच की। चिकित्सा अधिकारियों ने ग्रामीणों को साफ-सफाई, ताजा भोजन करने एवं शुद्ध पेयजल का उपयोग करने की सलाह दी गई तथा वाहिनी पशु चिकित्सक द्वारा ग्रामीणों को पशुओं को होने वाली बीमारी तथा उनसे बचाव के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक सेनानी अभिजीत व्यास, सहायक सेनानी, 53वीं बटालियन, आईटीबीपी धर्मेन्द्र कुमार एवं गांव के सरपंच, ग्रामीण और क्षेत्र की आगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# समाज सेवी फिरोज के पहल से दिव्यांग को मिला नया जीवन

पायनियर संवाददाता ‹ बचेली
www.dailypioneer.com



स्थानीय व्यापारी राम प्रसाद साहू जो सायनल कार्ड यानी रीढ़ की हड्डी टूट जाने की वजह से बीते 05 बरस से चलने फिरने में असमर्थ थे। चिकित्सको के अनुसार राम प्रसाद के कमर से नीचे का हिस्सा पूरी तरह मानो बेजान हो चुका है। उसे अपना सारा जीवन बिस्तर पर ही गुजरना पड़ेगा। 05 वर्ष से परिवार ने भी इलाज के चलते अपनी सारी जमा पूंजी घर के मुखिया पर खर्च कर दी। राम साहू की पत्नी ने भी अपने पति के इस विपरीत परिस्थिति साथ देते हुए अपने पति के दुकान को संभाला परन्तु घर की माली हालत ने इस कदर करवट बदली की परिवार के भरण पोषण से लेकर बच्चो की शिक्षा पर भी इसका विपरीत असर साफ दिखने लगा।

ऐसे में बचेली के समाजसेवी फिरोज नवाब को जब राम प्रसाद की बीमारी और परिवार के माली हालत की जानकारी मिली। फिरोज ने खुद से आगे आकर परिवार के मदद के लिये पहल की और आखिरकार फिरोज के लंबी भागदौड़ के बाद समाज कल्याण विभाग दन्तेवाड़ा द्वारा पीड़ित राम साहू को इलेक्ट्रिक ट्राय सायकल छत्तीसगढ़ शासन आबकारी मंत्री कवासी लखमा का किरंदुल नगर में आदिवासी भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम था इसकी जानकारी पार्षद फ़िरोज़ नवाब को मिला और उन्होंने यह कार्य श्री कवासी लखमा के द्वारा प्रदान किया गया। परिवार ने समाज कल्याण विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियो और समाज सेवक फिरोज नवाब का आभार जताया। इस कार्य के फ़िरोज़ नवाब ने भी सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया विशेष कर समाज कल्याण विभाग और दन्तेवाड़ा के विशेष व्यक्ति के सहयोग से यह पुण्य कार्य सम्भव हों सका इसलिए उनका विशेष आभार और धन्यवाद देते हुए समाजसेवा को आगे भी अनवरत जारी रखने का कोशिश और जनसेवा हर सम्भव होता रहेगा।

# रेत का अवैध परिवहन कर रहे वाहनों पर खनिज विभाग ने की कार्यवाही



पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नगर में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग द्वारा शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की गई। खनिज विभाग की टीम ने 5 ट्रैक्टर ट्राली रेत भारी जप्त की है। जब्त वाहनों को कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा करवाया गया है। जानकारी अनुसार खनिज विभाग निरीक्षक सोमेश्वर सिन्हा द्वारा नगर में अवैध रूप से रेत लेकर आते 5 ट्रैक्टर-ट्राली जब्त किया। बताया जाता है कि अवैध उत्खनन कर रेत का उपयोग निर्माणाधीन मकान में किया जा रहा था। खनिज निरीक्षक सिन्हा ने बताया कि पांचों वाहनों के मालिकों के खिलाफ गौण खनिज अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

# नगर पंचायत अंतागढ़ में माइक्रो कन्टेमेंट जोन घोषित

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड अंतागढ़ अंतर्गत नगर पंचायत अंतागढ़ के वार्ड क्रमांक-3,4,6,7 एवं 10 में 01-01 व्यक्ति तथा वार्ड क्रमांक 5 और 8 में 03-03 व्यक्तियों के नोवल कोरोना वायरस से संक्रमित पाये जाने के कारण कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्दन कुमार द्वारा संक्रमित के घरों को चिन्हित करते हुए चिन्हांकित क्षेत्र को माइक्रो कन्टेमेंट जोन घोषित किया गया है। माइक्रो कन्टेमेंट जोन में प्रवेश, निकास हेतु केवल एक द्वार होगा, जिसमें तैनात पुलिस अधिकारी फिजिकल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित करते हुए मेडिकल इमरजेंसी एवं आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हेतु आवागमन करने वाले सभी व्यक्तियों का विवरण एक रजिस्टर में दर्ज करेंगे। माइक्रो कन्टेमेंट जोन अंतर्गत सभी दुकानें एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान आगामी आदेश पर्यन्त बंद रहेंगे। प्रभारी अधिकारी द्वारा घर पहुंच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति उचित दरों पर सुनिश्चित की जाएगी। आवश्यक वस्तुओं की होम डिलीवरी हेतु विधिवत परिवहन अनुमति इन्सीडेंट कमाण्डर द्वारा दी जावेगी। माइक्रो कन्टेमेंट जोन में सभी प्रकार के आवागमन एवं सामूहिक गतिविधि पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी एवं कृषि कार्य को छोड़कर अन्य किसी भी कारण से माइक्रो कन्टेमेंट जोन, मकान के बाहर निकलना प्रतिबंधित रहेगा। केवल मेडिकल इमरजेंसी की दशा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कांकेर तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी के परामर्श व अनुमति से इन्सीडेंट कमाण्डर द्वारा पास जारी किया जाएगा। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में संलग्न व्यक्ति फिजिकल डिस्टेंसिंग तथा सेनिटाईजेशन सुनिश्चित करते हुए माइक्रो कन्टेमेंट जोन में प्रवेश कर सकेंगे। अन्य किसी भी व्यक्ति को माइर्क्रो कन्टेमेंट जोन के नियमों का कड़ाई से पालन कराने का उत्तरदायित्व संबंधित थाना प्रभारी का होगा। स्वास्थ्य विभाग के मानकों के अनुरूप व्यवस्था हेतु पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जावेगी। स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्र में आवश्यक सर्विलांस, कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग एवं सेम्पल जॉच आदि की कार्यवाही की जावेगी। माइक्रो कन्टेमेंट जोन की सतत निगरानी करने तत्पश्चात संक्रमण की रोकथाम का आंकलन कर संक्रमण के शून्य रहने पर उक्त क्षेत्र से कंटेमेंट हटाने की प्रक्रिया नियमानुसार संपादित करने के लिए अपर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्दन कुमार द्वारा आदेशित किया गया है।

# सोनारपाल के भानु कृषि सेवा केन्द्र की लायसेंस निरस्त

**जगदलपुर।** अधिक दर पर उर्वरक की बिक्री की शिकायत के बाद की गई जांच के बाद सोनारपाल में संचालित भानु कृषि सेवा केन्द्र का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। शुक्रवार को कृषि विभाग के उप संचालक ने लाइसेंस निरस्ती का आदेश जारी कर दिया। पिछले दिनों भानु कृषि सेवा केन्द्र में अधिक दाम पर उर्वरक बिक्री का वीडियो वायरल होने पर कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर मामले में तेजी से जांच करते हुए भानु कृषि सेवा केन्द्र के विरुद्ध यह सख्त और त्वरित कार्रवाई की गई। कृषि विभाग के उप संचालक एसएस सेवता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें ग्राम देवड़ा के किसान चतुर सिंह बघेल द्वारा भानु कृषि सेवा केन्द्र में शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री की शिकायत थी। इस मामले की जांच के लिए कृषि विभाग के सहायक संचालक श्री लखनधर दीवान, अनुविभागीय अधिकारी श्री तरुण कुमार प्रधान, कृषि विकास अ अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह तोमर को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इस मामले में 266 रुपए प्रति बोरी के यूरिया को 500 रुपए की दर पर और पोटाश को 1000 रुपए प्रति बोरी व डीएपी को 1450 रुपए प्रति बोरी की दर पर विक्रय करते हुए 8400 रुपए के उर्वरक के बदले 12500 लिए जाने की शिकायत सही पाई गई।

# स्वास्थ्य सुविधओं का जायजा लेने कलेक्टर पहुंचे स्वास्थ्य केन्द्रों में

पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने स्वास्थ्य सुविधओं का जायजा लेने जिले के ग्राम पंचायत बड़ेजम्हरी, फरसगांव और धौड़ाई के स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री रघुवंशी ने सबसे पहले हेल्थ वेलनेस सेंटर बड़ेजम्हरी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बड़ेजम्हरी के हेल्थ वेलनेस सेंटर को और अधिक आधुनिक बनाकर इसे जिले में रोल मॉडल के रूप में स्थापित किया जाये। इसके साथ ही वेलनेस सेंटर में नवनिर्मित प्री बर्थ वेटिंग रूम को शीघ्र प्रारंभ करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वेलनेस सेंटर में किचन गार्डन तैयार किया जाये। इस दौरान कलेक्टर रघुवंशी ने फरसगांव उप स्वास्थ्य केन्द्र का भी जायजा लिया। उन्होंने पाया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर स्थिति में है, जिसकी मरम्मत शीघ्र करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने मरम्मत कार्य के साथ-साथ पानी की व्यवस्था एवं शौचालय की मरम्मत अनिवार्य रूप से कराने कहा, ताकि मरीजों एवं हास्पीटल स्टाफ को असुविधा न हो।

इसके पश्चात कलेक्टर रघुवंशी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धौड़ाई पहुंचे, वहां उन्होंने निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता और समय सीमा में पूरा करें। कलेक्टर ने धौड़ाई के बालक छात्रावास का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ केशव साहू, यूनिसेफ के चिकित्सक डॉ असीम प्रधान व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर रघुवंशी ने गोटाजम्हरी कोसा सेंटर का किया निरीक्षण



**नारायणपुर।** कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने नारायणपुर जिले के टसर कोसा सेंटर गोटा जम्हरी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कोसा सेंटर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने कोसा पालन करने वाली महिला समूह के सदस्यों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने समूह को शासन से मिलने वाली सुविधाओं, आमदनी, कोसा करने की विधि, बाजार की व्यवस्था आदि की जानकारी ली। समूह की महिलाओं ने बताया कि विगत अगस्त माह में तैयार कोसा के विक्रय से समूह को 1 लाख 77 हजार रूपये से अधिक की आमदनी हुई है। वहीं दूसरी फसल दिसम्बर में तैयार हुई, जिससे 92 हजार से अधिक रूपये की आय हुई है। इस दौरान सहायक संचालक रेशमपालन आईके बागरी, फिल्ड आफिसर नरेन्द्रकुमार मरसकोले उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ की जनता को ठगने के बाद मुख्यमंत्री उत्तराखंड की जनता को ठगने में लगे हैं : ओजस्वी भीमा मंडावी



**बचेली।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा दन्तेवाड़ा की जिलाध्यक्ष ओजस्वी भीमा मंडावी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ की जनता को ठगने के बाद उत्तराखंड की जनता को चुनाव प्रचार में ठग रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ की शासन संभालने से ज्यादा सैर सपाटे में ज्यादा समय दे रहे हैं। मण्डावी ने कहा कि उत्तराखंड में कांग्रेस सरकार बनने पर 500रू में एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की गृहणियों को ठगने के बाद उत्तराखंड की महिलाओं को टगने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के मुखिया भूपेश बघेल उत्तराखंड में पांच सौ रुपए में सिलेंडर देने का वायदा करते हैं, उन्हें अपने ही राज्य का भला करने का विचार क्यों नहीं आता? क्या यह वायदा अपने आकाओं को खुश करने के लिए या जनता को ठगने के लिए यह उन्हें स्पष्ट करना चाहिए।

# समर्थन मूल्य पर 28 फरवरी तक की जायेगी मक्के की खरीदी

**कांकेर।** शासन द्वारा मक्का की खरीदी समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल 1870 रूपये की दर से की जा रही है, 28 फरवरी तक मक्का की खरीदी होगी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नागरिक आपूर्ति निगम को मक्का उपार्जन के लिए एजेंसी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कोर्पोरेशन लिमिटेड जिला कार्यालय कांकेर के प्रबंधक विनोद बुधिचा ने बताया की अधिकतम सीमा 10 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से मक्का की खरीदी किया जा रहा है तथा मक्का की नमी का निर्धारित मापदण्ड 14 प्रतिशत है। समर्थन मूल्य में खरीदे गये मक्का की राशि का भुगतान कृषकों के खाते में डिजिटल मोड से किया जाता है। धान की तरह समर्थन मूल्य पर मक्का का विक्रय करने के लिए किसानों को पंजीयन करना अनिवार्य है। पंजीकृत किसान भाई अपने द्वारा उत्पादित मक्का को सहकारी समितियों में विक्रय कर सकते हैं।

# कलिंगा सोशल वेलफेयर कार्यालय में फहराया गया तिरंगा एवं किया गया बाल कलाकारों को सम्मानित



पायनियर संवाददाता ‹ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

सारा देश आज 75 वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न में सराबोर है वहीं आज किरन्दुल स्थित एनजीओ कलिंगा सोशल वेलफेयर कार्यालय में भी स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।जहाँ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया कंपनी के सीएसआर प्रमुख डॉ तेज प्रकाश ने ध्वजारोहण किया जिसके बाद उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाया।इस विशेष अवसर पर मेरा भारत शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म के बाल कलाकारों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान भी किया गया सम्मान पाकर नन्हें नन्हें कलाकार काफी प्रफुल्लित हुए। इस दौरान संस्था प्रमुख रवि दुर्गा, महासचिव किशोर जाल, तनु क्षत्रिय, जोविन्स पापाचन, नजमुल हक, दीपक गोस्वामी, मुस्लिम खान एवं अन्य नागरिकगण मौजूद थे।

# नारायणपुर में शीतलहर की चेतावनी नहीं फिर भी पड़ रही कड़ाके की ठंड

पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

उत्तर से आ रही सर्द हवाओं के कारण पूरा प्रदेश दोबारा ठंड की चपेट में आ चुका है। हालांकि नारायणपुर जिले के लिए मौसम विज्ञान विभाग द्वारा फिलहाल शीतलहर की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है, फिर यहां हाड़ कपाने वाली ठंड पड़ रही है। कृषि विज्ञान केंद्र स्थित मौसम वेधशाला में आज का न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि 27 जनवरी को 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बीते कल की अपेक्षा आज पारा 2.7 डिग्री सेल्सियस नीचे गिर गया। बढ़ते ठंड को देखते हुए ग्रामीण अलाव का सहारा ले रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों एवं आमजनों हेतु सलाह दी है कि जहां तक संभव हो बाहर ना निकले, अगर आवश्यक कार्य से निकलना हो तो गर्म कपड़े पहन कर ही निकले। ठंडी हवाओं से बचाव हेतु गैर जरूरी यात्राओं को स्थगित करें। अत्यधिक ठंडा पानी पीने के बजाय कुनकुना या गर्म पानी पिऐ, पर्याप्त मात्रा में पानी या गर्म पेय का सेवन करें। हाथ पैरों में अधिक ठंड महसूस होने पर इसे रगड़ने की बजाय गर्म पानी में रखें। अगर शरीर का रंग काला पड़ जाए तो डॉक्टर से तुरंत मिले। किसान भाई फसलों को ठंड से बचाने हेतु शाम के समय स्प्रिंकलर से हल्की सिंचाई करें। मुर्गी पालक किसान मुर्गी घर में अतिरिक्त बल्ब लगाकर शेड को गर्म रखने की व्यवस्था करें। इसके साथ ही घर एवं पशु गृह में खुली खिड़कियों को बोरे से ढक कर ठंडी हवा को प्रवेश करने से रोके। पशुओं को अत्यधिक ठंडा पानी पीने ना दे एवं रात के समय उन्हें खुले में ना बांधे। किसान भाइयों ने सब्जी के लिए थरहा बोया है तो उसे रात में पॉलिथीन से ढक दें एवं सुबह खोल दें।

# कलेक्टर पहुंचे आंगनबाड़ी केन्द्र, बच्चों से की बातचीत

**नारायणपुर।** कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने जिला मुख्यालय के ग्राम पंचायत कोचवाही में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने आंगनबाडी में उपलब्ध सुविधओं का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर रघुवंशी ने आंगनबाड़ी में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों से बातचीत की। उन्होंने आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता और सहायिकाओं का निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा गर्म भोजन के लिए निर्धारित मात्रा, गुणवत्ता एवं मापदंडों का पालन करते हुए भोजन प्रदाय की व्यवस्था करें। बता दें कि कोविड-19 के कारण आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन बंद है लेकिन शासन की मंशानुरूप गर्भधात्री माताओं एवं बच्चों को गर्म भोजन प्रदाय किया जा रहा है।

# जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित पेमेश्वरी साहू को दी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मिलित होने आई खल्लारी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की सीएचओ पेमेश्वरी साहू के सड़क हादसे में निधन पर कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं पूर्ण जिला प्रशासन ने दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी है। ज्ञात हो कि कांकेर जिले के ग्राम परसोदा निवासी पेमेश्वरी साहू का विवाह सेना के जवान इंद्रपाल साहू से विवाह के पश्चात कोण्डागांव जिले के केशकाल विकासखण्ड के गारका टाटीरास में निवास करती थीं। शादी के पश्चात उन्होंने बड़ेराजपुर विकासखण्ड स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर खल्लारी में सीएचओ के रूप 2019 से कार्य करना प्रारंभ किया था। 02 वर्षों में ही उनके मिलनसार व्यक्तित्व के कारण सभी ग्रामीणों के साथ वह घुल मिलकर अपनत्व के साथ कार्य किया करती थी।

जिससे सभी ग्रामीण उनके व्यवहार से प्रसन्न रहते थे। अपनी पोस्टिंग के पश्चात उन्होंने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को सेवा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए थे। जिसका परिणाम है कि 13 दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर पर सार्वभौमिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में उन्हें प्राईमरी हेल्थ केयर के बेहतर अनुप्रयोग करते हुए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के उत्कृष्ट प्रबंधन हेतु केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ भारती प्रवीन प्रवार द्वारा सम्मानित किया गया था। जिला स्तरीय गणतन्त्र दिवस समारोह में उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिये सम्मानित करने हेतु बुलाया गया था। जहां सम्मान समारोह से लौटते वक्त एक दुर्भाग्यजनक सड़क हादसे में उनका निधन हो गया। जिस पर कलेक्टर ने दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवार की हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। इस संबंध में उन्होंने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हादसे पर वे स्तब्ध हैं। स्व पेमेश्वरी साहू ने ना केवल जिले बल्कि राज्य का भी नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया था। उनके अच्छे कार्यों के लिए लोग उन्हें सदा याद रखेंगे। पूरा जिला प्रशासन शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है तथा परिवार की हर संभव मदद की जाएगा।

# नगर के जयस्तंभ चौक में विधायक शिवरतन शर्मा ने ध्वजारोहण किया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



नगर के जयस्तंभ चौक पर ध्वजारोहण क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा तथा भाजपा कार्यालय में पार्टी के संस्थापक सदस्य तथा वरिष्ठ भाजपा नेता शंभू लाल वर्मा ने किया। जय स्तंभ चौक पर विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि देश की आजादी के बाद देश के नागरिकों के मौलिक अधिकार के लिए अपना संविधान बनाने की बात आई तो हमारे संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में विश्व के अनेक देशों के संविधान का अध्ययन कर अपना लिखित संविधान बनाया गया जोकि 25 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हुआ जिसे कि 26 जनवरी को लागू किया गया उसी दिन से हम 26 जनवरी को ही अपना गणतंत्र दिवस मनाते हैं। परंतु हमारे नेताओं ने कश्मीर में जो धारा 370 लगाई थी वह अब जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाप्त हुई है तथा केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अनेक ऐसे निर्णय लिए गए जिसे वर्षों से देशवासी प्रतीक्षारत थे उनमें से प्रमुख रूप से नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 23 जनवरी को जन्मदिवस को शौर्य दिवस मनाने तथा 25 दिसंबर को धर्म की रक्षा के लिए जिन गुरु गोविंद सिंह के दोनों पुत्रों ने बाल उम्र में ही अपने आपको दीवारों में जीवित चुनवा ना कबूल किया पर अपना धर्म नहीं बदला उनकी याद में 25 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने के निर्णय को पूरे देश में सराहा जा रहा है तथा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मुस्लिम बहनों को तीन तलाक जैसे जुर्म से मुक्त किया गया। शर्मा ने कहा कि अभी भी देश में समान नागरिक आचार संहिता लागू करने की जरूरत है।

जिसे मैंने छत्तीसगढ़ के विधानसभा में 2016 में अशासकीय संकल्प के रूप में पेश किया था जो कि सर्वसम्मति छत्तीसगढ़ की विधानसभा से पारित हो चुका है जिसे कि पूरे देश में लागू करने की जरूरत है और हमें उम्मीद है कि जैसे ही राज्यसभा में हमारा बहुमत आएगा वह कानून भी पास हो जाएगा। भाजपा कार्यालय में मुख्य अतिथि पार्टी के संस्थापक सदस्य शंभू लाल वर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो कि अपने कार्यकताओं की बदौलत ही संगठन के द्वारा चलती है और कार्यकताओं की मेहनत तथा उनके द्वारा दिए गए त्याग एवं बलिदान के कारण ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है जिसके लिए मैं आप सब कार्यकताओं को बधाई देता हूं। वर्मा ने अपने पुराने दिनों का संस्मरण कार्यकताओं बताया कि एक समय जिस कश्मीर घाटी में भारतीय तिरंगा फहराना बड़ा ही कठिन कार्य समझा जाता था उन दिनों में पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ मुरली मनोहर जोशी के साथ श्रीनगर के लाल चौक में ध्वजारोहण में भाग लिया था वर्मा ने कार्यकताओं से आव्हान किया कि वे प्राण से पार्टी के संगठन को मजबूत बनाए रखें तथा जनसंघ एवं भाजपा की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाए।

# बड़ी आबादी वाले गांव काण्डेकेला में चिकित्सा सुविधा तक नहीं

पायनियर संवाददाता ➤ मैनपुर
www.dailypioneer.com




गौर करने वाली बात यह है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के अनुसार ग्राम काण्डेकेला की जनसंख्या 4500 करीब मानी जाती है और क्षेत्र के प्रमुख गांवों में से एक है। इसके बावजूद शासन-प्रशासन की अनदेखी के चलते ग्राम काण्डेकेला के नागरिकों को प्रशासन ने भगवान भरोसे छोड़ दिया है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य के लिए कई बार शासन-प्रशान को लिखित और मौखिक शिकायत करने के बाद भी उनकी मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। गांव में न यहां अस्पताल है और न ही कोई मूलभूत सुविधाएं हैं। जिसके कारण ग्रामीणों को झोलाछाप डॉक्टरों के शरण में जाना पड़ता है। प्रशासनिक उदासीनता का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है ।

## ग्रामीणों को इलाज कराने जाना पड़ता है बाहर

मैनपुर ब्लाक के ग्राम काण्डेकेला एवं क्षेत्र के आस-पास के गांव में इस समय खराब मौसम के चलते सर्दी-जुखाम आम बात हो गई है, जिसका फायदा इलाज के नाम पर झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा उठाया जा रहा है। झोलाछाप डॉक्टर अपने बैग में चार-पांच डिब्बे में रंग-बिरंगी गोलियां रखते हैं और उसी से मरीजों का इलाज करते फिरते हैं और मरीजों की जान पर खिलवाड़ कर रहे हैं और कोई भी रोग हो ये डॉक्टर इन चार-पांच डिब्बों में रखी गोलियों से ही इलाज करने का दावा करते हैं और मरीजों को जरूरत हो या ना हो ग्लूकोज के नाम पर बोतल चढ़ाना पड़ेगा कह कर तुरंत बोतल लगा देते हैं और मनमानी रकम वसूलते हैं।

## चिकित्सा विभाग और झोलाछाप डॉक्टरों में सांठगांठ

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि चिकित्सा विभाग और झोलाछाप डॉक्टरों में सांठगांठ के चलते जानबूझर गांव में स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का प्रस्ताव बनाकर नहीं भेजा जा रहा है। जबकि सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि जहां स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं है वहां तुरंत प्रपोजल बनाकर भेजे जिससे जल्दी से जल्दी उस पर अमल किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी से झोलाछाप डॉक्टरों की मनमानी लगातार बढ़ गई है उनके हौसले इतने बुलंद हैं कि वे बेखौफ होकर ग्रामीणों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बिना डिग्रीधारी आठवीं फेल लोग यहां डॉक्टरी कर रहे हैं। जिन पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं शासन-प्रशासन ने आजतक कोई कार्यवाही नहीं की है। स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लाने ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगा चुके है लेकिन किसी ने आज तक सुध नहीं लिया काण्डेकेला गांव को स्वास्थ्य विभाग ने भगवान भरोसे छोड़ कर चैन की नींद सो रहा है।

# किसानों ने धान खरीदी केंद्र प्रभारी का किया सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली समिति अंतर्गत 26 जनवरी को धान उपार्जन केंद्र कनकेवा के धान खरीदी प्रभारी का सम्मान किया गया. खरीदी केंद्र प्रभारी राजू पटेल के नेतृत्व में खरीदी केंद्र कनकेवा में व्यवस्थित ढंग से खरीदी करने के लिए क्षेत्र के किसानों द्वारा राजू पटेल एवं उनके सहयोगियों का किया गया सम्मान। जिसमें ग्राम केन्दुढार, ग्राम कनकेवा बगईजोर, ग्राम प्रेतनडीह, लूकापारा, बरीहापाली लाखनपाली, मोखापुटका एवं ग्राम कौहाकुंडा के कृषक गण उपस्थित रहे।

# सतीश अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पर्व पूरे उत्साह उमंग के साथ मनाया गया। नगर के गोविंद चौक में छत्तीसगढ़ सरकार के निगम मंडल के सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सतीश अग्रवाल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सतीश अग्रवाल ने गणतंत्र पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सतीश अग्रवाल ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा व श्रेष्ठ संविधान हमारे देश का है जिसमें सभी धर्म जाति के लोगों का समान रूप से सम्मान अधिकार समाहित है आपसी प्रेम सद्भाव समरसता से सभी को बांधकर रखने वाला संविधान है आज का दिन उन महान नेताओं, वीर सपूतों को याद करने एवं नमन करने का है जिन्होंने आजादी दिलाने में अपना सर्वस्व निछावर कर दिया है आज हम उन्हें भी नमन करते हैं जिन्होंने इस देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि विज्ञान टेक्नोलॉजी उद्योग देश के संसाधनों को बढ़ाया हमें और हमारी आने वाली पीढ़ी को भी अपने संविधान का सम्मान करते हुए सम्मान बढ़ाते हुए कार्य करने की जरूरत है। अंत में उन्होंने सभी लोगों को गणतंत्र पर्व की बधाई दी। मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे। वहीं कांग्रेस भवन में कांग्रेस के सच्चे कार्यकर्ता हंसराज बंसल के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया।

# प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ने भाजपा कार्यालय में फहराया तिरंगा, स्वतंत्रता सेनानी व वीर शहीदों को किया नमन

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी मंडल कसडोल जिला बलौदाबाजार में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाजपा कार्यालय राम जानकी नगर कसडोल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती श्याम बाई साहू प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा एवं कृष्ण कुमार पटेल मंडल अध्यक्ष के करकमलों से ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ध्वजारोहण पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रीय गीत गायन किया साथ ही हमारे देश के महापुरुषों व वीर शहीदों को नमन करते हुए भारत माता के जयकारों से परिसर गूंज उठा। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में राजकुमार साहू भाजपा जिलामंत्री, एस. एस. ध्रुव जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा, संतोष वैष्णव सांसद प्रतिनिधि, डॉ सुदीप मानिकपुरी मंडल महामंत्री, डॉ पी. एल. टण्डन भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य अनुसूचित जाति मोर्चा, देवचरण पटेल पूर्व सदस्य छ. ग.पर्यटन मंडल, गणेश शंकर साहू जिला सह कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा, नागेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, जगदीश घृतलहरे मंत्री, समारू कैवर्त्य उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, सेवक धेनुसेवक महामंत्री किसान मोर्चा, ललित श्रीवास उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, विष्णु यादव पूर्व एल्डरमैन, सुकचंद विश्वकर्मा मंत्री किसान मोर्चा, फत्ते लाल गोड़ बूथ अध्यक्ष बोरसी, विमल वैष्णव पार्षद प्रतिनिधि, दुखीराम साहू, देवी दास मानिकपुरी, राजेन्द्र श्रीवास बुथ अध्यक्ष कसडोल, अशीम मिश्रा, सुखराम, रघुबहरा बूथ अध्यक्ष कसडोल, रामप्रसाद कैवर्त्य, दिलहरण मानिकपुरी, हृदय जायसवाल बूथ अध्यक्ष कसडोल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव के साथ गणतंत्र दिवस मना

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

समूचा भारत देश इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव के साथ ही साथ 26 जनवरी 2022 को 73वां गणतंत्र दिवस मना रहा है । इसी अवसर पर न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा परिसर में भी कोविड 19 गाइड लाइन का पूर्णतः पालन करते हुए गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया । पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुरूप चीफ मैन्युफैक्चरिंग अफसर अनंत महोबे ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली । इस अवसर पर उन्होंने अपने ओजस्वी उदबोधन में उपस्थित जनसमूह को 73वे गणतंत्र दिवस की बधाई दी तथा सयंत्र में सुरक्षित तथा समर्पित रूप से कार्य करते हुये सयंत्र तथा देश के विकास में महती योगदान देने हेतु अपील की । इस अवसर पर समस्त विभागाध्यक्ष, अधिकारी कर्मचारीगण तथा कामगार उपस्थित थे ।





# शकुंतला साहू ग्राम धौराभाठा में दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित हुई



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

ग्राम धौराभाठा के स्वर्गीय पुनीत राम साहू (शिक्षक)के दशगात्र कार्यक्रम में पहुंचकर शकुंतला साहू ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की, इस दुःखद अवसर पर जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा,अमृत साहू,सनत वर्मा ,हेमंत साहू ,चिन्ता राम साहू,शिवराज वर्मा,रामजी वर्मा,रामकुमार साहू,दिनेश साहू, शोकाकुल परिजन प्रेमचंद साहू,सुदर्शन साहू,राघवेंद्र साहू एवं स्नेही जन उपस्थित रहे।

# तेन्दुए के हमले से महिला घायल गरियाबंद जिला अस्पताल में भर्ती

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



ग्राम ऊंडा निवासी महिला के ऊपर तेंदूआ के हमले से महिला को गंभीर अवस्था मे गरियाबंद जिला अस्पताल लाकर भर्ती किया गया जहां उसका उपचार जारी है। घटना के विषय में घायल महिला का पति के द्वारा बताया गया कि जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर धवलपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत डुमरबाहरा का आश्रित ग्राम ऊंडा निवासी महिला हेमबाई गोंड गुरुवार के सुबह 10 बजे अपने घर की बॉडी में कार्य कर रही थी उसी दौरान एक तेंदुआ जंगल की ओर से आया और महिला के ऊपर हमला कर दिया जिससे महिला के सिर में गम्भीर चोट लगी । इस हमले से महिला के द्वारा हल्ला करने से नजदीक ही कार्य कर रहा महिला का पति दौड़ते हुए आया और उसके द्वारा भी चिल्लाने से तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया लेकिन महिला के सिर में गम्भीर चोट कर गया था। घायल महिला को उसका पति अपनी मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल लेकर आया जहा उसका उपचार जारी है । वही वन विभाग द्वारा महिला के उपचार के लिए परिजन को 1000 रुपये प्राथमिक सहायता राशि प्रदान किया गया।

## विधायक शर्मा ने नगर के विकास के लिए एकजुट प्रयास की बात कही

# नगर पालिका कार्यालय में चित्तावर जायसवाल ने किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर कार्यालय नगर पालिका में नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावार जायसवाल के द्वारा भारत माता की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। साथ ही नगर के नवीन शाला एवं महात्मा गांधी स्कूल में भी नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। नगर पालिका में आयोजित ध्वजारोहण के अवसर पर विधायक प्रमोद शर्मा उपस्थित थे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल के द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथिगण व पार्षदों का स्वागत अभिनंदन पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। विधायक प्रमोद शर्मा के द्वारा सम्बोधन में नगर के विकास एवं उन्नति के लिये एकजुट होकर सहयोग व प्रयास की बात कही गई। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावार जायसवाल के द्वारा अपने उद्बोधन मे गणतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुये नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के साथ ही समय पर करों का भुगातन कर नगर पालिका को सहयोग का संदेश दिया गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया, आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान पार्षद संकेत शुक्लाख् अमितेष नेताम, सतीष पटेल, मनजीत कौर सलूजा, कमल टण्डन, डिगेश्वरी नामदेव, पंकज मरैया (गोल्डी), जितेन्द्र महाले, क्रांति दिगम्बर साहू, रोहित साहू, कमल भारद्वाज, राजू सलूजा, रविन्द्र नामदेव, सहित अन्य गणमान्य नागरिक डॉ. दिनेश वर्मा, रोमी साहू, वासू ताम्रकार, आशीष वाकड़े, कृष्णा सेन, विधायक प्रतिनिधि कन्हैया सेन, पवन जायसवाल, कृष्णा द्विवेदी, सौरभ पटेल, दीपक वासनीक, आकाश सिंह, दीपक राय सहित नगर पालिका के कर्मचारीगण उपअभियंता, राकेश कुमार सोनी, मुगल किशोर साहू, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, कृष्णकांत कुर्रे, राजस्व प्रभारी राजेश यादव, गणेश राम पाड़े, सुरेन्द्र सोना, शतेन्द्र सिन्हा, प्रसुन शर्मा, भूनेश्वर साहू, अमित वर्मा, आनंद राठौर, एन.यू.एल.एम. की दीपिका डहरिया, प्रिती ठाकुर, समयपाल जय वर्मा, रामनरेश मतावले, तुलसी यादव, कुलेश्वर साहू, कैलाश सोनी, कृष्णा गेण्डरे, किशोर यादव, दीपक टण्डन, हितेश वर्मा, देवचरण मनहरे, विजय पाड़े, टिकेन्द्र द्विवेदी, गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# महंगाई भत्ता 14 प्रतिशत एवं सातवें वेतनमान, पाली क्लीनिक खोलने मंत्री को ज्ञापन सौंपा



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छ.ग. कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा जिला शाखा बलौदाबाजार के कर्मचारी अधिकारी साथियों द्वारा 26 जनवरी 2022 दिन बुधवार को दोपहर न्यू सर्किट हाउस बलौदाबाजार में माननीय उमेश पटेल उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण एवं प्रभारी मंत्री जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. को लंबित 02 सूत्रीय मांगो 14 प्रतिशत डीए, सातवें वेतनमान पर गृह भाड़ा दिया जाए एवं जिला बलौदाबाजार में आयुष पाली क्लीनिक खोलने, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा में आयुष विभाग में चिकित्सक/फर्मासिस्ट/औषधालय सेवक के रिक्त पदों को अतिशीघ्र भरने को लेकर को मंत्री जी ज्ञापन सौंपा गया। जिला/ब्लाक/तहसील के समस्त शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि 28 एवं 31 जनवरी को काली पट्टी लगाकर काम करेंगे। ज्ञापन सौपते वक्त डॉ. एल. एस. ध्रुव, वेदराम ध्रुव संतोष साहू, पी.के. हिरवानी दिनेश्वर साहू , राजू ध्रुव, योगेंद्र गेन्डरे प्रकाश तिवारी, अविनाश तिवारी आदि उपस्थित थे।

# 18 स्थानों में शान से लहराया तिरंगा, सलामी लेकर नीलांचल संस्थापक सम्पत अग्रवाल ने किया सन्देश वाचन

## सम्पत ने 08 स्थानों फहराया तिरंगा, राष्ट्रगान के साथ दी सलामी

पायनियर संवाददाता ➤ बसना
www.dailypioneer.com







नीलांचल सेवा समिति ने 73 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बसना विधानसभा के 18 सेक्टरों में एक साथ से तिरंगा झंडा फहराकर राष्ट्र पर्व बड़े धूमधाम मनाया गया। सभी 18 सेक्टरों मे नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक सम्पत अग्रवाल के मार्गदर्शन में 18 सेक्टर प्रभारियों, ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधि ने मिलकर प्रातः 08 बजे नीलांचल कार्यालय के सामने तिरंगा झंडा फहराया गया। तिरंगे को सलामी देने के पश्चात राष्ट्गान हुआ। 26 जनवरी के अवसर पर सम्पत अग्रवाल ने नीलांचल भवन में सेक्टर प्रभारी कामेश बंजारा, भगत सिंह वार्ड में डेनियल पीटर, अग्रसेन वार्ड में किशन अग्रवाल, पंडित दिन दयाल वार्ड में शीत गुप्ता, एवं नगर पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र साहू एवं उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने गुरूघासी दास वार्ड, बसना के हृदय स्थल गांधी चौक समेत 08 स्थानों में श्री अग्रवाल ने तिरंगा झंडा फहराया। इस दौरान साथ मे मीडिया सलाहकार जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, नीलांचल सह प्रभारी विकास वाधवा, मलकित सिंह, आकाश सिन्हा, आबिद खान, अमृत चौधरी, अजय पटवा, मलकीत सिंह, भरत अग्रवाल, वीरू गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, बाहद्दर अली, राहुल गजेंद्र, अमीन खान, अब्दुल रड़ाक खान समेत नीलांचल के सदस्य उपस्थित रहे। अग्रवाल ने अंचलवासियो को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए संविधान निर्माण डॉ. भीमराव अम्बेडकर व अमर शहीदों को, देश निर्माण के अमर विभूतियों को नमन करते हुए वैश्विक महामारी कोरोना में असमय प्राण गवांए मृतात्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल ने नीलांचल सेवा समिति के उद्देश्यों एवं कार्यक्षेत्रों से अवगत कराते हुए कहा नर सेवा ही नारायण सेवा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उचित सहयोग नीलांचल के द्वारा किया गया। जिसमें करीब 15 हजार लोगों को चिकित्सीय सुविधा लाभ मिला। कोरोना के दोनो चरणों में और अभी जारी तीसरी लहर मे अत्याधुनिक सुविधा से लैस एम्बुलेंस के माध्यम से जरूरतमंदों को निःशुल्क सुविधाएं है। खेल के क्षेत्र में आंचलिक खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कराने में प्रयासरत है। इनदिनों बसना के बेटियों ने इंटनेशनल कराते चैंपियनशिप में 7 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक, 12 कास्य पदक समेत 21 पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाने में नीलांचल सेवा समिति ने अमूल्य योगदान दिया है।

**व्यापारी महासंघ के कार्य म में पहुंचे सम्पतः** व्यापारी महासंघ के तत्वधान में 73 वें गणतंत्र दिवस कार्य म वाधवा काम्प्लेक्स के समाने हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्य म में मुख्य अतिथि नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत बसना के पूर्व अध्यक्ष सम्पत अग्रवाल ने %तिरंगा ध्वज% फहराया और व्यापारी गण को राष्ट्र के पावन पर्व गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस दौरान व्यापारी संघ के अध्यक्ष जय नारायण अग्रवाल, कपड़ा व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष किशोरी अग्रवाल, राइस मील संघ के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, सोनू श्रीवास्तव, गिरीश नामदेव, फिरोज बाग?िया, एहसान दानी, रितेश अग्रवाल, मुस्ताक खान, जसपाल वाधवा, गोल्डी वाधवा, मंजीत सिंह छाबड़ा, जयभगवान अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

**18 स्थानों में लहराया तिरंगाः** पिथौरा में प्रेस क्लब के अध्यक्ष रजिंदर खनूजा, सतप्रीत सिंह सलूजा, सांकरा में सोनू छबड़ा, पिरदा में उत्तर पटेल, बंसुला में उपेंद्र साव, भगतदेवरी में किरण पटेल, गढ़फुलझर में खोलबाहरा निराला, कुरचुण्डी में भोजकुमार साव, सिंघनपुर में चमरा स्वर्णकार, धानापाली में कमलध्वज पटेल, बिजराभांटा में संतलाल नायक, किशनपुर में सतीश प्रधान, लाखागढ़ में वेदराम कोसरिया एवं सुखीपाली में कन्हैया प्रधान पथरला में बिरेन्द्र प्रधान, सलडीह में संतोष मांझी, परसवानी में प्रमोद प्रधान एवं छिबर्रा में चमन सेन ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यालय के सम्मुख सादगी पूर्वक हर्षोल्लास के साथ तिंरगा ध्वज फहराया। सभी सेक्टर प्रभारियों ने नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक सम्पत अग्रवाल का संदेश वाचन किया। जिसके बाद जगह-जगह मिठाई एवं बच्चों को बूंदी बांटी गई।

## 73वे गणतंत्र दिवस मे ध्वजा रोहण हिन्दू शिव शक्ति समिति के अध्यक्ष जयराम साहू ने किया




पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

73वे गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कोविड 19 दिशा निर्देश का पालन करते हुए हिन्दू शिव शक्ति समिति द्वारा गर्व के साथ ध्वजा रोहण हनुमान गार्डन के सामने चौक मे फहराया गया एवं समिति के द्वारा कोरोना काल मे जो हमारे ग्राम के हास्पिटल के डाक्टरों ने अपने जान पर दाव लगाकर सेवा दिया ऐसे डाक्टरों को नमन करते हुए बेच लगाकर श्री फल से सम्मान किया गया साथ ही गांव के बे साहारा बुजुर्गो को कम्बंल वितरण कर सम्मानित किया गया एवं कोरोना काल से हमेशा हमें सुरक्षा देने वाले पुलिस के जवान चौकी प्रभारी को भी बेच एवं श्री फल से सम्मान किया गया जिसमें समिति के अध्यक्ष जयराम साहू ने अपने उद्बोधनों देते हुए कहा की हमें गर्व है की हम आज कोरोना जैसे महामारी से बचकर आज गणतंत्र दिवस मना रहे हैं ईनका योगदान हमारे देश के सभी डाक्टरों पर जाता हैं जिन्होंने अपने जान पर बाजी लगाकर हमें सुरक्षित रखा ऐसे सभी देश के डाक्टरों को मेरा सादर नमन साथ ही कोरोना का तिसरा लहर से सभी को बचकर रहने एवं बेवजह घर न निकलने एवं भीड़ की जगह पर न जाने एवं मास्क जरूर लगाने का आग्रह किया जिसमें समिति के सरक्षंक रामतार निषाद ने मंच संचालन किया समिति के सरक्षंक बाबू राम यादव।शुशील यादव।बंद्री तिवारी।ओपी वर्मा। जगदीश यादव। उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी।दिलीप श्रीवास्तव।सचिव गणेश श्रीवास ।कोषाध्यक्ष कृष्ण साहू।सदस्य गण संतोष साहू।दुर्योधन पाली।मनोहर साहू।रोहित गोस्वामी।मनोहर साहू।पवन केशरवानी।संतोष साहू।बाली वर्मा। राजकुमार मेश्राम।रमेश्वर गोस्वामी।एवं सभी सदस्यों एवं ग्राम वासी का उपस्थिति मे यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## कोविड-19 के मुश्किल दौर में सराहनीय कार्य करने वाले 85 कर्मचारियों को संसदीय सचिव यु.ड़ी. मिंज ने किया सम्मानित



### कहा मुश्किल समय में आपने जान की चिंता न कर अपना कर्तव्य जिम्मेदारी के साथ निभाया, इसकी प्रशंसा करता हुँ

**जशपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज कोविड महामारी के समय क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ बेहतर सेवाएं देने वाले कुनकुरी विधानसभा के 85 अधिकारियों, कर्मचारियों को समर्पित भाव से अपनी ड्यूटी निभाने वाले कर्मचारियों को कुनकुरी विधानसभा के विधायक एवं संसदीय सचिव युड़ी मिंज ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौड़े पर संबोधित करते हुए संसदीय सचिव यु.ड़ी. मिंज ने कहा कि आपके संवेशीलता के कारण कोविड महामारी के समय में आपके द्वारा उल्लेखनीय कार्य की हम सरहाना करते है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के मुश्किल दौर में विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पूरी शिद्दत के साथ काम किया गया और स्थिति सामान्य होने पर काम के बढ़ते बोझ को भी बढ़े योजनाबद्ध तरीके से निपटाया गया, जिसके लिए सभी प्रशंसा के पात्र है।

## 73 वाँ गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में ध्वजारोहण



**बेमेतरा।** 73 वाँ गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में धर्मेन्द्र सिंह पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उन्होने अधिकारियों/कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रशिक्षु भापुसे पूजा कुमार, अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रामकुमार बर्मन, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, मुख्य लिपिक हरिओम विश्वकर्मा, एसआरसी लिपिक लुमेश देवांगन, सत्यापन लिपिक महेन्द्र भुवार्य, वेतन लिपिक संतोष सोनवानी, कंटीजेंसी लिपिक प्रदीप देशमुख, आवक-जावक प्रभारी दीपक, रिकार्ड प्रभारी प्रणीव लोहले, शिकायत शाखा प्रभारी निरीक्षक चिन्दुराम ठाकुर, डीएसबी प्रभारी जहीर खान, सउनि अरविन्द्र शर्मा, एसपी रीडर सउनि विनोद शर्मा, प्रआर. सुरजभान सिंह, प्रआर. ताम्रध्वज देशमुख, कन्हैया शर्मा, प्रआर. एश्वर्य सिंह क्षत्रीय, घनश्याम साहू, रविन्द्र तिवारी, आरक्षक कौशल शर्मा, विश्राम साहू, अंश प्रताप सिंह, यशपाल राजपूत, वि म सिंह, वाजिद खान, युगांत साहू, अखिलेश क्षत्रीय, राजेश ध्रुव, राजकुमार भास्कर, अभिषेक सिंह, देवेन्द्र सिन्हा, म.आर. भारती राजपूत, म.आर. (एम) राही यादव, प्रियंका सिंह, द्रोपति ठाकुर एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

## 5 माह से फरार पशु क्रूरता मामले के आरोपी को गिरफ्तार करने मे बोडला पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



घटना जरिये मुखबिर सूचना मिली की जंगल के रास्ते से कुछ व्यक्तियों द्वारा मवेशी भैस भैसा को हाँकते हुए पैदल क्रूरता पुर्वक एक राज्य से दुसरे राज्य ले जाने की सूचना पर हमराह स्टाफ के बैजलपुर नाला जंगल के पास घेराबंदी किया गया जहाँ 06-07 व्यक्तियों द्वारा मवेशियों को क्रूरता पूर्वक एक राज्य से दूसरे राज्य कत्लखाना ले जा रहे थे। मौके पर सुरेश दास मानिकपुरी को पकड़कर थाना लाया गया अन्य 06 आरोपी जंगल व अन्धेरा का फायदा उठाकर भाग गये जिस पर थाना बोडला में अपराध क्रमांक 190/2021 धारा 4,6,10,11 छग कृषि पशु परि अधिनियम 2004, व पशु क्रूरता अधि 1960 के तहत अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया व आरोपी सुरेश मानिकपुरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था पुलिस अधीक्षक महोदय डॉक्टर लाल उमेंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगदीश राम उइके के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बोडला रमाकान्त तिवारी के कुशल नेतृत्व मे शेष फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतू प्रयास किया गया था। विवेचना के दौरान फरार आरोपी 01 धरम पिता शुक्लाल टेकाम 32 साल, 2 बिन्द्कुमार, 3 तारेन्द, 4 घनश्याम टेकाम सभी निवासी ग्राम मनौरी थाना मोतिनाला जिला मण्डला मध्यप्रदेश व गुड्डा खान निवासी बोड़ला को सभी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। बाद प्रकरण के फरार एक अन्य आरोपी अनुराग उर्फ अनुराज मेरावी का जरिये मुखबिर की सूचना मिलने पर की आरोपी मोतीनाला व मण्डला थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लुकछिप कर रह रहा है। सूचना पर फरार आरोपी को मनौरी मध्यप्रदेश से हिरासत मे लेकर थाना बोडला लाया गया जिसके द्वारा घटना दिनांक को अपराध घटित करना स्वीकार करने से गिरफ्तार कर न्यालय कबीरधाम मे पेश किया गया है।

## जिला GPM के पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं कैम्प कार्यालय में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने किया ध्वजारोहण



**पेण्ड्र।** 73 वें गणतंत्र दिवस के प्रातः बेला में जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के साल वृक्षों से आच्छादित दत्तात्रेय कालोनी स्थित पुलिस अधीक्षक कैम्प कार्यालय में प्रातः 7.30 बजे एवं गुरुकुल प्राँगण स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 8.00 बजे जिले के पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के द्वारा राष्टध्वज फहराया गया। इस दौरान जिला पुलिस बल के जवानों द्वारा तिरंगे झंडे को सलामी दी गई और शानदार बैंड की धुन पर राष्टगान गाया गया। तदोपरांत 8.45 बजे जिला स्तरीय परेड में जिलेवासियों की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक के तौर पर सलामी लिये। पुलिस अधीक्षक ने सभी को आपस मे समन्वय स्थापित कर व एकजुट होकर कार्य करने तथा हर क्षेत्र में अनुशासित रहने को कहा।

## महर्षि वाल्मिकी समाज ने किया सौजन्य भेंट

**रायपुर।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के छत्तीसगढ़ इकाई के प्रतिनिधिमंडल द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवम अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल के माननीय अध्यक्ष, सुशील सन्नी अग्रवाल जी से सौजन्य भेंट किए। भारत के प्रथम महाकाव्य रामायण के रचियता महर्षि वाल्मिकी को नमन करते हुए अग्रवाल ने कहा की छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम विभाग के अंतर्गत श्रमिक हित में विभिन्न जन हितैषी योजनाएं लागू की गई है, जैसे भगिनी सहायता योजना, ई रिक्शा सहायता योजना, नौनिहाल छात्रवृति सहायता योजना एवम 73वें गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा घोषित नोनी सशक्ति करण सहायता योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महर्षि वाल्मिकी समाज के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए अग्रवाल जी ने कहा की इन योजनाओं का लाभ लेकर हमारे प्रदेश के श्रमिक भाई स्वालंबी बनकर स्वयं एवम समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार पिछड़े, दलित, किसान एवम गरीब हितैषी सरकार है तथा उनके सर्वांगीण विकाश हेतु सदैव प्रयासरत है। उक्त बैठक में अखिल भारतीय महर्षि वाल्मिकी महासभा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संजय डागोर, प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन डागोर, प्रदेश प्रवक्ता संदीप डागोर एवम समाज के गणमान्य जन उपस्थित रहें।

## भारतीय स्टेट बैंक लवन में आन बान शान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा

**लवन।** नगर पंचायत लवन स्थित भारतीय स्टेट बैंक लवन में भी हर्षोल्लास के साथ आजादी का गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मना। इस मौके पर शाखा प्रबंधक ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया, और तिरंगा को सलामी दिया एवं सभी कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं भी दिये। इस मौके पर बैंक के कैशियर देवेंद्र, कर्मचारियों में भारत कुर्रे, मनोज वर्मा, फिरत सांडे, सोनवानी सहित बैंक स्टाफ मौजूद थे।



## आद्या हॉस्पिटल कसडोल में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न हुआ



**लवन।** बलौदाबाजार जिला मुख्यालय के नगर पंचायत कसडोल के सुप्रसिद्ध आद्या हॉस्पिटल में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हॉस्पिटल के संचालक वरिष्ठ सर्जन डॉ. आर एस जोशी के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व की बधाई सभी हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को दिये। इस मौके पर हॉस्पिटल के प्रसिद्ध एवं कुशल सर्जन डॉ दिव्याकर, महिला चिकित्सक डॉ नीता दिव्याकर, स्टॉफ में उद्धव साहू, माधुरी साहू सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रहा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में खंड चिकित्साधिकारी डॉ. ए एस चौहान द्वारा ध्वजारोहण किया गया

**लवन।** गणतंत्र दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में बी एम ओ डॉ अंजान सिंह चौहान ने ध्वजारोहण किया। राष्टगान के साथ कार्यक्रम की शुरआत किया गया सभी अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में विकास खंड में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए स्टाफ मितानिन मितानिन प्रशिक्षक को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ ए एस चौहान डॉ सी एस पैकरा डॉ एस के दिब्याकर सर्जन डॉ मनीष श्रेय डॉ. जीतेश देवांगन एवम् समस्त स्टाफ उपस्थित थे।




## विगत दस वर्षों से दहेज के लिए पति एवं परिवार वालों द्वारा शारिरिक एवं मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने वाले आरोपियों को बोड़ला पुलिस के द्वारा किया गया गिरफ्तार




**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के थाना बोड़ला क्षेत्र की प्रार्थीया के द्वारा दिनांक- 25/01/2022 को थाना उपस्थित आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई की मेरा विवाह 10वर्ष पूर्व ग्राम तिलाईभाट निवासी प्रकास जोशी के साथ हुआ था। शादी के 01वर्ष के बाद से ही मेरे पति प्रकाश जोशी, एवं मेरी सास, ससुर, गुलाबा बाई, हरीश दास, कुमारी बाई, जगमोहन दास, शयाम दास,साहेब दास, मायके से दहेज नही लाये हो कहकर एक राय होकर मुझे शारिरीक एवं मानसिक रूप से दहेज के लिए प्रताड़ित कर पति प्रकाश जोशी व परिवार के सदस्यों द्वारा मारपीट किया गया है। की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक- 24/2022 धारा- 498 ,323,34 भ.द.वी. पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। महिला सम्बन्धी अपराध होने से त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर, तथा अनुविभागीय अधिकारी जगदीश उइके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडला रमाकात तिवारी के कुशल नेतृत्व में बोड़ला थाना पुलिस के द्वारा प्रकरण के आरोपिगण, 01.प्रकाश जोशी, 02.गुलाबा बाई, 03.हरीश दास, 04.कुमारी बाई, 05.जगमोहन दास,06.श्याम दास, 07.साहेब दास सभी निवासी ग्राम तिलाईभाट थाना बोडला जिला कबीरधाम से पूछताछ पस्चात साक्ष्य सबूत के आधार पर अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपिगणो के विरूध विधिसंगत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर माननीय न्यालय कबीरधाम में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक उप.निरीक्षक राजेशवरी ठाकुर, प्रधान आरक्षक सोभनाथ मेरावी, प्रधान आरक्षक नरेंद्र नेताम, आरक्षक पुरुषोत्तम वर्मा,आरक्षक नन्कू मेरावी,आरक्षक जावेद खान, रतिराम यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# जनघोषणा पत्र में शामिल पुरानी पेंशन बहाली का वादा पूरा करें सरकार

पायनियर संवाददाता ➤ पेण्ड्रा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय अध्यक्ष बी पी सिंह रावत जी के नेतृत्व में NOPRUF छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर में धरना प्रदर्शन, सभी प्रदेश संयोजक के नेतृत्व में बिलासपुर में सम्मेलन, जिला स्तरीय बाइक रैली, ज्ञापन, ops की मांग हेतु वृक्षारोपण, सामूहिक उपवास, nps का दहन, ops रंगोली, दीप प्रज्वलन कर ops की मांग , nps काला दिवस, मुख्यमंत्री को टैग कर लगातार ट्विटर अभियान आदि के माध्यम से सरकार तक पुरानी पेंशन बहाली की मांग को पहुंचाया जा रहा है, इसी क्रम में 1 फरवरी 2022 को पोस्टर के माध्यम से ट्विटर अभियान चलाया जाएगा।

26 जनवरी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा राज्यांश राशि को 10 प्रतिशत से बढाकर 14% किए जाने की घोषणा की गई है, जबकि केंद्र सरकार द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों को 14% केन्द्रांश राशि पूर्व से देय है, nps हेतु केंद्र में 14% केन्द्रांश राशि तय किया है। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, लैलूंन भारद्वाज, रोहित तिवारी, तुलसी साहू, निर्मल साहू , डॉ रवि बंजारे, एस पी देवांगन, बी बी जायसवाल, राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी बसंत चतुर्वेदी, राजेश शर्मा ने कहा कि NOPRUF छत्तीसगढ़ की मांग 14% राज्यांश नही बल्कि जनघोषणा पत्र में शामिल पुरानी पेंशन बहाली की मांग है, सरकार को जनघोषणा पत्र के अनुसार पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा शीघ्र करना चाहिए।

NOPRUF छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन लेने वाले नेता nps में 14% राज्यांश के लिए आभार जता रहे है, वे मजे से पुरानी पेंशन ले रहे है और 14% राज्यांश के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताकर नई पेंशन योजना का समर्थन कर रहे है, ये वही नेता है जो 14% महंगाई भत्ता के लिए हड़ताल करते है और खुद मुख्यमंत्री से मिलकर 5% देने की बात पर माला पहनाकर कर्मचारियों के महंगाई भत्ता को शासन के पास गिरवी रखते है, जिन्हें पुरानी पेंशन मिल रहा है वे अन्य nps कर्मचारियों के पुरानी पेंशन की मांग न कर नई पेंशन का समर्थन करते है, यह बड़ा हास्यास्पद व nps कर्मचारियों की मांग का मजाक है। आज देश का सबसे बड़ा मुद्दा पुरानी पेंशन बहाली की मांग बन चुका है पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में एनपीएस कार्मिक एवं परिवार जन मित्र जनों की निर्णायक भूमिका रहेगी, अब एनपीएस कार्मिक अपने बुढ़ापे के सहारे के लिए सजग हो चुका है, आर पार की लड़ाई के लिए तैयार है, एक तरफ विधायक, सांसद मात्र एक दिन के कार्यकाल में भी पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे हैं वही दूसरी तरफ सरकारी कर्मचारी जीवन के तीस वर्ष, पैंतीस वर्ष सरकारी सेवा में समर्पित करता है, उसको एनपीएस बाजार आधारित पेंशन देय है, जो कि कार्मिकों के लिए लाभकारी नही है, बल्कि दुखदाई है जिसका हम लगातार विरोध कर रहे हैं। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई हेतु शिक्षक, लिपिक, पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व अधिकारी, प्राध्यापक व महाविद्यालयीन अधिकारी, स्वस्थ्य कर्मचारी, सीएसईबी, सभी विभाग के कर्मचारी NOPRUF में एकजुट हो चुके है। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा छत्तीसगढ़ में प्रदेश के बड़े -बड़े कर्मचारी संघ के संजय शर्मा - छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, वीरेंद्र दुबे - शालेय शिक्षक संघ, लैलूंन भारद्वाज - क्रांतिकारी शिक्षक संघ, रोहित तिवारी - छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ, तुलसी साहू - प्रदेश पंचायत सचिव संघ, निर्मल साहू - राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़, डॉ रवि बंजारे - छत्तीसगढ़ शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक एवं अधिकारी संघ, एस पी देवांगन छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, बी बी जायसवाल सीएसईबी डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन शमिल है जिससे पुरानी पेंशन बहाली हेतु मोर्चा सबसे मुख्य भूमिका में संघर्षरत है।

NOPRUF के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी बसंत चतुर्वेदी, प्रदेश सह संयोजक सुधीर प्रधान, वाजिद खान, हरेंद्र सिंह, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता, डॉ कोमल वैष्णव, मनोज सनाढ्य प्रांतीय कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारीक ने कहा है कि आने वाले समय मे समस्त कर्मचारियों को एकजुट कर सरकार को जनघोषणा पत्र में किये गए।

## कलेक्टर ने दृष्टिबाधित दिव्यांग ईशु को स्मार्ट फोन प्रदान किया



**बेमेतरा।** जिला बेमेतरा के विकासखण्ड बेरला अन्तर्गत ग्राम खर्रा निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग ईशु वर्मा पिता बद्रीप्रसाद वर्मा कलेक्टर से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराने हेतु जिला कार्यालय कलेक्टोरेट बेमेतरा पहुंचे और दिव्यांगजनो हेतु संचालित विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाने की गुहार लगाई एवं दिव्यांग द्वारा अवगत कराया गया कि उसके पास स्वयं का स्मार्ट फोन नही है। वह अपने दोस्त के स्मार्ट फोन का उपयोग करता है, जिससे उसको ऑनलाईन पढ़ाई करने में कॉफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने आज ग ुरुवार को दिव्यांग की पीड़ा को समझते हुए तत्काल ईशु वर्मा को समाज कल्याण विभाग द्वारा स्मार्ट फोन प्रदाय करवाया, साथ ही जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी आर के वारे द्वारा 2 हजार रू. की आर्थिक मदद किया गया। दिव्यांग ईशु आर्थिक रूप से सक्षम नही होने के कारण स्मार्ट फोन नही खरीद पा रहे थे। ईशु वर्मा को मुंहमांगी मुराद पुरी होने (समार्ट फोन मिलने) पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए जिलाधीश एवं उप संचालक समाज कल्याण विभाग बेमेतरा को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिससे उसकी चेहरे पर मुस्कान के साथ स्मार्ट फोन चला पाने की खुशी झलक रहा था। इस मौके पर एस.डी.ओ. पुलिस विभाग राजीव शर्मा, उप संचालक समाज विभाग अजय कुमार गेड़ाम उपस्थित थे।

## संपादकीय

# चुंबन पर विवाद शेट्टी-गेरे मामला

**आज** जब हम भारतीय गणतंत्र की 73वीं वर्षगांठ मना चुके हैं, क्या हम स्वतंत्रता और नायकत्व से थोड़ा अलग हट कर स्वयं से यह सवाल पूछ सकते हैं कि चुंबन के मामले में हमारा क्या दृष्टिकोण है? यह बात मुंबई की एक अदालत ने पूछी जब उसने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी व हालीवुड अभिनेता रिचर्ड गेरे के चुंबन संबंधी एक मामले का निपटारा किया। 2007 में एड्स जागरूकता प्रोत्साहित करने वाले एक आयोजन में गेरे ने अचानक शेट्टी का हाथ चूम लिया था। इसके बाद उन्होंने जल्दी से उनको गले लगा लिया और उनको पीछे की ओर थोड़ा झुका दिया। बाद में उन्होंने बताया कि यह उनकी मूवी 'शैल वी डांस' का एक डांस है और उनको गाल पर चूम लिया। इस पर बहुत से भारतीय गुस्सा थे। उन्होंने इसे अशोभनीय बताया। उन्होंने शेट्टी पर भी आरोप लगाया कि उन्होंने चुंबन पर आपत्ति नहीं की। उन्होंने दोनों के खिलाफमामला दर्ज करा दिया। उनके खिलाफमामला फौरन खारिज हो गया। गेरे ने यह कहते हुए माफी मांग ली कि उनका कोई बुरा इरादा बिल्कुल नहीं था। लेकिन शेट्टी के खिलाफ मामला चलता रहा और यह उनके गले में लटके पत्थर जैसा हो गया। चुंबन पर आपत्ति न करने के कारण उनको षडयंत्रकारी या अपराध उकसाने वाला कहा गया। भारी बोझ से लदी भारतीय न्यायिक प्रणाली को यह मामला 'निपटाने' में इतने साल लग गए। उसने कहा कि यह 2007 में ही स्पष्ट था कि उनको बरी कर दिया गया है। इस मामले को उसी दिन खारिज कर दिया जाना चाहिए था, लेकिन यह इतने साल चलता रहा। पीछे की ओर नजर डालें तो सवाल उठता है कि हम 2007 में किस चीज से चिन्तित थे? इसका जवाब देना आसान नहीं है क्योंकि हम प्रेम संबंधी वास्तविक व आभासी घटनाओं पर विचार करते समय अपनी संवेदनशीलताओं को उनमें मिला देते हैं। पहले हम इनका विरोध करते हैं, और बाद में आनन्द उठाते हैं।

याद करें जब अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे ने मुंबई में 1980 में प्रिंस चार्ल्स को चूम लिया था? इस पर कट्टरपंथियों ने कई दिन शोर मचाया था। क्या शबाना आजमी को कट्टरपंथी मुसलमानों का गुस्सा उस समय नहीं झेलना पड़ा था जब नस्लवाद-विरोधी नायक नेल्सन मंडेला ने केपटाउन के एक आयोजन में 1993 में उनको चूम लिया था? उस समय कोई सोशल मीडिया नहीं था नहीं तो इसके विजुअल उसी तरह वाइरल हो जाते जिस प्रकार 2016 में गिरिजा श्रीनिवास के वीडियो वाइरल हुए थे। इस पंचायत सदस्य ने कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को चूम लिया था। क्या हम व्यावहारिक या कट्टरपंथी हैं कि चुंबन के ये मामले हमें झकझोर देते हैं। याद करें कि 1930 के दशक में भारतीय सिनेमा की प्रथम महिला देविका रानी द्वारा कर्मा में हिमांशु राय के साथ गहन चुंबन दृश्य देने पर क्या प्रतिक्रिया हुई थी। बालीवुड ने सुनिश्चित किया कि हमारी बातचीत आधुनिकता के नाम पर इस सीमा तक न गिरे कि फिल्मों में चुंबन के दृश्य नियमित रूप से दिखें। बॉबी ने दर्शकों को उत्तेजित किया, सत्यम शिवम् सुंदरम ने उनको उत्तेजित किया और यही काम धूम2 ने किया। राजा हिंदुस्तानी ने पारिवारिक फिल्मों में चुंबन की शुरुआत की। हे राम नामक फिल्म में भी ऐसा दृश्य था। यदि अधिकांश भारतीय दर्शकों ने नहीं तो भी बालीवुड ने निश्चित रूप से लगातार बदलते संबंधों पर ध्यान दिया है। शबाना आजमी और नंदिता दास ने फायर में लेस्बियन प्रेम प्रदर्शित किया था। साकिब सलीम ने बांबे टाकीज़ में रणदीप हुड्डा के ओठों पर चुंबन किया था। चुंबन प्रेम की अभिव्यक्ति है। प्रत्येक चुंबन का संबध यौनिकता से होना जरूरी नहीं है, यह सभ्य व सहज भी हो सकता है। यदि फिल्मों की हर बात पर गुस्सा होने वाला सेंसर बोर्ड चुंबन दृश्यों की अनुमति दे सकता है तो हमें पूर्वाग्रही या अत्यधिक आलोचनात्मक होना उचित नहीं है।

# आयकर का विकल्प खर्च पर टैक्स

## यदि आयकर समाप्त कर केवल कार्पोरेट टैक्स जारी रखा जाए, जैसा कि कुछ देशों में है तो इससे बड़े पैमाने पर हेराफेरी की संभावना पैदा होगी।



**सुभाष चंद्र पांडेय**
(लेखक केंद्र सरकार के पूर्व विशेष सचिव हैं)




अगले वित्त वर्ष का बजट आने वाला है और गुलाबी प्रेस इस समय टिप्पणियों व सुझावों से भरा है। वैश्विक महामारी के बाद आर्थिक बेहतरी की उम्मीदें बहुत हैं। कुछ लोगों के लिए बजट का अर्थ टैक्स लगाने, खासकर व्यक्तिगत आयकर से है। आम शिकायत है कि निश्चित आय वाले वेतनभोगी व पेंशनधारक वर्ग को आयकर का बोझ उठाना पड़ता है, जबकि अनिश्चित आय वाले पेशेवरों व बिजनेसों को काफी कानूनी लूपहोल मिलते हैं जिससे वे आयकर अदा करने से बच जाते हैं। कुछ ऐसे लोग भी हैं जो आय पर टैक्स लगाने के विचार के ही खिलाफ हैं क्योंकि इससे कम खर्च करने और अधिक खर्च करने वालों पर समान रूप से बोझ पड़ता है और वास्तव में बचत हतोत्साहित होती है। इस दिलचस्प बहस को विभिन्न प्रकार से देखा जा सकता है। 10 जनवरी, 2021 की विस्तारित अंतिम सीमा तक वित्त वर्ष 2019-20 में 5.95 करोड़ रिटर्न फाइल किए गए। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 29 दिसंबर, 2021 तक पांच करोड़ से अधिक आईटीआर फाइल हुए थे। इस प्रकार 130 करोड़ की कुल जनसंख्या में से केवल 1.46 करोड़ ही वास्तव में 2019-20 वित्त वर्ष के लिए टैक्स दे रहे थे। 2017-18 में फाइल 5.87 करोड़ आईटीआर में से 5.53 करोड़ व्यक्तिगत करदाता, 11.3 अविभाजित हिंदू परिवार, 12.7 लाख फर्म तथा 8.4 लाख कंपनियों से थे। 51.33 लाख करोड़ की सकल आय में बिजनेस का हिस्सा 24.37 लाख करोड़ तथा वेतन-पेंशन आय का 20.04 करोड़ था।

कर योग्य वेतन व पेंशन के रिटर्न 15.55 लाख करोड़ थे जिनका कर दायित्व लगभग 3.95 लाख करोड़ था। वेतन-पेंशन आय आयकर का एक बड़ा हिस्सा है, पर इसका वर्चस्व नहीं है। 2018-19 में कुल आयकर प्राप्ति 11.37 लाख करोड़ थी जिसमें से केवल कंपनियों ने 6.64 लाख करोड़ का भुगतान किया था। ऐसे में यह तर्क सही नहीं ठहरता कि वेतन-पेंशन आय की तुलना में बिजनेस व पेशेवर आय से ज्यादा करापवंचन होता है। बड़े खर्च की निगरानी कर करापवंचन रोकने के प्रयास जारी हैं और विदेश यात्रा, बिजली उपभोग, आदि से उच्च उपभोग का पता चलता है। पैन- आधार जोड़ने के बाद कर अधिकारी ज्यादा उपभोग और निवेश का पता आसानी से लगा लेते हैं। क्या खर्च पर टैक्स से 11 लाख करोड़ से अधिक धनराशि मिल सकती है जिससे खर्च पर टैक्स लगाया जा सके? वर्तमान मासिक जीएसटी संग्रह 1.3 लाख करोड़ है जो वार्षिक संग्रह के रूप में 15.6 लाख करोड़ से अधिक हो सकता है।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि कर संग्रह को ज्यादा सक्षम व समतापूर्ण बनाने के लिए आय पर कर लगाया जाए या खर्च पर लगाया जाए? एक व्यक्ति का खर्च दूसरे की आय होता है और इसका उलट भी सही है। चाहे आप कर्मचारी के वेतन पर टैक्स लगाएं या सेवायोजक के वेतन खर्च पर, इसका प्रभाव समान होगा। जैसे कि कर अधिकारियों के लिए कुछ आय का पता लगाना कठिन होता है, उसकी तरह कुछ खर्च भी हैं। कुछ लोगों की आय बड़े हिस्सों में होती है, जबकि अन्य की छोटे-छोटे टुकड़ों में। कुछ खर्च बड़े होते हैं, जबकि अन्य छोटे-छोटे भुगतानों के रूप में। ऐसे में यह तय करना होगा कि खर्च पर टैक्स खर्च के किस वर्ग पर लगाया जाए।

थामस हाब्स ने सत्रहवीं शताब्दी में ही आय के बजाय खर्च पर टैक्स लगाने का सिद्धान्त पेश किया था। उनका विचार था कि कम खर्च करने वालों और अधिक खर्च करने वालों पर समान आय कर लगाना अनुचित है। कुछ अर्थशास्त्रियों ने बचत को टैक्स से बाहर रखने का प्रस्ताव किया है, पर किसी औद्योगिक देश ने कभी खर्च पर टैक्स लागू नहीं किया। कैंब्रिज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर निकोलस कालडर ने 1955 में खर्च पर टैक्स की मजबूत पैरवी की। उनका प्रस्ताव था कि ब्रिटेन में ज्यादा आयकर देताओं पर लगने वाले सरटैक्स की जगह खर्च पर टैक्स हो सकता है। भारत और सीलोन ने कुछ साल तक खर्च पर टैक्स का कालडर का सुझाव कुछ साल लागू किया, पर अंततः इसे 1966 में छोड़ दिया गया। यह टैक्स कालडर के सुझावों से अलग था और इससे मिलने वाले थोड़े राजस्व पर प्रक्रिया व प्रशासन का खर्च अधिक था। भारत में बहुत सीमित क्षेत्र में 1987 में खर्च पर टैक्स पुनः शुरू करने पर कालडर पर फिर ध्यान गया। खर्च टैक्स कानून के अनुसार, उच्चस्तरीय होटल को किए जाने वाले भुगतान पर 10 प्रतिशत खर्च टैक्स लिया गया जिनके कमरे का किराया 3,000 रुपये प्रतिदिन से अधिक था। खर्च पर टैक्स के पैरोकारों का मानना है कि आयकर का बोझ वेतनभोगी-पेंशनर वर्ग पर अधिक पड़ता है और आयकर समाप्त होने से उनको बहुत राहत मिलेगी। उनको टैक्स रिटर्न भरने से मुक्ति मिलेगी, लेकिन इससे चार्टर्ड एकाउंटेंटों को बहुत नुकसान होगा तथा राष्ट्रीय आय में कमी आएगी।

आयकर विभाग लाखों रिटर्न की जांच करता है जिसके बाद पूछताछ, स्पष्टीकरण, रिफड तथा लंबे पत्र व्यवहार का सिलसिला शुरू होता है। लेकिन इस बात की क्या गारंटी है कि खर्च पर टैक्स से ज्यादा रिकार्ड नहीं रखने पड़ेंगे। अधिकांश आय एकसाथ होती है, जबकि खर्च ज्यादा बिखरे होते हैं। खासकर नकद में होने पर बिक्री-खरीद के करोड़ों अनुबंधों का पता लगाना आसान नहीं है। नकद में ज्यादा आय प्राप्त करना नकद में खर्च की तुलना में ज्यादा कठिन है। छोटा कर आधार खर्च पर टैक्स को आयकर समाप्त होने पर नुकसान होने वाले राजस्व की भरपाई नहीं कर सकेगा। इसी प्रकार यदि जीएसटी जैसे उपाय न किए जाएं तो व्यापक खर्च पर टैक्स ज्यादा प्रतिगामी होगा तथा उसके प्रभाव नकारात्मक होंगे।

पैसे का हर बार हस्तांतरण तथा हर हस्तांतरण या भुगतान हमेशा खर्च नहीं होता है। जब कोई बैंक वेतन या पेंशन या डिविडेंट बांटने के लिए पैसा देता है तो खर्च केवल सेवायोजक या कंपनी करती है और बैंक मध्यस्थ होता है। पैसा बैंक का नहीं होता है। नकद पैसा देने वाला पोस्टमैन कोई खर्च नहीं करता है। इस प्रकार सभी भुगतान खर्च पर टैक्स के दायरे में नहीं हैं। हम खर्च पर टैक्स की बात कर रहे हैं, लेनदेन पर टैक्स की नहीं। यदि हम वेतन, पेंशन, ब्याज, किराया भुगतान को खर्च पर टैक्स में शामिल कर दें तो प्राप्तकर्ता को न केवल प्रभावी आयकर देना पड़ेगा, बल्कि प्राप्त आय को खर्च करने पर फिर टैक्स देना पड़ेगा। विभिन्न प्रकार के खर्च पर विभिन्न दरों से टैक्स लगाना ज्यादा जटिल काम होगा। ऐसे में कर विवाद निपटाना भी जटिल होगा।

यदि आयकर समाप्त कर केवल कार्पोरेट टैक्स जारी रखा जाए, जैसा कि कुछ देशों में है तो इससे बड़े पैमाने पर हेराफेरी की संभावना पैदा होगी। इससे शेयरधारकों और कर्मचारियों के व्यक्तिगत खर्च कार्पोरेट व प्रमोटरों के खर्च में शामिल हो जाएंगे तथा कार्पोरेट का मुनाफा कम होगा क्योंकि वह उसके कर्जदाताओं, भूस्वामियों व कर्मचारियों को चला जाएगा। बड़े देशों ने खर्च पर टैक्स इसलिए भी पसंद नहीं किया है क्योंकि इससे खर्च हतोत्साहित होगा तथा प्रगति में बाधा आएगी। कर विभाग को बताने वाले खर्च के हतोत्साहित होने के कारण समग्र आर्थिक विकास पर और बुरा प्रभाव पड़ेगा। इससे लोग सरकार के इन प्रयासों का भी विरोध करेंगे जो उनकी आय जांचने के बारे में होते हैं। सरकार द्वारा खर्च का पता लगाने का प्रयास करने पर लोग उत्पीड़ित अनुभव करेंगे तथा सरकार का विरोध करेंगे। इस प्रकार मेरे विचार से खर्च पर टैक्स का विचार करने का समय बीत गया है।

# लोकतांत्रिक राज्य बनाम तानाशाही हुकूमतें



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)

सरकारी रीढ़ की परवाह किए बिना, ऑस्ट्रेलिया में लोकप्रिय मनोदशा अजीब पहेली का सार है : चीन के साथ संघर्ष के लिए कोई भूख नहीं है। इंडो-पैसिफिक जल में चीन के डराने वाले विस्तारवाद के साथ, ऑस्ट्रेलिया ने कोविड -19 की उत्पत्ति की एक स्वतंत्र जांच के सुझावों के साथ वापसी की थी - एक उग्र बीजिंग ने आर्थिक संबंधों को समाप्त करके तुरंत जवाब दिया, और कैनबरा ने परमाणु पनडुब्बियों की मांग करके और गठन किया। एयूकेशूएस (ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और ब्रिटेन के बीच साझेदारी)। ऑस्ट्रेलिया के शांतिवाद और परमाणु प्रौद्योगिकी की चेतावनी को देखते हुए, आधिकारिक रुख का यह परिवर्तन महत्वपूर्ण था, हालांकि सामाजिक उदासीनता के अनुरूप नहीं, क्योंकि चीन के साथ किसी भी संभावित संघर्ष में ऑस्ट्रेलिया के लिए भागीदारी शुल्क व्यापक रूप से बहुत अधिक होने की कल्पना की जाती है। चीनी समाज को अपने विस्तारवादी शासन के विपरीत विचारों को रखने की अनुमति नहीं है, इसलिए ताइवान, जापान, ऑस्ट्रेलिया या यहां तक ??कि भारत की ओर निर्देशित युद्ध के ड्रम हमेशा के लिए धड़क रहे हैं। यदि अशांत मध्य पूर्वी रंगमंच में अमेरिका के लिए संघर्ष की भूख स्पष्ट रूप से आईएसआईएस के कब्जे वाले क्षेत्रों को पुनः प्राप्त करने के लिए निर्णायक लड़ाई में ईरानी-सीरियाई विजय की अनकही स्वीकृति के साथ कम हो गई थी, तो अफगानिस्तान से नम्र उड़ान ने तस्वीर को पूरा किया। कार्यालय में एक वर्ष, जो बिडेन ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि दुनिया भर में ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें हम हल नहीं कर सकते हैं - हाथ पर मुद्दा तथाकथित दुनिया में सबसे शक्तिशाली सेना की क्षमता थी। अफगानिस्तान में तालिबान मुजाहिदीन को हराने के लिए।

इससे पहले भी, 2020 में खूनी भारत-चीनी सीमा गतिरोध के दौरान, डोनाल्ड ट्रम्प की स्पष्ट रूप से मांसपेशी राजनीति के कारण पोटस ने केवल मध्यस्थता या मध्यस्थता की पेशकश की थी क्योंकि वह तैयार, इच्छुक और सक्षम थे!



वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मौजूदा मानदंडों और यथास्थिति को बदलने के लिए लगातार चीनी प्रयास भारत को रोकने के लिए छोड़ दिया गया था। आज, ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में नियमित रूप से घुसपैठ करने वाले चीनी लड़ाकू विमानों की एक रिकॉर्ड संख्या के रूप में, सावधान ताइवानी वास्तव में विचार करते हैंः क्या अमेरिका दिखाएगा? मामले में शी जिनपिंग पूर्ण एकीकरण के ऐतिहासिक कार्य के अपने खतरे को अच्छा रखने का फैसला करते हैं। भले ही बाइडेन प्रशासन ने आधिकारिक ेस्थिति के साथ अपनी पारंपरिक रणनीतिक अस्पष्टता को स्पष्ट रूप से छोड़ दिया है और ताइवान की सैन्य रूप से रक्षा करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया है, चीन द्वारा हमला किया जाना चाहिए, उस प्रतिबद्धता की विश्वसनीयता थोड़ी संदिग्ध है, हाल के इतिहास को देखते हुए और संघर्ष के लिए भूख की स्पष्ट कमी। हाल ही में, कजाकिस्तान के मध्य एशियाई गणराज्य में दंगे भड़क उठे, और दुनिया ने सांस रोककर देखा कि कौन सी अंतरराष्ट्रीय शक्ति कदम रखेगी। एक दूसरे के खिलाफ अलोकतांत्रिक, दमनकारी और अनुदार कजाख शासन था (अपने स्वयं के सत्ता संघर्षों को दिया गया था और अभिजात वर्ग के बीच साज़िश) पीड़ित जनता के खिलाफ जिन्होंने सुधार और आर्थिक कठिनाइयों से राहत की सख्त मांग की। अपेक्षित रूप से, सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक प्रदर्शनकारियों को मारकर क्रूरता और अनुपातहीन रूप से जवाब दिया, यहां तक कि 20,000 डाकुओं, अच्छी तरह से समन्वित आतंकवादी समूहों द्वारा सशस्त्र आक्रमण, कट्टरपंथी इस्लामी समूहों आदि के बेजोड़ दावों को सरकार द्वारा बेतरतीब ढंग से पोस्ट किया गया था। बेशर्म शूट टू किल ऑर्डर। अमेरिका, जिसका वास्तव में इस क्षेत्र में कोई लाभ नहीं है, को गहराई से चिंतित जैसे बयानबाजी के लिए छोड़ दिया गया था, जबकि सामूहिक सुरक्षा खतरा संगठन (सीएसटीओ) के तत्वावधान में रूसियों ने 2500 सैनिकों को स्थिति को स्थिर करने के लिए भेजा था। यहां तक कि चीनियों ने भी रंग क्रांति (पश्चिम समर्थित लोकतंत्र समर्थक आंदोलनों के लिए व्यंजना) के अंशों को दूर करने के लिए आतंकवाद का विरोध के लिए समर्थन की पेशकश की। मूल रूप से, व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के निरंकुश शासन ने एक इरादे का प्रदर्शन किया और एक अचूक संदेश भेजा कि जब भी निरंकुश संकट में हों, तो वे साथी निरंकुश लोगों से मदद मांग सकते हैं क्योंकि वे थके हुए मुक्त दुनिया के विपरीत संघर्ष की भूख को बनाए रखेंगे।

पड़ोसी यूक्रेन में बुद्धि का समवर्ती युद्ध तेज हो रहा है, रूसी सैनिकों ने संभावित आक्रमण के लिए तैयारी करते हुए, सीमाओं पर खतरनाक रूप से जमा किया है। इससे पहले 2014 में भी, रूस ने यूक्रेन से क्रीमिया को जबरन कब्जा कर लिया था और अमेरिका के नेतृत्व वाले वेस्ट ने तब से प्रतिबंधों के साथ बदतमीजी की, कोई फायदा नहीं हुआ। अब भी, बिडेन ने स्वीकार किया है कि यूक्रेन पर हमला करने से रूस का सामना करने के लिए अमेरिका एकतरफा बल का उपयोग करने जा रहा है ... अभी कार्ड पर नहीं है, असंबद्ध रूप से जोड़ा कि गंभीर परिणाम होंगे। फिर भी, यूक्रेन में किसी को भी उस तरह की बैक-अप योजना के बारे में आश्वस्त नहीं किया जाएगा क्योंकि वे जानते हैं कि रूस को रोल करना चाहिए, कुछ भी नहीं और कोई भी इसे रोक नहीं पाएगा। बिडेन ने यह स्वीकार करते हुए प्रकाशिकी को खराब कर दिया कि उनके सहयोगी रूस द्वारा यूक्रेन की एक मामूली घुसपैठ का जवाब कैसे दें, इस पर विभाजित थे, अकेले पूर्ण आक्रमण को छोड़ दें।

## फरमाया



**दिल्ली** सरकार के अच्छे कामों पर वीडियो बनाएं और सोशल मीडिया पर शेयर करें, लोगों से केजरीवाल को मौका देने की अपील करें।

**- अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**हमारे** देश की संप्रभुता की रक्षा करने के लिए महत्वपूर्ण है कि यूरोपीय संघ के सभी सदस्यों के बीच एकता का संरक्षण हो।

**- वोलोदीमिर जेलेंस्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**पीएम** नरेंद्र मोदी जी ने मेरी तबीयत जानने के लिए फोन किया। मैं उनकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं।

**- शरद पवार**
राकांपा प्रमुख

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## कठिन है भाजपा की डगर

**इतना** तो दिख रहा है। इस बार यूपी विधान सभा चुनाव, सत्तारूढ़ भाजपा को नाको चने चबवा देने वाला है। क्योंकि कुछ सप्ताह पहले तक, ये लोग कह रहे थे, हम एक तरफ़ा रूप से यूपी जीत रहे हैं। 350 से ऊपर हमारी सीटें आ रही हैं। 26 जनवरी को भी जब कुछ जाट नेताओं के साथ, गृह मंत्री अमित शाह ने, दिल्ली स्थित जाट सांसद परवेश वर्मा के घर बैठक करते हैं। उसके बाद भी ये लोग पुरे आशावादी भाव के साथ दावा करते हैं की जाट भाई बहन शुरू से बीजेपी के साथ थे,हैं और रहेंगे। मगर थोड़ी ही देर में परवेश वर्मा को संवादाताओं से, न सिर्फ, ये कहते हुए सुना बल्कि करवद्ध हो कर आरएलडी के श्री जयंत चौधरी को याचना के मुदा में वापस बीजेपी के साथ आ जाने के लिए गिड़गिड़ाते हुए देख कर लगा। इस बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इनका हालत एकदम खस्ता है। किसानों से पंगा लेकर इनलोगों ने अपने लिए मुसीबत मोल लिया है। इसीलिए तो शायद इस बार साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का खेल भी फ्लॉप साबित होने जा रहा है। पूरी देश की तरह यूपी के लोगों का भी केवल कागजी विकास हुआ है। तभी तो उप मुख्यमंत्री जैसे हस्तियों को भी गांवों से खदेड़ा जा रहा है।

**- जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

## लोकलुभावन वादे

**सुप्रीम** कोर्ट में एक याचिका दायर कर ऐसे राजनीतिक दलो पर कार्रवाई करनी की मांग की गई है। जो सत्ता में आने पर तरह तरह की सुविधाएं देने का वादा करते है। याचिका में निर्वाचन आयोग को यह अधिकार देने की मांग की गई है जो दल वादा करे ।उनका चुनाव चिन्ह जब्त कर लिया जाए। आज देश मे सत्ता में आने के लिये दलों द्वारा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये रेवड़ियां बाटने की बातें करते है। चुनाव जीतने के लिये मुफ्त उपहार देकर राजनीतिक दलों की प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिये बड़ा खतरा होने के साथ संविधान की भावना को ठेस पहुंचाने वाला भी है।अक्सर किये गए वादे सरकार आने पर भी पूरे नही होते।आज राजनीतिक दलों को देश के सबसे बड़े मुद्दे लचर प्रशासनतन्त्र को सुधारने और आजाद भारत मे लोगो तक सुशासन पहुचाने का वादा करना चाहिये।आजादी के दीवानों ने बलिदान लोगो को अंत्योदय और सर्वोदय के लिये किया था।लेकिन आज लोकतंत्र में जनता सुशासन के लिये तरस रही है।निम्नश्रेणी का कर्मी जनता का अपमान कर रही है। अधिकारीवर्ग अपने को शासक समझ कर जनता के साथ व्यवहार करते हैं।

**- कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

## सीमा पर सजगता जरूरी

**बर्फबारी** भले ही पर्यटकों को लुभाए मगर सीमा पार घात लगाने वालों के लिए यह एक बड़ा उत्तम अवसर होता है जब उन्हें घुसपैठ करने का मौका मिलता है। ताजे हालतों में इस बार भी बड़ी संख्या में आतंकवादी टकटकी लगाए सीमा के पार बैठे हैं। सेना की चौकसी के चलते आतंकवादियों के मंसूबों का पूरा हो पाना संभव नहीं लगता। हर साल बर्फबारी का सीजन हमारे लिए सजगता बरतने का संदेश लेकर आता है। इसी समय पाकिस्तान से प्रशिक्षित आतंकवादी भारत में घुसने की फिराक में रहते हैं। इस वर्ष भी लगभग 135 आतंकवादी भारतीय सीमा के पास घात लगाकर बैठे हैं ताकि मौका मिलते ही वे अंदर प्रविष्ट हो जाएं और अपने मंसूबों को अंजाम दे लेकिन भारतीय सेना की कड़ी चौकसी उनके लिए अवसर नहीं छोड़ रही है। पिछले सालों में इस सीजन में घुसपैठ में घटनाओं में कमी हमारी सजगता का ही परिणाम है। इस तरह की घटनाओं को पूरी तरह खत्म करने के लिए सेना के हाथ पूरी तरह खुले रहना चाहिए।

**- अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

# 73 वी गणतंत्र दिवस पर कुम्हारी में शान से फहराया तिरंगा, प्रथम 'प्रेसीडेन्ट सम्मान' से नवाजा गया नगर की चार प्रमुख विभूतियों को

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

कुम्हारी में गणतंत्र दिवस 73 वीं वर्षगॉठ जगह जगह धूमधाम से करोना प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए मनाई गई। सभी शासकीय कार्यालयों में स्कूलों एवं व्यावसायिक परिसरों में ध्वजारोहण किया गया। प्रातः 8 बजे नगरपालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने नगरपालिका प्रांगण में ध्वजारोहण किया अपने उद्बोधन मे उन्होने संविधान के महत्व को बताते हुए लोगों के संवैधानिक अधिकारों पर प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने सफ ाई कर्मचारियों के कार्यो की सराहना की, उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रदेश ही नही वरन् प्रत्येक नगरों में जिस तरीके से विकास की गति देखी जा रही है यह निश्चय ही इसके पूर्व कभी देखी नहीं गई। कुम्हारी नगरपालिका क्षेत्र में जिस तरह से विकास के कार्य संचालित हो रहें हैं, यह अभूतपूर्व है। नगर को मिले महाविद्यालय की सौगात इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। इसके पूर्व सिर्फबातें होती थीं पर काम नहीं। किन्तु अब कार्य धरातल पर दृष्टिगत हो रहा है। इस वर्ष



नगरपालिका द्वारा प्रथम ''प्रेसीडेन्ट सम्मान'' के रूप में विभिन्न क्षेत्रो में अपने विशिष्ट योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया जिसमें सर्वप्रथम विक्रम शाह ठाकुर पत्रकार, को पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. टी मिश्रा, शिक्षा के क्षेत्र में लता रघुकुमार उत्कृष्ट समाज सेवा के क्षेत्र में ओम ज्वेलर्स को कोविड संक्रमण काल में सक्रिय सहयोग देने हेतु सम्मानित किया गया। गणतंत्रता दिवस के अवसर पर अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने घोषणा की है कि पालिका क्षेत्रान्तर्गत यदि कोई विद्यार्थी नीट अथवा पी एस सी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता पाता है तो उसे स्वयं की तरफ से 11 हजार रूपए प्रदान किया जावेगा। गौरव पूर्ण आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिकापरिषद उपाध्यक्ष के रविकुमार, पार्षद मनहरण यादव, ओमनारायण वर्मा, थनेश पटेल, जानकी ध्रुव, शान्ति टंडन, युजेद्र साहू, लता खैरवार, प्रमोद सिंह राजपूत, महेश सोनकर, ललित राजपूत, ओंकार मारकण्डेय तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेन्द्र कुशवाहा सहित समस्त पदाधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण किया गया। विभिन्न छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सबसे आकर्षण का केन्द्र रहा 101 छात्राओं द्वारा कर्मा नृत्य प्रस्तुत कर रिकार्ड बनाया गया। प्रेस क्लब कुम्हारी में वरिष्ठ पत्रकार अम्बादास देशमुख ने ध्वजारोहण किया। भारतीय विद्यालय में शाला के संस्थापक टीडी मिश्रा कार्यक्रम का संचालन विशाल साहू एवं आभार प्रदर्शन पॉवरिया जी ने किया। इसी तरह स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल में राजेश सिंह ने, उदय कान्वेन्ट स्कूल में जगभान सिंह ने, सरस्वती शिशु मंदिर मे अवधेश दुबे ने ध्वजारोहण किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिदास वैष्णव ने किया प्राचार्य विष्णुराम प्रजापति ने कार्यक्रम का संचालन किया। फहराया। शिव इंटरनेशनल स्कूल मे प्रचार्य कविता वैष्णव ने ध्वजारोहण किया। विद्या ज्योति स्कूल में मैनेजर फ ादर थॉमस नेरमरेवेलिल ने ध्वजारोहण किया। विद्यादीप पब्लिक स्कूल में संस्थापक बल्लाराम सोनकर एवं प्राचार्य रामेश्वर सोनकर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वार्ड क्र. 22 सत्यनगर कुगदा में ओमकार प्रसाद मारकण्डेय ने ध्वजारोहण किया इस मौके पर सुरेश अग्रवाल पूर्व पार्षद छबिराम यादव, गणेश मार्कण्डेय, अंजू माण्डले, ओम प्रकाश मारकेन्डेय, रामेश्वर माहिलांग, रूपेश माण्डले, निलेश कुर्रे, दिलेश्वर मारकण्डेय, प्रभुराम पप्पू माहिलांग, कल्याण बंजारे, महेश कैलाश मारकण्डेय, हेमन्त एवम सोमेश मारकण्डेय आदि उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय चित्रकला, डिजिटल तिरंगा स्लोगन और निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**बालोद।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका श्रीवास्तव ने बताया कि आजादी के 75वीं वर्षगांठ ''अमृत महोत्सव' के अवसर पर जिला स्तरीय चित्रकला, डिजिटल तिरंगा स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन जिला पंचायत बालोद द्वारा किया गया। जिसमें जिले के महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों एवं स्कूल शिक्षा विभाग के प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिया गया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय स्तर के प्रतिभागियों हेतु चित्रकला, डिजिटल तिरंगा स्लोगन, निबंध तथा स्कूल शिक्षा विभाग के प्रतिभागियों हेतु चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपरोक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया है।

## मानिकपुरी समाज की जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित

**कवर्धा।** मानिकपुरी पनिका समाज की चतुर्थ जिला कार्यसमिति की बैठक ग्राम नाउडीह में रखी गई थी। बैठक प्रारम्भ साहब कबीर के तैलचित्र की पूजा कर किया गया। उक्त बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मानिकपुरी समाज के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र मानिकपुरी ने बताया कि जिलाकार्यकारिणी सहित निम्न इकाइयों के गठन के पश्चात विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को दूर करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास के लिए योजना बनाकर उसे मूर्त रूप देने चर्चा की गई। उन्होंने नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों से सद्गुरु कबीर साहब के वाणी वचनों को आत्मसात करते हुए दी गई जिम्मेदारी को अच्छे से निर्वहन करने की अपील की। उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई व एकजुट होकर उद्देश्य की पूर्ति के लिए कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में कोरोना के फिर से बढ़ते प्रकोप से सावधान रहने को कहा गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में प्रशासन की गाइड लाइन का कड़ाई से पालन करने को कहा गया। सीमित संख्या,सोसल डिस्टेंस, मास्क व सेनेटाइजर की अत्यंत आवश्यकता पर जोर दिया गया। अंत में सभी ब्लॉक अध्यक्षों को आगामी बैठक तक, कार्ययोजना सौप कर जानकारी देने कहा गया।

## महापौर नीरज पाल ने भिलाई निगम के मुख्यालय में किया ध्वजारोहण, शान से लहराया तिरंगा

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित अनुविभाग कार्यालयों में उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य कार्यालय में प्रातः 8.00 बजे ध्वजारोहण महापौर नीरज पाल ने किया। इससे पूर्व भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण किया गया। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, सभापति गिरवर बंटी साहू, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता यूके धलेंद्र, उपायुक्त सुनील अग्रहरि, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, मन्नान गफ्फार खान, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, लाल चंद वर्मा, चंद्रशेखर गवई, मीरा बंजारे, आदित्य सिंह, मालती ठाकुर, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा मौजूद रहे। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे और सभापति गिरवर बंटी साहू ने गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। अनुविभाग कार्यालयों में प्रातः 7.30 बजे जोन अध्यक्ष गिरवर बंटी साहू, रामानंद मौर्या, संतोष नाथ सिंह जालंधर, भूपेंद्र यादव एवं राजेश चौधरी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। समस्त क्षेत्रों में साफ सफाई की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। निगम के कार्यालयों में सफाई के साथ-साथ चूना मार्किंग की गई साथ ही रंगाई/पुताई कार्य भी किया गया, सप्ताह भर पहले से गणतंत्र दिवस के लिए तैयारियां निगम द्वारा प्रारंभ कर दी गई थी। निगम के कार्यालयों में रात्रि कालीन प्रकाश व्यवस्था भी किया गया था, चौक-चौराहों में महापुरुषों की प्रतिमाओं के माल्यार्पण के लिए तैयारियां की गई थी आसपास सफाई भी कराई गई। मुख्य कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, शरद दुबे, पुरुषोत्तम साहू विभाग प्रमुख सहित निगम के अधिकारी/ कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शहीद गार्डन में विधायक एवं महापौर ने किया ध्वजारोहण नगर निगम मुख्य कार्यालय एवं यूनियन कार्यालय के साथ ही शहीद गार्डन में आज ध्वजारोहण किया गया। विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने शहीद गार्डन सेक्टर 5 पहुंचकर ध्वजारोहण किया। प्रातः से ही देश भक्ति गीत से गार्डन गूंज रहा था, गार्डन में घूमने आने वाले परिवारों ने भी ध्वजारोहण में हिस्सा लिया और उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस की एक दूसरे को बधाई दी।

# ममता चंद्राकर ने ध्वजारोहण कर मुख्यंमत्री का संदेशवाचन किया, कोरोना वारियर्स हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com






गणतंत्र दिवस समारोह स्थल स्थानीय बेसिक स्कूल ग्राउण्ड में ममता चंद्राकर ने ध्वजारोहण कर सलामी ली और मुख्यमंत्री संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि ममता चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणानुसार 'छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन' आगामी 5 वर्षो में 15 लाख नये रोजगार के अवसर के सृजन का लक्ष्य है, प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की संख्या 1333 से बढ़कर हुई 2058, 'छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन', कोदो, कुटकी एवं रागी की हो रही खरीदी, मुख्यमंत्री के संदेश मे कहा गया कि-समावेशी और टिकाऊ विकास का 'छत्तीसगढ़ मॉडल' हमारे गौरव का प्रतीक है। भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए हमने 'राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना' के तहत इसी वित्तीय वर्ष से लाभ देने की भी घोषणा की थी। जिसके तहत प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए प्रदान करने का प्रावधान है। दिसम्बर 2021 में विशेष ग्राम सभाओं से पात्र हितग्राहियों का अंतिम चयन हो चुका है। गणतंत्र दिवस के तत्काल पश्चात 01 फरवरी को पहली किस्त की राशि पात्र हितग्राहियों को अंतरित की जाएगी। ग्रामीण अंचल में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल-जीवन मिशन के अंतर्गत सितम्बर 2023 तक 48 लाख से अधिक घरों में नल कनेक्शन देने की योजना है, जिसमें से लगभग 8 लाख कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसी प्रकार 124 नगरीय निकायों में नल-जल योजनाएं पूर्ण की गई हैं तथा 44 नगरीय निकायों में कार्य प्रगति पर है। हमने बच्चों की जरूरतों को पूरी संवेदनशीलता के साथ समझा है, इसलिए कोरोना के कारण अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों के लिए 'महतारी दुलार योजना' शुरू की थी, जिसके तहत 2 हजार 500 से अधिक बच्चों को 2 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति दी गई है। इसके अतिरिक्त स्कूल फीस भी माफ की गई है। कोरोना के कारण विश्व स्तर पर शिक्षा के स्तर में गिरावट महसूस की गई थी, जिसके लिए हमने उपचारात्मक शिक्षा 'नवा जतन 2.0 अभियान' चलाने का निर्णय लिया है। आगामी खरीफ वर्ष 2022-23 से प्रदेश मे दलहन फसलों जैसे मूंग, उड़द, अरहर की खरीदी भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जायेगी।आगामी खरीफ वर्ष 2022-23 से प्रदेश मे दलहन फसलों जैसे मूंग, उड़द, अरहर की खरीदी भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जायेगी।

# किसान नेता योगेश तिवारी ने किया ध्वजारोहण



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने अपने कार्यस्थल में और अपने गृह ग्राम में ध्वजारोहण किया, इसके बाद राष्ट्रगान गाया। इस दौरान किसान नेता ने कहा कि 26 जनवरी 1950 में इस दिन संविधान लागू किया गया था, जिसके कई कारण थे। देश स्वतंत्र होने के बाद 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने संविधान अपनाया था। वहीं, 26 जनवरी 1950 को संविधान को लोकतांत्रिक सरकार प्रणाली के साथ लागू किया गया। इस दिन भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया । और हमारा संविधान का लौहा पुरी दुनिया मानता हैं। हम सबके लिए बहुत खुशी का दिन है। उसके बाद गाँव में खेल और बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया लोगों को मिठाई का वितरण कर सभी लोगों ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की खुशियाँ मनाई और एक दुसरे को बधाइयाँ दी। ईस अवसर पर प्रमुख लोगों में कल्पना योगेश तिवारी, मनोज बंजारे, सुमीत निषाद, अतुल निषाद ,परदेशी यादव, सन्तोषी यादव, चन्द्रिकायादव. खिलेशवरी निषाद ,नर्मदा सेन ,एमीन निषाद, गायत्री निषाद ,कुमारी यादव, मनोज सिन्हा, कुमारी बंजारे सन्तोष तिवारी ,वेद सिंह ,महंतोंजी कलयाणी यादव अभिषेक शर्मा मनोज सिन्हा सहित प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# लेखमणी पाण्डेय बनें भगवान परशुराम स्मारक समिति के अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्व ब्राह्मण समाज बेमेतरा के जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा नें प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि बेमेतरा नगरपालिका द्वारा परशुराम चौक में स्थापित भगवान परशुराम के 19 फीट ऊंची प्रतिमा के रख रखाव हेतु सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा नें प्रदेश कार्यकारिणी के सहमति से स्मारक समिति का गठन किया है समिति के अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण के उप प्रांताध्यक्ष लेखमणी पाण्डेय का मनोनयन किया गया है संचालन समिति के पदाधिकारियों की मनोनयन हेतु उन्हें पूरा अधिकार दिया गया है सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा ,उपाध्यक्ष लाला तिवारी, महासचिव अखिलेश मिश्रा, मनोज दुबे, नागेश शर्मा, अनिल मिश्रा, गजानंद शर्मा, राजू पाण्डेय,अजय मिश्रा, महिला मंच अध्यक्षा श्रीमती वर्षा गौतम, युवा मंच नगर अध्यक्ष शिवम तिवारी, प्रांजल पाण्डेय, विक्की चौबे ,नें लेखमणी पाण्डेय को भगवान परशुराम स्मारक समिति के अध्यक्ष बनाये जानें पर बधाई देते हुए कहा कि उनके प्रयास से आज बेमेतरा ब्राह्मण समाज को नयी दिशा मिली है बेमेतरा में 19 फीट ऊंची भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित कराने में उनका प्रयास सराहनीय रहा भगवान परशुराम जी की संभवतः यह छत्तीसगढ़ में सबसे ऊंची प्रतिमा है, लेखमणी पाण्डेय नें प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा नगरपालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू, पुर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा एवं समाज के जिला संगठन के पदाधिकारियों, महिला मंच, युवा मंच के सहयोग एवं बुजुर्गो के आशिर्वाद से यह कार्य संभव हो पाया भविष्य में आपका सहयोग एवं समर्थन हमें मिलता रहेगा।

# संयुक्त जिला कार्यालय में जिलाधीश ने किया ध्वाजारोहण

**बेमेतरा।** 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त जिला कार्यालय भवन (कलेक्टोरेट में) कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने ध्वाजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों/ कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने अधिकारियों/कर्मचारियों को संवैधानिक दायित्वों के प्रति सजग होकर कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# बेमेतरा जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर त्वरित कार्यवाही

**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किये गए है। इसके परिपालन में आज बेमेतरा जिले में भी राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा रेत के अवैध परिवहन में लगे वाहनों की जांच की गई। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर संदीपान ने जिले के अनुविभागीय दण्डाधिकारियों, तहसीलदारो, नायब तहसीलदारों एवं खनिज विभाग के अमले को अवैध रेत उत्खनन परिवहन पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश जारी किये है। इसी क्रम में आज अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा दुर्गेश वर्मा एवं नायब तहसीलदार बेमेतरा रोशन साहू द्वारा 02 नग हाईवा को कोबिया में रेत का अवैध परिवहन करते पक?ा गया और वाहन को पुलिस थाने के सुपुर्द किया गया। इसी तरह अुनविभागीय अधिकारी (रा.) नवागढ़ विश्वास राव मस्के एवं तहसीलदार नांदघाट प्रकाश साहू द्वारा रेत के अवैध परिवहन एवं उत्खनन में लगे वाहनों की जांच की गई। तहसीलदार साहू ने बताया कि नांदघाट एरिया में 7 हाईवा और 3 ट्रैक्टर रेत, गिट्टी, ईट का अवैध परिवहन करते पाये जाने के कारण जब्त किया गया। इसी तरह कुल 10 वाहनों पर नांदघाट तहसीलदार द्वारा कार्यवाही की गई। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा धनराज मरकाम एवं उनकी टीम द्वारा वाहनों की जांच की गई।




## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. वि/यां संभाग, रायपुर (छ.ग.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-430/NIT-36/2021-2022/व ले लि — दिनांक 25.01.2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 36 T0336 | सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल. के अंतर्गत माना सेक्शन के विभिन्न मार्गो में स्थित विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर का संभावित शिफ्टिंग हेतु। प्रथम आमंत्रण | 19.80 |
| 36 T0337 | Providing Supply and installation work of L.T. Panel, Switch Gear, Earthing under PWD E/M Vidhansabha Subdivision, Raipur (C.G.), प्रथम आमंत्रण | 13.00 |
| 36 T0338 | Providing operation and maintenance and operation of Stage Light and LED Screen of 1500 seater Auditorium including required operators at time of program at Pt. Deendayal upadhyay under PWD E/M Workshop Subdivision, Raipur (CG), प्रथम आमंत्रण | 9.60 |
| 36 T0339 | Annual Maintenance contract (AMC) of complete VRF Air Conditioning system installed at C.G. Sadan, New Delhi, प्रथम आमंत्रण | 16.00 |
| 36 T0340 | Maintenance and Repairing of Air Conditioner Unit Split/Window/Tower unit of Minister Bungalow under Pahuna section at Shankar Nagar, Raipur (C.G.), प्रथम आमंत्रण | 15.00 |
| 36 T0341 | SITC of New Desert Cooler (steel/fiber body) and maintenance/repairing of old Cooler unit of Minister Bungalow under Pahuna Section, Shankar Nagar, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 10.00 |
| 36 T0342 | E/F maintenance, repairing and replacement work for Public Utility Street Light and External Light in VIP section under subdivision DKS (M) at Pahuna Section, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 12.00 |
| 36 T0343 | Providing & fixing E/F work to Govt. High School Building at Labhandi, Dist. Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 6.10 |
| 36 T0344 | Providing & Fixing Ductable AC Installation & Copper Piping at C.G. Vidhansabha, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 19.50 |
| 36 T0345 | Providing Ductable AC, Outdoor & Job work at C.G. Vidhansabha, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 9.00 |

नोट :- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी दिनांक 14/02/2022 अपरान्ह 5:30 बजे तक

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

शर्ते- 1) उपरोक्त कार्यो के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियामानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी ।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर (छ.ग.)

जी-67188/6


## ग्राम देवसरा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह किसान नेता योगेश तिवारी हुए शामिल

# हार से निराश न होकर जीत के लिए और अधिक मेहनत करनी चाहिए: योगेश तिवारी



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेरला ब्लाक के ग्राम देवसरा में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह किसान नेता योगेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान किसान नेता ने विजेताओं को पुरस्कार बांटे। विजेता टीम को 10 हजार रुपए, उपविजेता टीम को 5 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 2500 रुपए दिया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटे गए। फाइनल मैच ग्राम अकोला और धरसीवा के बीच खेला गया। जिसमें अकोला के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए धरसीवा टीम को शिकस्त दी। इस दौरान किसान नेता योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से अनुशासन और आपसी भाईचारा की भावना बढ़ती है। खेल मनुष्य जीवन के लिए आवश्यक है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल बेहद जरूरी है। खेल में हार जीत लगी रहती है इसलिए हार से निराश न होकर जीत के लिए और अधिक मेहनत करनी चाहिए। खेल में निरंतर अभ्यास के माध्यम से खिलाड़ियों में खेल की भावना निखरती है। खिलाडी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत और संघर्ष करता है। इसी तरह जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत और संघर्ष करने पर सफलता अवश्य प्राप्त होगी। इस दौरान जनपद सदस्य पुजा टिकरिहा भक्तु भैया अकोली संरपच पारख परगनहीया संरपच डिलेशवरी वर्मा प्रवीण शर्मा मनीष सोनी लखन चक्रघारी सचिन शर्मा राजा साहू, गजेन्द्र चक्रधारी, तरुण चक्रधारी, गोपी निषाद, विकास वर्मा, ओमप्रकाश, उमेश यादव, संजू शर्मा, उमेश शर्मा, ढलसिग चक्रधारी चिंताराम, रेखराम आदि उपस्थित थे।

# खरसिया, छाल में चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

खरसिया पुलिस की टीम खरसिया एवं सरहदी जिले जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र में सिलसिलेवार चोरी को अंजाम दे रहे नकबजनों के दो गैंग के 5 आरोपियों को पकड़ा गया है, जिनमें एक विधि के साथ संघर्षरत बालक है, इनके 2 साथी आरोपी फरार है। गिरफ्तार आरोपियों से खरसिया थाना क्षेत्र के 2 चारियों समेत छाल, चांपा, सक्ती, मालखरोदा, सारागांव की चोरियों का खुलासा हुआ है। आरोपियों से 20 लाख रूपये से अधिक की सम्पत्ति बरामदगी में पुलिस को सफलता मिली है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार माह नवम्बर 2021 को खरसिया, छाल एवं सीमावर्ती जिले जांजगीर में लगातार हो रही चोरियों पुलिस के चुनौती बनकर सामने आयी थी। एसपी अभिषेक मीना द्वारा एडिशनल एसपी लखन पटले एवं एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय को कैम्प कर माल मुल्जिम पतासाजी का निर्देश दिया गया था, स्वयं एसपी मीना मामलों की मॉनिटरिंग कर रहे थे। छानबीन में मिल रही हर अनपुट पर तत्काल कार्रवाई की जा रही थी किन्तु पुलिस टीम सफलता से कुछ दूर थी। ऐसे में पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को मोटिवेट कर उनका मार्गदर्शन कर बेसिक पुलिस पर कार्य करते हुए आसपास जिलों की पुलिस से सामंजस्य बनाकर अधिक से अधिक संदिग्धों एवं पूर्व में सम्पत्ति संबंधी अपराधों में चालान हुए आरोपियों से पूछताछ का निर्देश दिया गया था। इसी दरमियान टीआई एस.आर. साहू को जानकारी मिली कि चांपा थाना क्षेत्र का शातिर चोर गौतम महंत जिसे 7-8 चोरियों में जांजगीर पुलिस चालान की थी, बिलासपुर जेल से छूटने पर पिछले 2 साल से छाल थाना क्षेत्र में किराया मकान लेकर रह रहा है, जिसकी तस्दीकी करने छाल नवापारा पहुंचे। संदेही के घर आसपास रहने वालों से पूछताछ में जानकारी मिली कि गौतम महंत पोताई पुट्टी का काम करता है और अकेला रहता है किंतु इसके यहां काफी लकड़े बाइक से आते-जाते रहते हैं। तत्काल संदेही की पतासाजी कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, पुलिस को काफी गुमराह करने के बाद गौतम महंत बताया कि पुलिस से छिपने छाल में किराया मकान लेकर रह रहा है, कड़ाई से पूछताछ करने पर संदेही ने उनके पास आने वाले लड़कों को बरपाली के भगत लाल यादव, बाराद्वार के विनोद रविदास, सुनील भैना उर्फ बेदम को होना बताया। पूछताछ में संदेही गौतम महंत अपने इन 3 साथियों के साथ मिलकर छाल के नवापारा बाजारपारा में चोरी करना और खरसिया के ग्राम केनाभांठा के एक मकान में भगत लाल यादव और विनोद रविदास के साथ मिलकर चोरी करना कबूल किया है। आरोपी गौतम महंत से मिली जानकारी पर तत्काल आरोपियों के ठिकानों पर पुलिस टीम द्वारा दबिश दिया गया जिनमें आरोपी भगत लाल यादव निवासी बरपाली थाना नगरदा को हिरासत में लिया गया है। अन्य दो आरोपी- विनोद रविदास और सुनील भैना उर्फ बेदम दोनों निवासी बाराद्वार फरार है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों से छाल चोरी में प्राप्त सोने के जेवरात-200 ग्राम, चांदी के जेवरात-250 ग्राम तथा खरसिया के केनाभांठा चोरी में सोने के जेवरात 53 ग्राम, चांदी के जेवरात 610 ग्राम एवं नकदी रकम 60,000 की जप्ती की गई है। उपरोक्त अपराध में खरसिया एवं छाल पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। इसी बीच खरसिया पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी 26 जनवरी के दोपहर शहर में कानून व्यवस्था ड्यूटी दौरान चैकी प्रभारी खरसिया को सूचना मिला कि खरसिया टाऊन में शातिर चोर सुनील बरेठ को संदिग्ध घूमते देखा गया है। तत्काल स्टाफ द्वारा नाकेबंदी कर संदेही को पता तलाश कर रायगढ़ चौक के पास हिरासत में लेकर चौकी लाये। पूछताछ करने पर सुनील बरेठ चोरी के इरादे से क्षेत्र में रैकी करने आना बताया, आरोपी सुनील बरेठ द्वारा उसके साथी सूरज दास महंत को दूसरे इलाके में रैकी करना बताया जिसे भी स्टाफ द्वारा हिरासत में लिया गया।



## आपसी रंजिश में नाबालिग का किडनैप

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

घरघोड़ा थाना क्षेत्र से लापता हुई 17 वर्षीय बालिका की घरघोड़ा टीआई अमित सिंह के नेतृत्व में कोरबा से आरोपी युवक के कब्जे से सकुशल बरामदगी की गई है। बालिका के महिला अधिकारी के समक्ष दिये गये बयान बालिका के परिवारजनों से आरोपी का पुराना विवाद होने की जानकारी मिली है, जिससे आरोपी द्वारा सुनियोजित तरीके से अपने साथी के साथ बालिका को रात्रि उसके घर के बाहर से जबरजस्ती उठाकर कार में लेकर फरार हो गये थे। इस संबंध में बालिका के पिता द्वारा 24 जनवरी को थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक पुत्री उम्र 17 वर्ष रात्रि में अपने कमरे में सो रही थी जो रात्रि दिशा मैदान के लिये आंगन में भतीजी के साथ निकली थी जिसे दो व्यक्ति जबरन अपने कार में बैठा कर अपहरण कर ले गये । सुबह बालिका के कमरे में नहीं मिलने पर घर परिवार के लोग खोजबिन किये । तब डरी सहमी नाबालिग लड़की (प्रार्थी की भतीजी) परिवारजनों को बताया कि रात में दो व्यक्ति जबरजस्ती उठाकर कार से ले गये हैं, तब पता किया तो पता चला कि आरोपी संतोष सारथी व गुरूचरण महंत निवासी कया द्वारा बालिका का अपहरण कर ले जाने की जानकारी मिली, रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में धारा 363 भा.द.वि. दर्ज कायम कर विवेचना में लिया गया। नाबालिग के अपहरण मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा तत्काल अपहता की पतासाजी, बरामदगी के लिये दिशा-निर्देश दिया गया जिस पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह द्वारा पुलिस टीम तैयार कर तत्काल अपहता पतासाजी में लगाया गया। पुलिस टीम के अथक प्रयास बाद आरोपियों द्वारा बालिका को कोरबा में छिपाकर रहने की जानकारी हुई, तत्काल पुलिस टीम कोरबा रवाना हुई। जहां पतासाजी दौरान ग्राम रजगामार कोरबा में अपहता आरोपी संतोष सारथी के कब्जे में मिली, बालिका एवं आरोपी को हिरासत में लाकर थाना लाया गया। अपहता का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया जो अपने कथन में दिनांक घटना को आरोपी संतोष सारथी एवं उसके साथी गुरूचरण महंत द्वारा रात्रि में अपने पिता के साथ पूर्व रंजिश को लेकर पीडिता अपहता को षडयंत्रपूर्वक जबरन हाथ बाह पकड़कर खींचते हुए कार में बैठा कर नाबालिग लड़की (प्रार्थी की भतीजी) को किसी को बताने पर जान से मार देने की धमकी देना उठाकर ले जाना बताई और किसी स्थान (ग्राम रजगामार) में रखना बताई। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध पॉक्सो एक्ट संस्थित कर आरोपी के कबूलनामे पर आरोपी संतोष सारथी पिता फकीर सारथी उम्र 30 वर्ष निवासी थानाक्षेत्र घरघोड़ा से घटना में प्रयुक्त एक मारूती स्वीफ्ट कार को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण में उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश व मार्गदर्शन व पुलिस टीम के अथक प्रयास से महज 03 दिवस के भीतर अपहत बालिका को आरोपी के चंगुल से छुड़ाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया तथा एक आरोपी संतोष सारथी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



## सूरजगढ़ की जर्जर सड़क निर्माण की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कुछ दिनों पहले ग्रामीणों के द्वारा पीडब्ल्यूडी दफ्तर में टार्च व आरती दिखाने के बाद गुरूवार की सुबह से देर शाम तक शताधिक की संख्या में ग्रामीणों ने सूरजगढ़ में सड़क निर्माण की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त हो सका। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण आंदोलन का रूख अख्तियार करते हुए गुरूवार की सुबह 10 बजे से धरने पर बैठ गए थे। उनके द्वारा रायगढ़ विधायक व कलेक्टर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। वहीं बीच सड़क में टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया। सूरजगढ़ सड़क की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। बीते दिनों इसी सड़क निर्माण का आश्वासन मिला था लेकिन अभी तक इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। इसी बात से नाराज ग्रामीणों ने आज प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस चक्काजाम की जानकारी लगते ही जिम्मेदार अधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। एवं उनके द्वारा प्रदर्शनकारियों को समझाते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की बात के बाद देर शाम 4 बजे चक्काजाम समाप्त किया गया जिसके बाद इस मार्ग में आवागमन सुचारू रूप से चल सका।

## डीएमएफ मद से शाला निर्माण का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा महामाई वार्ड में डी.एम.एफ मद से निर्मित शासकीय उच्च माध्य. शाला नगर पालिका भवन का लोकार्पण कार्यक्रम (लागत राशि 20.00 लाख) के मुख्य अतिथि गुरू हेमेन्द्र गोस्वामी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुंगेली तथा मनु अनिल सोनी पार्षद महामाई वार्ड द्वारा गुरूवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग बिलासपुर के संयुक्त संचालक एस. के. दूबे एवं मिथलेश शुक्ला एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेन्द्र बहादुर सिंह प्राचार्य विजय सोनी, उप. अभियंता गणेश नामदेव जी ठेकेदार मुकेश पाण्डेय अन्य सहित पार्षद राहुल कुर्रे (पार्षद कालीमाई वार्ड), श्रीनिवास ठाकुर (पार्षद विनोबा वार्ड) मुंगेली विधान सभा युवा अध्यक्ष राजेश छेदइया नगर पालिका मुंगेली के कर्मचारीगण एवं शासकीय उच्च. माध्य. शाला नगर पालिका के शिक्षकगण टेकराम टोण्डे, राधेश्याम राय, पी.सी. नेताम., बी.के. ध्रुव, भागीरथी शर्मा, भानू पाटले, गणेश सोनकर, के. सी. देवांगन सत्यम सिंह एवं शिक्षिकाएं प्रीति सिंह परिहार, पी.एस. पैकरा, दिव्या राजपूत एवं कु. चांदनी केशरवानी व कु. इन्द्राणी यादव एवं भृत्य उत्तरा सोनी,चंदा बाई एवं निशा पाटले उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार शाला के व्याख्यातउपस्थित रहे । वही किशन लाल देवांगन ने भवन लोकार्पण के इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने अपने उद्बोधन में शाला के विकास हेतु 4.50 लाख रूपये प्रदान करने की बात घोषणा की। तथा शाला के नये भवन के लिए छात्रों के बैठने हेतु नये फर्नीचर प्रदान करने की बात कही।



### 1000 किलो महुआ पास के साथ 50 लीटर शराब जब्त

**मुंगेली।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में आबकारी अपराधों पर नियंत्रण का अभियान जारी है। इसी तारतम्य में 26 जनवरी शुष्क दिवस के दिन आबकारी अमले को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम फुलवारी कला तहसील लोरमी में आरोपी राजकुमार चतुर्वेदी द्वारा अवैध महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है। समयाभाव में माल की अफरा.तफरी या नष्ट हो जाने की आशंका पर बिना सर्च वारंट प्राप्त किए विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे की बाड़ी के मकान से कुल 50 लीटर महुआ शराब और पांच ड्रमों में 1000 किलो महुआ लाहन के साथ शराब बनाने में प्रयुक्त लोहे का चूल्हाए गैस सिलेंडरए बर्तनए झोंकनी बरामद किया गया। आरोपी को आबकारी अधिनियम की गैर.जमानती प्रकरण दर्ज कर जेल दाखिल किया गया उक्त कार्यवाही आबकारी वृत्त लोरमी प्रभारी लालजी दीवान द्वारा सम्पन्न की गई।

## जिपं सीईओ राजपूत ने किया फ्लैगशीप योजनाओं का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत द्वारा अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न फ्लैगशीप योजनाओं का लगातार निरीक्षण कर हितग्राहियों से फ्लैगशीप योजनाओं से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने जिले के विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम पंचायत चीनू, पण्डरभट्ठा में नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना के तहत गौठान निर्माण, गौठानों में महिला स्वसहायता समूह द्वारा निर्मित वर्मी कम्पोस्ट खाद, बकरी/मुर्गीपालन, सब्जी उत्पादन के बारे में और उससे होने वाले अतिरिक्त लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की फ्लैगशीप योजनाओं में महिलाओं की आर्थिक उत्थान को प्राथमिकता दी गई है। ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत होगी । इसी क्रम में उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गांरटी याजना के तहत निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की स्वीकृत लागत और निर्माण कार्यों की पूर्णता अवधि के अलावा कार्यरत श्रमिकों की संख्या मजदूरी भुगतान आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिया। इसी तरह उन्होंने विकासखण्ड पथरिया के ग्राम पंचायत किरना,छतौना और फरहदा ग्रामों में पहुंचकर गौठान में संचालित मशरूम उत्पादन, मुर्गी एवं बकरी शेड, मछली पालन, वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण और बाड़ी विकास कार्य और पशुधन के लिए चारे, पानी तथा शेड निर्माण के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने हितग्राहियों से रूबरू होते हुए उन्हें आर्थिक विकास के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## जिले में अब तक 85 हजार 985 किसानों से धान की खरीदी

**मुंगेली।** राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफविपणन वर्ष 2021-2022 हेतु जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 01 दिसम्बर से किया जा रहा है। जिले में अब तक 85 हजार 985 किसानों से धान की खरीदी की गई है। कलेक्टर अजीत वसंत के कुशल मार्ग निर्देशन में धान खरीदी का कार्य सभी 66 सहकारी समितियों के 97 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से नियमित रूप से किया जा रहा है। जिले में 27 जनवरी को शाम 05 बजे तक 04 हजार 155 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इसे मिलाकर जिले में अब तक 03 लाख 68 हजार 59 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।



## शहर कांग्रेस कमेटी की हुई घोषणा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी अर्जुन तिवारी और कांग्रेस जिलाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह की स्वीकृति के बाद शहर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की घोषणा की है,जिसमें शक्ति विधायक डॉ. चरण दास महंत, पूर्व मंत्री राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व विधायक सरोजा मनहरण राठौर,मनहरण राठौर, नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष सुषमा जायसवाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर, स्थायी आमंत्रित सदस्य होंगे,तो वही घनश्याम पांडेय, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, नगर पालिका की पार्षद रिंकू आनंद अग्रवाल, महबूब खान विशेष आमंत्रित सदस्य बनाये गए है, नगर पालिका पार्षद ईश्वर लोधी, अधिवक्ता सुश्री अलका जायसवाल, नगरपालिका एल्डरमैन श्रीमती हाजरा बेगम, जिला कांग्रेस कमेटी महिला जिला अध्यक्ष गीता देवांगन, अधिवक्ता एवं नोटरी ऑफिसर गिरधर जायसवाल, भीम देवांगन, नगर पालिका के पार्षद रामजीवन देवांगन, नगर पालिका के पार्षद गजधर यादव नान्हू भाचा, नगर पालिका की एल्डरमैन सुकमत डेंसल, नगरपालिका के एल्डरमैन सूरज सोना, बृजेश रोचलानी, ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल, उपाध्यक्ष-अधिवक्ता पंडित दिगंबर प्रसाद चौबे, गेवेंद्र देवांगन, नगरपालिका उपाध्यक्ष नेहा अग्रवाल, कमल शर्मा, अधिवक्ता राकेश रोशन महंत, अनीता महंत, प्रखंड कांग्रेस महासचिव- कालू रघुनाथ अग्रवाल, नगर पालिका शक्ति की पार्षद चांदनी सहिस, नरेश अग्रवाल, नगरपालिका के एल्डरमैन घनश्याम देवांगन, जहीर अली, पूर्व पार्षद संतोष सोनी, प्रखंड कांग्रेस सचिव नगर पालिका शक्ति के पार्षद रिकी सेवक, हरीश अग्रवाल, तनवीर कुरैशी, ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी सदस्य विकास नायक, देवेंद्र निर्मलकर, राजेश शर्मा, अनिल रोटिया, सुरेश देवांगन, बृजेश रोचलानी, मनबोध यादव, विजय बहादुर, पीयूष राय, राहुल अग्रवाल, धनंजय राठौर, अमृता सिंह को नियुक्त किया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में आसपास के 32 टीमों ने हिस्सा लिया

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

ग्राम पिपरखूंटा में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें आसपास सहित दूर दराज के 32 टीमों ने हिस्सा लिया। क्रिकेट समापन के अवसर पर मुख्य अतिथी के आसंदी से जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू शामिल हुई। आयोजक समिती व ग्रामवासियों ने आतिशबाजी करके पुष्प माला व गुलदस्ता देकर भव्य स्वागत किया। जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू के द्वारा मैच के प्रथम विजेता कोतरी टीम के कप्तान विनय कश्यप,उपकप्तान ईश्वर ध्रुव को 5000 रु नगद राशि के साथ शील्ड प्रदान किये। एवं उपविजेता टीम पिपरखूँटा कप्तान करण यादव,उपकप्तान मनीष कश्यप को 3000 रु नगद राशि के साथ आयोजन समिति एवं अतिथियों ने शील्ड तथा खिलाड़ियों को अन्य आर्कषक पुरस्कार प्रदान किये गये। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल प्रेमियों के द्वारा सभी मैच खेल भावना से खेले गए और यह खेल हम सभी को अपने प्रतिभा को आगे बढ़ाने का अवसर देता है। लोंगों को हर सुख दुःख में हमेशा हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त की। इस दौरान वरिष्ठ नेता अश्वनी तिवारी, ओमप्रकाश कश्यप, लक्ष्मी ठाकुर, जलेश्वर कश्यप, राजकुमार कश्यप, विनोद चंद्राकर, सतीश मिश्रा सहित आसपास व दूर दराज के सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उक्त आयोजन की जानकारी जिला भाजयुमो मीडियाप्रभारी अरविन्द राजपूत ने दी।



## दीया जलाकर अमर शहीदों को याद किया गया



पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

दीप जलाकर किया शहीदों को स्मरण गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुंगेली जिला एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने स्वर्ण जयंती स्तंभ चौक, पुराना बस स्टॉप में दीया जलाकर अमर शहीदों को याद किया गया। एक दिया अमर शहीदों के नाम की एक मुहिम छेड़ी गयी है जिसमे पूरे प्रदेश भर में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं द्वारा शहीदों के स्मरण में चौक-चौराहे व घर के सामने दीप प्रज्वलित किया जाना है, इसी मुहिम के तहत मुंगेली एनएसयूआई के साथियों द्वारा स्वर्ण जयंती स्तम्भ चौक में दीप प्रज्वलन कर उनकी शहादत को नमन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सहसंयोजक गोविन्दा गोस्वामी, मितेश चंद्राकर,मनोज सोनकर, महेंद्र साहू, यज्ञ पटेल, लक्की पटेल,सार्थक पाण्डेय, महावीर सोनी, मोतीलाल साहू, प्रशांत साहू, नितेश साहू, गौरीशंकर साहू,नीलेश साहू, अविनाश साहू उपस्थित रहे।

## पढ़ई तुहंर द्वार 2.0 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का किया गया सम्मान

**सक्ती।** जिला जांजगीर-चांपा के हाईस्कूल मैदान में सुबह 8.15 से छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार संसदीय सचिव चंद्रदेव राय द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिला प्रशासन द्वारा कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए गणतंत्र दिवस समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, संसदीय सचिव चंद्रदेव राय द्वारा ध्वजारोहण पश्चात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गणतंत्र दिवस पर जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया गया। अनेकता में एकता के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे और शांति और सौहार्द्र के प्रतीक श्वेत कपोत गगन में छोड़े गए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक पल्लव मुख्य अतिथि के साथ मंच पर उपस्थित थे,जिला प्रशासन द्वारा शहीदों के परिजनों का सम्मान श्रीफल शाल के साथ किया गया। पुलिस अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान किया गया। साथ ही साथ जिला जांजगीर-चांपा के नौ ब्लाक से समग्र शिक्षा विभाग के 36 शिक्षकों को समग्र शिक्षा जांजगीर-चांपा और जिला प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया जिसमें हमारे सक्ती ब्लाक के चार शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया जिसमें शास.प्राथ. विद्यालय सकरेली बाराद्वार से पुष्पेंद्र कश्यप ,शास.प्राथ.विद्या. मसनियांखुर्द मीरा देवांगन, शास.प्राथ.विद्या.रगजापारा जगदीश प्रसाद सिदार ,शास.पूर्व विद्या. मसनियांकला से जयंती खमारी को कोरोना काल पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 में उत्कृष्ट कार्य करने के कारण प्रदान किया गया है।



# सीईओ की पहल से मुरमुरा, चना, कार्न फ्लैक्स बनाकर मनोरा की महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता < मनोरा
www.dailypioneer.com





देश में हर वर्ग का व्यक्ति मुरमुरा खाने का शौकीन होता है मुरमुरा खाने में जितना सिंपल और साधारण होता है उसकी डिमांड भी कहीं ज्यादा होती है। कई प्रकार से मुरमुरा तैयार किया जाता है। इसी तरह आज जशपुर जिले के मनोरा विकास खण्ड मुख्यालय में आत्मनिर्भर महिला समूह की महिलाओं द्वार मुरमुरा तैयार किया जा रहा है। मनोरा की महिलाएं स्वावलंबी बन रहीं हैं और दूसरे महिलाओं को भी स्वालंबी बना रहीं हैं। मनोरा की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में जनपद सीईओ अनिल कुमार तिवारी मेहनत कर रहे हैं। वे महिलाओं को प्रेरित करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। उनके प्रयास से काम बेहतर हो रहा है। मुरमुरा मशीन खरीदकर कर लाने के बाद सबसे पहले सीईओ तिवारी ने मशीन को अगरबत्ती दिखाकर नारियल फोड़कर सिंदुर लगाया और पूजा अर्चना कर विधिवत चालू किया। महिलाओं ने बताया कि मशीन की लागत 54 हजार 600 रुपए है। इस मशीन को खरीद कर वे बेहद खुश हैं। इसके लिए उन्होंने सीईओ अनिल तिवारी को धन्यवाद भी दिया।

**पांच पंचायतों में मॉडल कार्य शुरू**

जनपद सीईओ अनिल तिवारी ने बताया कि मुरमुरा मशीन फिलहाल पांच पंचायतों की महिला समूहों को दी गई। और आज वे महिलाएं मशीन पाकर बहुत खुश हैं और दूसरे को भी प्रेरित कर रहीं हैं। समूह की महिलाओं से बात करने पर महिलाओं ने बताया कि अब उन्हें दूसरे का मोहताज नहीं होना पड़ेगा। सोभा टोप्पो समूह की अध्यक्ष हैं उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बताया कि हम 10 महिला समूह में एकजुटता के साथ काम कर रहे हैं। मशीन लगाते ही चना, मुरमुरा, मक्का आदि की डिमांड आने लगी है। इस स्वरोजगार योजना से जड़ने में जनपद सीईओ अनिल कुमार तिवारी की अहम भूमिका है। हम महिलाएं सफल बनाने की कोशिश कर रहे थे और जनपद सीईओ ने हम सभी को रास्ता दिखाया और इस मशीन को लोन लेकर खरीदने में कामयाबी मिली।

**ये कर रहीं हैं काम**

रोशन महिला स्व सहायता समूह कांटाबेल, अध्यक्ष मीरा बाई, सचिव ब्रिजिट कुजूर, रोशन स्व सहायता समूह सोगड़ा, अध्यक्ष सोभा टोप्पो, सचिव भवन्ति भगत, एकता स्व सहायता समूह माड़ो, अध्यक्ष सरिता बाई, सचिव विकाशलता बाई, सूर्या स्व सहायता समूह सोनक्यारी, अध्यक्ष तारा बाई, सचिव कमला देवी, चन्द्रमा स्व सहायता समूह रेमने, अध्यक्ष चन्द्रमणी, सचिव सीता बाई। इन जगहों पर महिलाएं स्वावलंबी बन रही हैं।

महिलाएं अपनी मेहनत के दम पर अपने ख्वाबों को पूरा कर रहीं हैं। मैं तो एक रास्ता दिखाने का काम कर रहा हूं। मेहनत महिलाएं कर रहीं हैं। आज महिला अपनी मेहनत और लगन से आजीविका और आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं।
**अनिल** तिवारी, सीईओ जनपद मनोरा

## बचेली का विकास हमारा मुख्य उद्देश्य: पूजा साव

**39.75 लाख की सीसी रोड का विधायक ने किया भूमिपूजन**

**बचेली।** अधोसंरचना मद से वार्ड क्रमांक 01 में मेन रोड़ से दशरथ पारा होते हुए कम्पोस्ट शेड तक। सीसी सड़क के निर्माण कार्य 39.75 लाख की लागत के कार्य का आज मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा की लोकप्रिय विधायक देवती महेंद्र कर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया। आपको बता दे कि पालिका में कांग्रेस ने चुनावी घोषणा में नगर में सड़क, पानी, बिजली पर प्रमुख रूप से कार्य करने की बात कही थी। पालिका में आते ही पालिका अध्यक्ष पूजा साव ने अपना वादा निभाते हुए तीनो मुद्दों पर बेहतरीन तरीके से कार्य प्रारंभ कर दिया था। इसी कड़ी में इस लाखो की लागत के सीसी रोड का निर्माण कार्य का भूमि पूजन करने विधायक बचेली पहुंची साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा, छबीन्द्र कर्मा व जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा भी इस मौके पर शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष पूजा साव व उपाध्यक्ष उस्मान खान ने की कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अवधेश सिंह गौतम ,सलीम रजा उस्मानी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सन्तोष दुबे,संजीव साव सहित विभिन्न वार्डो के पार्षद, एल्डरमैन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

# प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता < पेंड्रा
www.dailypioneer.com




गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। गुरुकुल स्टेडियम गौरेला में आयोजित गरिमामय समारोह में प्रभारी मंत्री अग्रवाल ने राष्ट्रधुन के साथ ध्वजारोहण किया और सलामी ली। उन्होंने शांति, सद्भावना और एकता के प्रतीक के रूप में रंग बिरंगे गुब्बारे खुले आसमान में छोड़े। अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। अग्रवाल ने विकास पर आधारित संदेश में कहा कि विगत 3 वर्षों में हमने 5 नए जिलों के गठन की घोषणा की, जिसमें एक जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही विकास की नई गाथा लिख रहा है। इस अवसर पर शहीद स्वर्गीय शिव नारायण बघेल के परिजनों का सम्मानित करने के साथ ही जिले के विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट सेवा करने वाले 91 अधिकारियों-कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विधायक डॉक्टर के के ध्रुव, राज्य युवा आयोग के सदस्य उत्तम वासुदेव, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य अर्चना पोर्ते, नगर पंचायत पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ भवन एवम अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल ने मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त

**रायपुर।** गणतंत्र दिवस 2022 के मौके पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा जगदलपुर जिले में प्रदेश की जनता को संबोधित देते हुए छत्तीसगढ़ भवन एवम अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के आश्रित एवं अवस्क बेटियों के शिक्षा, स्वरोजगार एवं अपने विवाह करने हेतु 'मुख्यमंत्री नोनी सशक्ति करण योजना' की घोषणा किए हैं। उक्त योजना की घोषणा करने के लिए सुशील सन्नी अग्रवाल अध्यक्ष बीओसी मण्डल द्वारा मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा की यह योजना प्रदेश के श्रमिकों के लिए मील का पत्थर साबित होगा, इस योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों के 2 बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए राशि - 20-20 हजार की राशि सीधे उनके बैंक खाते में एक मुश्त डाली जाएगी जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सकेगा। अग्रवाल ने कहा की छत्तीसगढ़ सरकार सदैव श्रमिक, गरीब, किसानों के हित में कार्य कर रही है। श्रमिकों के पंजीयन में उत्कृष्ट कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार को पुरस्कृत किया गया है। इसी क्रम को आगे बढ़ाने और श्रमिक हित में आगे कार्य करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक जिला एवम विकासखंड स्तर पर मुख्यमंत्री श्रमिक संसाधन केंद्र की स्थापना किए जाने की घोषणा आज गणतंत्र दिवस के मौके पर किए हैं, जिसके लिए मैं पुनः उनका आभार व्यक्त करता हूं। अग्रवाल ने कहा की श्रमिक हित के कार्यों को हम पंचायत स्तर तक ले जाना चाहते हैं ताकि कोई भी श्रमिक परिवार योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रह पाए। छत्तीसगढ़ भवन एवम अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष ने प्रदेश की जनता को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए प्रदेश की खुशहाली एवम समृद्धि हेतु शुभकामनाएं दिए।

# नगर वासियों को 41.39 लाख रूपए की लागत के सात कार्यों की सौगात



**पेंड्रा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने नगर वासियों को 41 लाख 39 हजार रूपए की लागत के सात कार्यों की सौगात दी। उन्होंने जिला पंचायत (डीआरडीए) कार्यालय परिसर में इन कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें पुलिया निर्माण कटेलपारा से करौदानार पहुंच मार्ग लागत 10 लाख रूपए, सीसी रोड निर्माण कार्य मुख्य मार्ग से जिला चिकित्सालय ऑक्सीजन प्लांट एवं चाइल्ड कोविड हॉस्पिटल पहुंच मार्ग लागत 9 लाख 94 हजार, पुलिया निर्माण पाठटोला से चरका डोगरी पहुंच मार्ग लागत 6 लाख रूपए, कन्या माध्यमिक शाला सकोला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण लागत 4 लाख 35 हजार रूपए, जिला पंचायत कार्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण लागत 5 लाख रूपए, वीडियो कान्फ्रेसिंग रूम लागत 3 लाख 50 हजार रूपए और गढ़ कलेवा लागत 2 लाख 50 हजार रूपए शामिल है। लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक डॉ के. के. ध्रुव, राज्य युवा आयोग के सदस्य उत्तम वासुदेव, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य अर्चना पोर्ते, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर के खूंटे, नगर पंचायत पेण्ड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान प्रशांत श्रीवास नगर पंचायत एल्डरमैन ओमप्रकाश बंका मदन सोनी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पवन सुलतानिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## मनरेगा से निर्मित कुंए की सिंचाई से सब्जी उत्पादन से हेमकुंवर की आर्थिक स्थिति में सुधार

**पेण्ड्रा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारटी योजना से निर्मित कुंए की सिंचाई से सब्जी उत्पादन से हेमकुंवर की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। जनपद पंचायत पेण्ड्रा के ग्राम पंचायत सोनबचरवार की श्रद्धा स्व सहायता समूह की



सदस्य हेमकुंवर ने मनरेगा से निर्मित कुंए से अपनी बाड़ी में विभिन्न तरह की साग सब्जियों का उत्पादन कर रहीं है। हेमकुंवर अपनी बाड़ी में मुख्य रूप से मटर, टमाटर और सेमी का उत्पादन कर रहीं हैं। उनकी बाड़ी से हर सप्ताह पर्याप्त मात्रा मे सब्जी निकल रहा है। उन्होंने बताया कि मटर के सीजन में उनके द्वारा मटर सहित अन्य सब्जियों की बिक्री से 4 से 5 हजार रूपए की कमाई कर चुकी है। उन्होंने बताया की मनरेगा से निर्मित कुंए की सिंचाई से उनकी आय का स्त्रोत बढ़ गया है।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत निःशुल्क कैम्प

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों का निःशुल्क कैम्प 29 जनवरी को विशिष्ट कम्युनिटी हॉल तालाब के पास महाराजा चौक जशपुर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रंजीत टोप्पो एवं जिला मेडल अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार सोनी के दिशा-निर्देश में 29 जनवरी को विकासखण्ड कांसाबेल, कुनकुरी, फरसाबहार, लोदाम से हृदय रोग से ग्रसित बच्चों का ईको एवं उपचार कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी में अध्ययरत बच्चे तथा शिक्षा विभाग अंतर्गत अध्ययनरत, शालात्यागी बच्चों, किशोरों एवं समुदाय स्तर के बच्चे जो कि हृदय रोग से ग्रसित एवं संदेहास्पद है उनका उपचार किये जाने के लिए स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया है।

## ऐतिहासिक डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'कहानी नवभारत की' को होस्ट करेंगे विक्रांत मैसी

**मुंबई।** प्रासंगिक और अलग-अलग कंटेंट फॉर्मेट के साथ हिंदी समाचार शैली के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ते हुए, टाइम्स नाउ नवभारत ने आज कहानी नवभारत की डॉक्यूमेंट्री सीरीज को लॉन्च किए जाने की घोषणा की है। इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज का निर्देशन अपर्णा सांन्याल ने किया है, जो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित हैं। इस सीरीज को प्रतिभाशाली अभिनेता विक्रांत मैसी होस्ट करेंगे। 10 पार्ट की यह सीरीज भारत की 74 सालों की उन कहानियों को बताती है, जिन्होंने आधुनिक भारत के स्वरुप को दशा और दिशा दी है। इस सीरीज में गौरव चिंतामणि द्वारा रचित और डॉ. सागर द्वारा लिखित एक थीम गाने को भी शो में एकीकृत किया गया है, जो इस सीरीज की भावना को दर्शाती है। ओरिजनल साउंडट्रैक एक शानदार रैप है, जो भारतीय इतिहास और संस्कृति से प्रेरित है। टाइम्स नेटवर्क के कंटेंट स्टूडियो टाइम्स क्रॉनिकल्स, जोकि तथ्य-आधारित मौलिक शो का निर्माण करता है द्वारा निर्मित डॉक्यू-सीरीज की यह श्रृंखला b30 जनवरी 2022 से हर रविवार को टाइम्स नाउ नवभारत एसडी और एचडी पर रात 8 बजे प्रसारित होगी।

## सुपर 36 से सम्मानित हुई पौसरी की शिक्षिका भारती वर्मा को सम्मनित किए जाने से शहर में खुशी का माहौल



**तिल्दा नेवरा।** कोरोना काल के दौरान हुए पढ़ाई की नुकसान के भरपाई के लिए छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 में निःस्वार्थ बिना किसी आकांक्षा के बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को माननीय शिक्षा मंत्री के द्वारा 26 जनवरी 2022 को सम्मानित करने का निर्देश हुआ था। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार विकासखंड सिमगा शासकीय प्राथमिक शाला पौसरी की शिक्षिका भारती वर्मा जो की तिल्दा नेवरा में निवास करती है को पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 के तहत बच्चों की शिक्षा में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टी.आर. महेश्वरी द्वारा जिला स्तरीय पुरस्कार दिया गया। ज्ञात हो कि भारती वर्मा का चयन स्कूल शिक्षा विभाग के CGSCHOOL.IN PORTAL में खिलौना संवर्ग में हमारे नायक के रूप में किया जा चुका है। शिक्षिका के द्वारा लगातार नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अध्यापन कराया जाता है।

# पंजाब नैशनल बैंक के अंचल कार्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस



**रायपुर।** पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय रायपुर में गणतंत्र दिवस मनाया गया एवं आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा चलाए गए आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत विद्यांजलि पहल योजना के सबका प्रयास एवं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास संकल्प को साकार करने हेतु बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधि के तहत टी.बडपंडा, उप अंचल प्रबंधक, पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय, रायपुर की अध्यक्षता में शासकीय प्राथमिक शाला, जोरा, रायपुर में स्कूल के बच्चों को स्कूल बैग एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर बी.पी.राय, सहायक महाप्रबंधक, अजीत कुमार मेहर, सहायक महाप्रबंधक, विजय यादव, सहायक महाप्रबंधक, उदय कुमार महापात्रा, सहायक महाप्रबंधक, अजय कुमार बेहरा, मुख्य प्रबंधक, चंद्रकात सिंह, मुख्य प्रबंधक एवं पंजाब नैशनल बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर टी.बडपंडा ने सभी उपस्थितों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यांजलि पहल का मुख्य उद्देश्य राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के ज्ञान व कौशल को बढाने के लिए उनकी जरूरतें जैसे आवश्यक उपकरण, पाठ्य सामग्री को पूरा किया जाना है। सरकार ऐसी योजनायें शुरू करती है तो हमारा भी कर्तव्य बनता है कि उनका सही से पालन करने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि यह योजना नीति आधारित नहीं सहभागिता आधारित होनी चाहिए। तत्पश्चात पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केंद्र, रायपुर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वृक्षारोपण की महत्ता समझाते हुए टी. बडपंडा एवं पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय, रायपुर के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

# फ्लिपकार्ट होलसेल अपने प्लैटफॉर्म पर लेकर आया वॉइस सर्च की सुविधा

**रायपुर।** भारत में विकसित फ्लिपकार्ट ग्रुप के डिजिटल बी2बी मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट होलसेल ने आज अपने प्लैटफॉर्म पर वॉइस सर्च फीचर को प्रस्तुत करने की घोषणा की। यह सुविधा फिलहाल हिंदी व अंग्रेज़ी में उपलब्ध है और इससे किराना एवं रिटेलरों को प्रभावी ढंग से उत्पाद खोजने में मदद मिलेगी और उनके लिए प्लैटफॉर्म पर खरीददारी करना काफी सुविधाजनक हो जाएगा। इस समय जब भारत कोरोना की तीसरी लहर से जूझ रहा है तो ऐसे में यह नया फीचर ग्राहकों को इस काबिल बनाएगा की वे अपने घर की सुरक्षा व सुविधा में बैठे हुए उत्पादों की संपूर्ण श्रेणी तक पहुंच प्राप्त कर सकें। पूरे देश में टेक्नोलॉजी की पैठ बढ़ रही है, अधिकांश इंटरनेट प्रयोक्ता (जिनमें किराना व एमएसएमई भी शामिल हैं) ऐसी पृष्ठभूमि से हैं जहां अंग्रेज़ी नहीं बोली जाती। वॉइस सर्च की सुविधा होने से उनका काम बहुत आसान हो जाएगा क्योंकि अंग्रेज़ी के मामले में सब की जानकारी का स्तर भिन्न होता है तो उनके लिए टेक्स्ट इनपुट द्वारा उत्पाद तलाशना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इसलिए, भाषाई अवरोध को दूर करना बहुत आवश्यक है ताकी जिस समुदाय के लिए काम किया जा रहा है वह टेक्नोलॉजी का पूरा लाभ उठा सके। बी2बी ईकॉमर्स ट्रांज़ेक्शन के मामले में बाधाओं का समाधान करने में फ्लिपकार्ट होलसेल हमेशा आगे रहा है। हिंदी व अंग्रेज़ी में वॉइस सर्च फीचर की पेशकश एक और तकनीकी इनोवेशन है जो इस प्लैटफॉर्म के मूल ध्येय 'बिज़नेस बनाए आसान' को मजबूती प्रदान करती है। इसके अलावा, यह प्लैटफॉर्म पूरी तरह डिजिटल प्रक्रिया के जरिए क्विक क्रेडिट सपोर्ट भी प्रदान करता है। फ्लिपकार्ट होलसेल के सीनियर वाइस-प्रेसिडेंट व हेड आदर्श मेनन ने इस लांच पर कहा, हमारा मूलभूत उद्देश्य यह है की हम नई तकनीकों व आविष्कारों के माध्यम से अपने ऐप पर खरीददारी का झंझट-मुक्त अनुभव देना चाहते हैं।

## छत्तीसगढ़ विधान सभा में विधायकों एवं उनके निज सहायकों ने आनलाईन प्रश्नों की सूचना संबंधी प्रशिक्षण में भाग लिया



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधान सभा के विधायकगण अब आगामी बजट सत्र, 2022 के दौरान प्रश्नों की सूचनाएं ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। इस हेतु विधान सभा परिसर स्थित समिति कक्ष में मान. विधायकों एवं उनके निज सहायकों के लिए एन. आई. सी. रायपुर के माध्यम से एक प्रशिक्षण-सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में विधायकों को आनलाईन प्रश्न जमा करने संबंधी सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक विषयों पर जानकारी दी गयी। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जो मान. विधायक एवं उनके निज सहायक भौतिक रूप से कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं थे, वे आनलाईन के माध्यम से प्रशिक्षण सत्र में सम्मिलित हुए। आनलाईन प्रश्न जमा करने के लिए एक नवीन वेब एप्लीकेशन एन.आई.सी. के टेक्नीकल हेड सत्येन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। उक्त वेब एप्लीकेशन के माध्यम से मान. सदस्यों द्वारा सुगमतापूर्वक ऑनलाईन प्रश्नों की सूचनाएं प्रस्तुत की जा सकेगी।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा. प्र. क्र.- 202201201500019/ अ-6/2021-22

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. मोहम्मद खुर्शीद रिजवी पिता मोहम्मद युसूफ रिजवी जाति मुसलमान निवासी शीतलापारा वार्ड कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) 2. श्री मुकेश सोनी पिता स्व. सत्यनारायण सोनी जाति सोनार निवासी विश्रामपुरी चौक, केशकाल तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला-आड़काछेपड़ापारा में स्थित भूमि नजूल शीट नं. 01, भूखण्ड क्रमांक 236/2 कुल क्षेत्रफल 23936 वर्गफीट भूमि नजूल संधारण खसरा में अनावेदकगण चंदरवती पति लक्ष्मीनाथ, शकुनतला, कृष्णा, पुष्पा, अनुसुईया, जमुना, निर्मला, नरेन्द्र पिस. लक्ष्मीनाथ, बुधनी बाई बेवा श्यामलाल, मीरा बेवा स्व. प्रकाश, दिव्या, सोनम, राहुल पिस. स्व. प्रकाश, तेजसिंह पिता श्यामलाल, प्रेमनाथ, गणेश, जगनाथ, बिहारी, नंदकिशोर पिस. सोनू जाति कोष्टा सा. देह के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि भूखण्ड क्रमांक 236/2 कुल क्षेत्रफल 23936 वर्गफीट भूमि को बिक्री बैनामा विलेख क्रमांक 349 दिनांक 28.12.2021 को रूपये 18,00,000/- शब्दों में (अठारह लाख रूपये) में क्रय करने के पश्चात भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत उक्त क्रयशुदा भूमि पर अनावेदकगण का नाम विलोपित कर आवेदकगण स्वयं का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, खसरा एवं बिक्री विलेख की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 04.02.2022 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.01.2022 को जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल अधिकारी
जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक/2140/तक.शा./न.पा.प./2022 बड़े बचेली, दिनांक 27/01/2022

**// मैनुअल निविदा सूचना //**

नगरपालिका परिषद् बड़े बचेली की ओर से अधोलिखित कार्य हेतु एकीकृत पंजीकृत फर्म/व्यक्ति से निम्नानुसार स्पीड पोस्ट से मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रूपये लाखों में | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | बचेली नगर पालिका क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित दुकानदारों के लिए 07 नग दुकान निर्माण कार्य। | 17.01 | 10.02.2022 |
| 2. | वार्ड क्रं. 04 सरस्वती शा.प्रा. शाला में दुपहिया वाहन हेतु शेड निर्माण कार्य। | 3.63 | |
| 3. | वार्ड क्रं.06 नगरपालिका कार्यालय भवन में पुताई कार्य। | 2.48 | |

टीपः- निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है अथवा वेब पोर्टल http:/uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: त्रुटिसुधार इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 445/2021-2022**
**वार्ड का नाम - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्र.-54**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्र.-54 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **54/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती मॉ शारदा बिल्डकॉन द्वारा भा. महेश धनगर S/o डोलूराम 2. शारदा W/o महेश धनगर एवं अन्य** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती ममता साहू W/o ओम प्रकाश साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: त्रुटिसुधार इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 446/2021-2022**
**वार्ड का नाम - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्र.-54**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्र.-54 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **54/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती मॉ शारदा बिल्डकॉन द्वारा भा. महेश धनगर S/o डोलूराम 2. शारदा W/o महेश धनगर एवं अन्य** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती अजीत कुमार W/o गौरी शंकर प्रसाद** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: त्रुटिसुधार इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 448/2021-2022**
**वार्ड का नाम -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र.-52**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र.-52 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **52/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती सांई डेव्हलपर्स भा. फर्म द्वारा अमर कुमार S/o स्व. हरीश कुमार सुन्दरानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती विक्की जिवनानी S/o पुरूषोत्तम दास जिवनानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: त्रुटिसुधार इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 447/2021-2022**
**वार्ड का नाम -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र.-52**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र.-52 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **52/C-56 प्रकाश नगर** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती अरूण कुमार तिवारी S/o राजेन्द्र तिवारी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती 1. घनश्याम तिवारी S/o गिरजा शंकर 2. रश्मि तिवारी W/o घनश्याम तिवारी 3. ना.बा. लक्ष्य तिवारी S/o घनश्याम तिवारी 4. दिव्यांश S/o स्व. घनश्याम तिवारी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal : https//eproc.cgstate.gov.in**

सिस्टम निविदा क्र. 91441/निविदा सूचना क्र. 32/वलेलि/2021-22, दुर्ग, दिनांक 27.01.2022

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **17.02.2022** 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम-** दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की करसा व्यपवर्तन के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार एवं नहरों की लाईनिंग कार्य आर.डी. 0 मी. से 9990 मी. तक साथ ही 01 नग एक्वाडक्ट, 10 नग व्ही.आर.बी., 01 नग डी.सी., 02 नग हेड रेग्युलेटर निर्माण कार्य एवं 16 नग कोलाबा फिक्सिंग कार्य।

अनुमानित लागत - **रू. 497.98 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **03.02.2022** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग**
जी-67233/4 **कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN - U40108CT2003SGC015820)
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL)**
No./04-01/Trans./Works/ 213 Raipur, dtd: 24.01.2022

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP) from eligible contractors/firms registered in CSPTCL, on Item Rate and on percentage rate above/below/at par of CG PWD SOR for Building Works, Road Works, Bridge Works (w.e.f. 01.01.2015) and Electrical & Mechanical work (01.07.2015) and base rate for Non-SOR items. The unregistered contractors/firms having similar work experience in Central/State Government/Autonomous Bodies/Public Undertaking shall also be considered on submission of experience certificate.

**1. Tender Spn. No.**-04-01/C-TRANS/W/21-22/93; **Rfx No.**-8100024349:- Construction of 01 No. 132 KV feeder bay for M/s Balaji Loha Pvt. Ltd. (TMT Dn.) Industrial area at 132 KV Sector-C, Urla. **NIT Value :-** Rs. 15.60 Lakhs & **EMD:-** Rs. 15600/-. Completion Period :- 03 Months.

**2. Tender Spn. No.**-04-01/C-TRANS/W/21-22/94; **Rfx No.**-8100024350:- Providing services of 02 Nos. Computer operator (High skilled labour), 12 Nos. Semi-skilled labour & 02 No. Guard (Un-skilled labour) for one year for the office of E.E. (Civil) Civil Dn. CSPTCL, Bhilai. **NIT Value :-** Rs. 29.82 Lakhs & **EMD:-** Rs. 30000/-. Completion Period :- 12 Months.

**3. Tender Spn. No.**-04-01/C-TRANS/W/21-22/95; **Rfx No.**-8100024351:- Construction of 01 No. addl. 132 KV feeder bay with extension of 132 KV main bus along with shifting of fencing at 132/33 KV S/s Balrampur. **NIT Value :-** Rs. 61.18 Lakhs & **EMD:-** Rs. 61200/-. Completion Period :- 06 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No. 01 is Rs. 590/- & Sl. No. 02, 03 is Rs. 885/-** per tender document (i/c GST). The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal. Last date & time for submission and opening of bids for Sl. No.- 1 dt. **21.02.2022** (up to 12:15 Hrs. & 12:30 Hrs.), Sl. No.- 2 & 3, dt. **22.02.2022** (up to 12:15 Hrs. & 12:30 Hrs.) respectively. The tender document can be viewed and download online from our e-tendering portal. S-31266/2

**(R.K. Shrivastava)**
**//Save Electricity//** **Chief Engineer (Civil) CSPTCL, Raipur**

# सड़क से कब्जा हटाने चला अभियान अमले ने दर्जनों दुकानों को पीछे धकेला

## व्यस्ततम इलाकों में सड़क तक फैली थी दुकानें, कई बार दी गई थी समझाइशें

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





शहर के व्यस्ततम बाजार इलाके में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में दर्जनों दुकानदारों को सड़क से हटाया गया है। शुक्रवार को नगर पालिक निगम और यातायात पुलिस की संयुक्ता कार्रवाई में गुड़ाखु लाईन, पोस्टव ऑफिस चौक से रेलवे स्टे शन और मानवमंदिर चौक से महावीर चौक तक सड़क से अतिक्रमण हटाया गया। गौरतलब है कि इन दुकानदारों को कई दफा सड़क से सामान और निर्माण हटाने की समझाईशें दी गई थीं। कई दुकानदारों को नोटिस भी मिली थी। बावजूद इसके सुधार न होता देख अंततः कार्रवाई की गई।

यातायात के आरआई अमित सिंह ने बताया, शहर के व्यवस्त तम इलाकों में सड़क तक फै ली दुकाने आवाजाही में मुश्किलें खड़ी कर रही थी। लोगों को काफी परेशानियां होती रही। त्यौतहार या किसी अन्य अवसर पर हालात और बदतर हो जाते हैं। इसे देखते हुए आज कार्रवाई की गई। जेसीबी और अमले की मदद से कब्जेद हटाए गए हैं। संकरी सड़क को लोगों की आवाजाही के लिए दुरुस्तर करने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि साप्तारहिक रुप से यह अभियान जारी रहेगा ताकि शहर की सड़क अतिक्रमण मुक्तो की जा सके।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कई बार तनावपूर्ण स्थितियां भी निर्मित हुई। गुड़ाखू लाईन के व्याकपारियों ने इस कार्रवाई का विरोध किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने व्या्पारियों को समझाईश दी और सड़क से अतिक्रमण हटाने में सहयोग करने की बात कही। वहीं कई व्याकपारी अतिक्रमण न मानने और न हटाने पर अड़े रहे। बावजूद प्रशासन ने अपनी कार्रवाई करते हुए कब्जाश हटा दिया। शहर के स्टेशन रोड और गुड़ाखू लाइन के अलावा मानव मंदिर चौक क्षेत्र में भी बेजा कब्जा होने की शिकायत के आधार पर यातायात विभाग ने अतिक्रमण मुक्त के लिए अभियान शुरू किया।यातायात और नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करते बेजा कब्जा को हटाया।

# दुकानदार ने नहीं लगाया मास्क कलेक्टर ने सील करवाई दुकान

■ लापरवाही पड़ी भारी, जुमार्ना भी लगाया गया

पायनियर संवाददाता ◂ छुरिया
www.dailypioneer.com





क्षेत्र के ग्राम लालूटोला में दुकानदार के मास्के न लगाने और कोविड प्रोटोकॉल का पालन न करने पर कलेक्टरर ने दुकान सील करने की कार्रवाई का आदेश दिया है। इसके साथ ही दुकानदार पर जुमार्ना भी लगाया गया है। बताया गया कि जब कलेक्ट।र अपने दौरे पर यहां निरीक्षण के लिए पहुंचे तो समझाईशों के बाद भी दुकानदार चरण लाउत्रे ने मास्क् लगाने की बात नहीं मानीजिसके बाद कार्रवाई की गई।

जानकारी अनुसार कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो, बीएमओ डॉ रागिनी, बीपीएम रोशन नंदेश्वर सहित अधिकारी कर्मचारी औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। चिचोला से छुरिया पहुंच सड़क किनारे बापुटोला के व्यवसायिक परिसर में गुंजन गिफ्ट एंड फोटो फ्रेमिंग सेंटर के पास अचानक कलेक्टर रूकें। यहां दुकानदार ने मास्क नहीं लगाया था और न ही ग्राहकों ने मास्क लगाया था। दुकानदार चरण लाऊत्रे से टीकाकरण के बारे में पूछने पर उसने कोविड का टीका नहीं लगाने की बात कही। अधिकारियों ने जब उसे मास्क देकर लगाने कहा तो वह इससे भी इंकार करता रहा। मौके पर ही कलेक्ट।र ने दुकान को सील कर जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए। इस दुकान से कुछ दूरी पर हायर सेकंडरी स्कूल है जहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का यहां आना-जाना होता है। निर्देश के बाद गुंजन गिफ्ट एंड फोटो फ्रेमिंग सेंटर दुकान को सील कर दिया गया है।

# फिर खुलेंगे स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र, कलेक्टर ने दिए निर्देश

■ 1 फरवरी से स्कूलों में केवल कक्षा 10वीं से कक्षा 12वीं के संचालन की आवश्यक शर्तों के अधीन अनुमति दी गई

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के लिए सभी स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों को आगामी आदेश तक बंद रखने के निर्देश दिए थे। जिसमें संशोधन करते हुए जिले में टीकाकरण के दृष्टिगत 1 फरवरी 2022 से स्कूलों में केवल कक्षा 10वीं से कक्षा 12वीं के संचालन की अनुमति आवश्यक शर्तों के अधीन दी गई है। उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल के निदेर्शानुसार 10 से 30 जनवरी 2022 तक प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन एवं प्रोजेक्ट कार्य जमा कराया जाना था। किन्तु कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के कारण स्कूलों को बंद रखे जाने से परीक्षा अब तक आयोजित नहीं की जा सकी है। वर्तमान में कोविड-19 से सुरक्षा के लिए 15 से 18 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण प्रारंभ किया जा चुका है। जिसे ध्यान में रखते हुए 1 फरवरी 2022 से स्कूलों में केवल कक्षा 10वीं से कक्षा 12वीं के संचालन की अनुमति आवश्यक शर्तों के अधीन दी गई है। स्कूल के प्राचार्य द्वारा स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी समिति, शाला विकास समिति की बैठक लेकर उनके सहमति के आधार पर कक्षाओं का संचालन किया जा सकेगा। यदि जनभागीदारी समिति में कक्षाओं के संचालन हेतु सहमति नहीं बन पाती है, तो ऐसी स्थिति में ऑनलाईन कक्षाओं की व्यवस्था की जाए। कक्षाओं में क्षमता के केवल 50 प्रतिशत बच्चों को ही एक बार में बुलाया जा सकेगा तथा कक्षाओं को पूर्ण रूप से सेनिटाईज किया जाना, मास्क का उपयोग एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन आवश्यक होगा।

# सांसद संतोष पांडे और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के खिलाफ सरकार साजिश करने में तुली : मोनू बहादुर

■ हम सरकार की नींव हिला देने का माद्दा रखते हैं : भाजयुमो

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सांसद संतोष पांडे व पूर्व सांसद अभिषेक सिंहको कवर्धा पुलिस द्वारा फरार घोषित किए जाने पर भाजपा में आक्रोश है। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यजक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बयान जारी करते हुए कहा कि, कवर्धा में सांप्रदायिक हिंसा और तनाव के मामले में भाजपा नेताओं पर पहले तो फर्जी मामले दर्ज किए गए और अब भाजपा नेतृत्वव के खिलाफ षड़यंत्र रचा जा रहा है। पुलिस प्रशासन जो आए दिन सांसद संतोष पांडे व पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को सार्वजनिक कार्यक्रम में सुरक्षा व्यशवस्थाव मुहैया करा रही है वह ही इन्हेंद फरार बता रहे हैं। मोनू ने सरकार को धृतराष्ट्रव और पुलिस को गांधारी की संज्ञा देते हुए कहा कि, भूपेश सरकार ये न भूले कि कौरवों का हश्र क्याय हुआ था।

जिला अध्येक्ष मोनू ने कहा कि, भाजपा नेताओं पर जबरिया आपराधिक मामले थोपे जा रहे हैं। उन्हें जनता के बीच बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। भूपेश सरकार कानून से खिलवाड़ करते हुए इसका इस्तेजमाल अपने स्वा र्थ के लिए कर रही है। हद तो यह है कि सरकार और पुलिस इसके लिए खुद को ही अंधा साबित करने से भी पीछे नहीं हट रही। उन्होंने कहा कि सांसद संतोष पांडे और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के खिलाफ रचा जा रहा चक्रव्यूह टीक नहीं पाएगा।

मोनू ने कहा कि, कवर्धा की हिंसा सरकार के नकारापन और स्वा र्थी राजनीतिक सोच का ही परिणाम थी। भाजपा और भाजपा नेता ऐसे हर षड़यंत्र के खिलाफ खुलकर लड़े हैं। भूपेश सरकार चाहे जितना जोर लगाए लेकिन सच्चासई छिप नहीं सकती। अगर, इन दोनों नेताओं के खिलाफ भूपेश सरकार और उनकी पूरी मशीनरी साजिश करने में तुली हुई है तो संसदीय क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का हर भाजयुमो कार्यकर्ता अपने नेताओं के साथ खड़ा है और हम सरकार की नींव हिला देने का माद्दा रखते हैं।

# महंगाई भत्ते को लेकर प्रदर्शन





पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फे डरेशन के आह्वान पर जिला वन कर्मचारी संघ राजनादगांव द्वारा राज्य सरकार द्वारा केंद्र के सामान 31 प्रतिशत मंहगाई भत्ता नहीं देने एवं सातवें वेतन मान पर गृह भाड़ा भत्ता नही दिये जाने के विरोध में कालीपट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। गौरतलब है कि वर्तमान मे राज्य सरकार द्वारा 17 प्रतिशत मंहगाई भत्ता कर्मचारियों को दिया जा रहा हैजो कि केंद्र से 14 प्रतिशत कम है। प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से संभागाध्यक्ष विनोद मिश्रा, जिला अध्यक्ष अजीत दुबे, सुशील तिवारी, सलीम कुरेशी, डुमन साहू, आजाद राय, पवनदेवागन, साईद शेख,मनीष साहू, तेजराम सिन्हा, दिलीप चंदेल, भावदास, सुभाष साहू,हेमलाल साहू, रविशंकर अग्निहोत्रीउपस्थित थे।

# मुक्तिधाम के पास मिला नवजात का लावारिस शव

■ बसंतपुर पुलिस ने दर्ज किया मामला, आरोपियों की खोजबीन जारी

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शुक्रवार की सुबह गोकूल नगर स्थित मुक्तिधाम के पास एक नवजात का शवबरामद किया गया है। शव यहां कचरा उठा रही महिला ने देखा जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बताया गया कि यह शव यहां एक तौलिये से ढंका हुआ था जिसे हटाने पर इसका पता चला। बसंतपुर पुलिस ने शव बरामद कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

टीआई राजेश साहू ने आसपास के क्षेत्र में पतासाजी की। माना जा रहा है कि अवैध संबंध के चलते नवजात को जन्म के बाद लावारिस हालत में मरने के लिए छोड़ दिया गया। नवजात शिशु को कन्या होने के कारण फे ंकने की आशंका जताई जा रही है। आज सुबह करीब 8 बजे के आसपास कचरा बीनने के लिए पहुंची प्रेमबती विश्वकर्मा ने नवजात के शव को देखा। नवजात के बदन पर मिला तौलिया और दस्ताना किसी अस्पताल का ही है। पुलिस इसी आधार पर मामले की जांच कर रही है। इससे पहले भी शहर में कई बार इस तरह नवजात के शव बरामद हो चुके हैं। यह मामले बढ़ ही रहे हैं। कुछ साल पहले लगातार ऐसे शव बरामद किए गए थे। इनमें से एक मामले में तो दो आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई थी। शुक्रवार को बरामद शव के संबंध में पतासाजी करते पुलिस अज्ञात महिला के संबंध में कार्रवाई कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# धान खरीदी के शेष दिनों में अवैध धान पर रखें कड़ी निगरानी : कलेक्टर



**राजनांदगांव।** शासन द्वारा किसानों को धान बेचने में सुविधा के लिए 7 फरवरी तक धान खरीदी का समय बढ़ाया गया है। जिससे धान बेचने से छूटे हुए सभी किसान अपने धान का विक्रय कर सके। धान खरीदी केन्द्रों में बचे हुए किसानों का धान खरीदने के लिए सभी व्यवस्था बना ली गई है। वहीं अवैध धान पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आज धान खरीदी और अवैध धान को रोकने के लिए की गई व्यवस्था का जायजा लेने धान खरीदी केन्द्र पहुंचे। उन्होंने जिले के अंतिम सीमा क्षेत्र छुरिया विकासखंड के ग्राम कल्लू बंजारी, बम्हनी तथा डोंगरगढ़ विकासखंड के लाल बहादुर नगर और रामाटोला के धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के बचे हुए शेष दिनों में सतर्कता के साथ सभी किसानों का धान खरीदना है। इस दौरान कोचियों बिचौलियों द्वारा धान खपाने की संभावना अधिक रहती है। धान का सत्यापन करने के बाद धान खरीदी की जाए। सभी पात्र किसानों का धान खरीदा जाए। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र में अन्य राज्यों से धान आने की अधिक संभावना बनी रहती है।

# फसल क्षतिपूर्ति की राह ताक रहे जिले के किसान

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बारिश और ओलावृष्टि से फ़सलों की क्षति के तत्काल आकलन और क्षतिपूर्ति के सरकारी दावों का अब तक पता नहीं है। प्राकृतिक आपदा से बर्बाद हुए फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार की ओर से क्षतिपूर्ति के लिए की गई घोषणा की राह ताक रहे किसानों को केवल आश्वासन मिल रहा है।बारिश के चलते रबी फसलों को पूरे जिले में काफी नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदा की स्थिति में राजस्व परिपत्र की धारा 6(4) के तहत क्षतिपूर्ति का प्रावधान है लेकिन अब तक सम्बंधित महकमे की ओर से कोई ठोस कार्रवाई की सुगबुगाहट तक किसानों को नहीं है।

खबरों के अनुसार राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से प्रक्रिया पूरा किया जाना है। हालांकि किसानों ने काफी उम्मीद से पटवारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के पास अपने फसल के नुकसान की जानकारी समेत तमाम दस्तावेजों को जमा कर दिया है। लेकिन राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग की कार्रवाई की सूचना किसानों को नही है। बेमौसम बारिश की मार से पूरे जिले में रबी फसलों के चौपट हो जाने के बाद अब किसानों को ऋष्ा चुकाने की चिंता सता रही है।

### बारिश के भेंट चढ़ गए

इस सीजन के लिए खाद और उन्नत किस्म के हाइब्रिड बीज की खरीदी का जोखिम उठा चुके किसानों को चना गेहूं, मसूर और अरहर की फसलों से काफी उम्मीद थी। लेकिन दिसम्बर और जनवरी महीने के बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की उम्मीद पर पानी फे र दिया बेहतर उत्पादन की चाह में बाजार से काफी महंगे दामों पर चना और अन्य दलहन तिलहनी फसलों के अलावा गेहूं के बीज की खरीदी किसानों को अब भारी पड़ रहा है। सरकारी कोटे के उर्वरकों की कमी के चलते जमाखोरों से तिगुने दामों में उर्वरक की खरीदी कर रबी फसलों में लगे किसानों का खून पसीना बारिश की भेंट चढ़ गया।

### पचास फीसद से ज्यालदा नुकसान

अनियमित मानसून के चलते विगत तीन चार साल से किसानों को खरीफ और रबी सीजन में नुकसान पहुंचा है। फसल बीमा कंपनी की कई शर्तों में विरोधाभास के चक्क र में बीमा लाभ से वंचित भी होना पड़ा है। बीते खरीफ सीजन में भी पचास फीसदी से अधिक फसलों के चौपट हो जाने के बाद देर से वर्षा होने और कीटप्रकोप के चलते धान उत्पादन काफी प्रभावित हुआ है और औसत उत्पादन के लक्ष्य से किसान चूक गए। खबर है कि बीमा कंपनी के सर्वे और खरीफ सीजन के फसल कटाई प्रयोग में इन तथ्यों की पुष्टि हुई है। लेकिन अब तक किसानों को खरीफ सीजन के बीमा लाभ की राशि नहीं मिल पायी है। नुकसान की भरपाई की आस लगाए किसानों को बारिश के कारण रबी फसलों में भी निराशा हाथ लगी है।

## मामला छुईखदान लोक यांत्रिकी विभाग का

# शासकीय हैंड पंप पर कब्जा, ग्रामीणों ने उपअभियंता पर लगाया बेचने का आरोप

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत दनिया के आश्रित ग्राम चारभाठा के निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने बताया कि उनके गाँव के वार्ड नंबर 10 में स्थित शासकीय हैंडपंप पर गांव के रामशरण वर्मा के द्वारा पूर्ण रूप से कब्जा कर लिया गया है। कब्जा कर उक्त हैंडपंप के शासकीय पाइप सहित सभी सामग्रियों को निकाल कर निजी मोटर पंप लगा लिया गया है, जिसके स्टार्टर को अपने घर के अंदर कमरे के अंदर फिट कर दिया है, जिसको किसी अन्य को छुने तक नहीं देता है।

इस संबंध मे वार्ड नंबर 10 के रहने वाले अश्वनी राम का कहना है कि पिछले 15 दिनों से सरकारी हैंडपंप पर रामशरण ने निजी मोटर पंप लगा लिया है, जिसके चलते पूरे मोहल्ले वाले परेशान हो गये हैं। इस पर शराब के नशे में रामशरण ग्रामीणों को खुले आम धमकाते हुए कहता है कि हैंडपंप को पैसे देकर खरीदा हूँ, किसी दारभडे उप अभियंता का नाम बार-बार लेता है, जब गांव के पंच व ग्रामीणों ने छुईखदान पीएचई कार्यालय में इस संबंध मे शिकायत की तो संबंधित उप अभियंता ने शिकायत सुनने के बजाए, गांव वालों को चमका कर वापस भेजते हुए कह दिया कि वो रामशरण के निजी भूमि में है, पंप से दुबारा कार्यालय आने की जरूरत नहीं है।

आगे उप अभियंता ने कहा कि पानी के लिए अन्य वार्ड में लगे 2 हैंडपंप से निस्तार करो या फिर तालाब से पानी पियो, लेकिन इस हैंडपंप में राम शरण का अधिकार है, जबकि ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप शासकीय भूमि पर है। उक्त हैंडपंप गांव का सबसे पुराना हैंडपंप है, जिसकी स्थापना आज से लगभग 22-23 साल पहले पीएचई विभाग की तरफ से किया गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त हैंडपंप सहित आसपास अन्य गांव के हेंड पंपों के पाइप को हैंडपंप के संबंधित मिस्त्री और क्षेत्र के कुछ दबंग व्यक्तियों के माध्यम से उप अभियंता द्वारा निकलवा कर बेचने का गोरखधंधा पिछले 3-4 सालों से लगातार किया जा रहा है, जिसकी बारीकी से जांच की जायेगी तो एक बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हो जायेगा। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पाइप को कुछ खरीददारों के घर पर लगे हुए देखा भी जा सकता है।

ग्रामीणों ने पुरे मामले पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग करते हुए कहा कि शासकीय हैंडपंप को कथित तौर पर बेचने वाले उप अभियंता पर तत्काल पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराया जाए और शासकीय हैंडपंप से निजी कब्जा हटाया जाए। साथ ही आसपास के सभी गाँव की हैंडपंप में लगे पाइप व अन्य सामग्रियों की ऑडिट कराया जाए, जिससे ग्रामीणों के द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि हो जाएगी।

ग्राम चारभाठा के एक शासकीय पीएचई विभाग के हैंडपंप पर निजी मोटर पंप लगा कर कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों को निस्तारी में आ रही दिक्क त और पंप पर कब्जे की जानकारी एसडीओ मैडम को दे दी हूँ।

**-रुखमनि बाई,**
सरपंच-ग्राम पंचायत दनिया

ये सही है कि शासकीय हैंडपंप पर रामशरण नामक व्यक्ति ने अपना निजी मोटर पंप डाला है, किंतु हैंडपंप को बेचने के आरोप गलत है। उच्च अधिकारी जब कहेंगे पुनः हैंडपंप को लगा दिया जायेगा, किंतु जब्ती या अन्य किसी प्रकार की कार्यवाही करने का अधिकार पुलिस विभाग को है।

**-दरभाड़े,**
उप अभियंता-पीएचई विभाग, छुईखदान

# 48 पौवा शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**छुरिया।** बाईक सवार दो आरोपियों के कब्जेर से पुलिस ने 48 पौव्वाी महाराष्ट्रच निर्मित शराब जब्त की है। छुरिया में रोड फॉरेस्ट बैरियर के पास नाकाबंदी कर कल्लू बंजारी की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल (सीजी 08 सीएम 9976) की जांच पर आरोपियों के पास से अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी चंद्र कुमार नेताम (33) एवं आरोपी चतुर सिंह विश्वकर्मा (25) दोनों निवासी ग्राम टिपानगढ़ थाना गैंदाटोला के कब्जे से एक सफे द रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे 48 नग पौवा देशी संत्री महाराष्ट्र निर्मित शराब जिसकी कीमत लगभग 28 सौ रुपए है, बरामद की गई है। पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ धारा 34/2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

# गोल्ड मेडलिस्ट की उपेक्षा कर कांस्य और रजत पदक प्राप्त खिलाड़ियों को किए पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जूडो कराटे में अंतर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडल प्राप्त बालिका की उपेक्षा कर पुलिस मैदान में कांस्य और रजत पदक प्राप्त खिलाड़ी का सम्मान करने को लेकर भारी विरोध हो रहा है । भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वधान में कलेक्टर एवं पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया है ।भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सूर्या ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट कुमारी खुशी विजय जूडो कराटे में गोल्ड मेडल जीतकर आई है यह हम सब के लिए भारत देश के लिए गर्व की बात है किंतु बिलासपुर में 26 जनवरी 2022 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर कांस्य पदक एवं रजत पदक खिलाड़ियों का नाम मेजर ध्यानचंद के लिए अवार्डेड हुआ है उनको सम्मानित किया गया है जबकि गोल्ड मेडलिस्ट कुमारी खुशी विजय को किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी गई है ना ही उनसे पूछ परख की गई है। यह प्रतिभा को छिपाने या प्रतिभा को हताश करने वाली बात है। क्या इस बात से उनको किनारे किया गया है कि वह अनुसूचित जाति वर्ग की है क्या शासन-प्रशासन इस बात से बेखबर है



कि एक गोल्ड मेडलिस्ट का इस तरह से अपमान करके उनको किनारे किया जा रहा है क्या यह संविधान का या प्रतिभा का अपमान नहीं है क्या आज भी जातिवाद चरम सीमा पर है ?

गोल्ड मेडलिस्ट कुमारी खुशी विजय ने कहा कि उनको लगता है कि कहीं ना कहीं उनकी प्रतिभा को दबाया जा रहा है और जिस तरह से साजिश की गई है कि एक कांस्य पदक को मेजर ध्यानचंद अवार्ड दिया जा रहा है और उनसे पूछ परख नहीं की जा रही है इनसे वे अत्यंत दुखी है और वह चाहती हैं कि आगे शासन प्रशासन के लोग इस तरह से प्रतिभा को दबाने का काम ना करें। महामंत्री योगेश बोले ने कहा कि निश्चित रूप से यह जातिवाद मानसिकता है जो एक अनुसूचित जाति वर्ग की बेटी है उसके साथ भेदभाव किया गया है और जो टीम के कोच है है उसके ऊपर निश्चित रूप से कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि यह उसकी जवाबदेही बनती है जब वह लेकर गया है एक गोल्ड मेडलिस्ट को और उसके बाद यहां आकर उसका नाम नहीं भेजकर यह अपने परिवार के और अपने किसी चहेते का नाम भेज देते हैं। यह भी षड्यंत्र का एक हिस्सा है मामले को संज्ञान में लेकर उचित न्याय दिलाने की मांग की गई और उस बच्ची जो गोल्ड मेडल जीतकर आई है उनकी दशा और दिशा के बारे में जानकर उनको सही मार्ग प्रशस्त करेंगे इस मामले में जो भी व्यक्ति दोषी है उनके ऊपर कड़ी कार्रवाई करने मांग की गई कलेक्टर ने आश्वस्त किया है कि कुमारी खुशी विजय को किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं आएगी और जो यथासंभव प्रयास हो उनको सहयोग करेंगे । कलेक्टर के माध्यम से प्रतिलिपि राज्यपाल, मुख्यमंत्री, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री एवम मानवाधिकार आयोग को भी भेजा गया है ।इसके अलावा और भी संस्था सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति ने भी कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया और उन्होंने भी अपनी इस विषय पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई उन्होंने भी कुमारी खुशी विजय को नौकरी देने की मांग की एवं जिस तरह से भेदभाव हो रहा है उस पर संज्ञान लेने की बात कही । ज्ञापन सौंपने में जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सूर्या महामंत्री योगेश बोले राजेश सूर्यवंशी गोल्ड मेडलिस्ट कुमारी खुशी विजय प्रमोद सागर वंदना गेंदले मंडल अध्यक्ष सुनील चौहान मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अंचल मंडल अध्यक्ष चित्रेश रेखा सूर्यवंशी ईश्वर सूर्यवंशी अनिल लखी बंजारे पुन्नी शंकर अहिरवार तेजराम लाठिया मंडल अध्यक्ष कस्तूरिया, कोसरिया आदि बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर के कैलेंडर का विमोचन



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर के कैलेंडर का विमोचन उमेश पटेल मंत्री छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिकी खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ने किया। इस अवसर पर संसदीय सचिव कसडोल विधायक शकुंतला साहू, कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त पाठ्य निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, कृषि कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, दिलीप माहेश्वरी पत्रकार आदि उपस्थित रहे।

## गौरवशाली परंपरा रही है यादव समाज की : तोखन

**बिलासपुर।** राउत नाच महोत्सव ग्राम रबेली लोरमी में यादव समाज के तत्वावधान में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक तोखन साहू ने कहा कि यादव समाज की गौरव शाली परंपरा रही है। उन्होंने कहा भगवान कृष्ण को धर्म की स्थापना के लिए धरती पर आना हुआ तो यादव समाज की माता की गर्भ से आते हैं। यह समाज के लिए बड़े गर्व की बात है। यादव समाज जब अपने पारंपरिक वेशभूषा के साथ कला एवं शौर्य का प्रदर्शन करते हैं वह अपने आप में अद्भुत होता है। कार्यक्रम में पांचो राज महासमिति के अध्यक्ष धनीराम यादव ने दोहे के साथ यादव समाज की समरसता का संदेश दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी चंद्राकर ने यादव समाज के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा भगवान श्रीकृष्ण चंद्र की वंशज रूपी यादव समाज भारतवर्ष की एक पहचान है। जिपं सदस्य शीलू साहू कहा भगवान कृष्णजी कहते हैं जब-जब इस पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है विनाश का कार्य होते हैं तब पृथ्वी पर आते हैं। उन्होंने नृत्य कला की की। लोरमी विधायक धर्मजीत सिंह के विधायक प्रतिनिधि दरबारी यादव ने उद्बोधन में भगवान को अधर्म के संहारक बताते हुए यदुवंशियों को गीता उपदेश का अनुशरण करते हुए कार्य करने की बात कही।

# हाईकोर्ट ने 7 न्यायाधीशों का किया तबादला

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

विधि एवं विधायी कार्य विभाग की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने गुरुवार को न्यायाधीश का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार बिलासपुर में पदस्थ षष्ठम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार जैन को स्थायी लोक अदालत बिलासपुर में अध्यक्ष के पद पर पदस्थ किया गया है। इसी तरह स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष नारायण सिंह को फैमिली कोर्ट कांकेर, प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूरजपुर मोहन प्रसाद गुप्ता को विधि एवं विधायी कार्य विभाग में अतिरिक्त सचिव, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के अतिरिक्त सचिव महेश कुमार ठाकुर को फैमिली कोर्ट जगदलपुर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूरजपुर हेमंत सराफ को प्रधान कुटुम्ब न्यायाधीश रायपुर, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश खैरागढ़ श्याम लाल नवरतन को अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर, गिरीजा देवी मरावी विशेष न्यायाधीश एससी एवं एसटी अधिनियम रायगढ़ को कुटुम्ब न्यायाधीश बालोद एवं बिलासपुर कुटुम्ब न्यायालय के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश धनेश्वरी सिदार को प्रधान कुटुम्ब न्यायाधीश बिलासपुर के पद में पदस्थ किया गया है।

### रेडी टू ईट मामले में राज्य शासन के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाया अंतरिम रोक

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रेडी टू ईट वितरण का काम स्व सहायता समूह से छीनने के राज्य शासन के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट के इस आदेश के बाद स्व सहायता समूह आगामी सुनवाई तक बिना किसी बाधा के कार्य कर सकेंगी, हाईकोर्ट ने 3 और 4 मार्च को इस मामले को अंतिम सुनवाई के लिए रखा है। ज्ञातव्य हो कि राज्य सरकार ने रेडी टू ईट वितरण का काम को केंद्रीयकृत कर दिया है। पहले इसे महिला स्व सहायता समूह करते थे। शासन के इस निर्णय के खिलाफ 5 महिला स्व सहायता समूहों ने जनहित याचिका दायर की है।

## बिलासपुर में भी नाइट कर्फ्यू समाप्त

**बिलासपुर।** कोरोना महामारी के नियंत्रण के लिएजिले में आम जनता के सार्वजनिक गतिविधियों पर युक्तियुक्त प्रतिबंध अधिरोपित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बिलासपुर द्वारा पूर्व में जारी आदेश में संशोधन करते हुए जिले में लागू रात्रिकालीन कर्फ्यू समाप्त कर दिया गया है। अब बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में संचालित सभी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, बेकरी आईटम्स, फूड कोर्ट एवं अन्य खाद्य संबंधी प्रतिष्ठान, फूड डिलीवरी अधिकतम रात्रि 12 बजे तक संचालित हो सकेंगे।

# उप अभियंताओं के पदावनत आदेश को हाईकोर्ट ने किया निरस्त

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

हाईकोर्ट ने पदोन्नति के 3 साल बाद याचिकाकर्ताओं को पदअवनति के आदेश को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट ने पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के आदेश पर लगाई रोक लगाते हुए फैसला दिया है कि छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन का पदोन्नति के तीन साल बाद पदावनति का आदेश गलत है। याचिकाकर्ता पदोन्नति पद पर ही काम करेंगे। ज्ञातव्य है कि याचिकाकर्ता गणेशराम और होमकांत साहू पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन में उपअभियंता के परद साल 2013-14 से कार्यरत हैं। याचिकाकर्ताओं ने शासन के आदेश पर अनुसूचित क्षेत्रों में लगातार सेवाएं भी दी। साल 2015 में राज्य शासन ने अनुसूचित क्षेत्रों में कार्य करने पर पदोन्नति में छूट को लेकर आदेश पारित किया। आदेश के परिपालन में साल 2018 में विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर दोनो यायिकाकर्ताओं को पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के प्रबंधसंचालक ने सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति किया। साल 2021 के अन्त में अचानक प्रबंध संचालक ने याचिकाकर्ताओं की पदोन्नति को नियम विरुद्ध बताया। दोनों की पदोन्नति को निरस्त कर नोटिस जारी किया।

इस दौरान दोनों याचिकाकर्ताओं को उचित दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराया गया। आदेश जारी होने के बाद याचिकाकर्ता बचाव का अवसर नहीं दिए जाने के साथ ही पदावनति आदेश के खिलाफ अधिवक्ता वरुण शर्मा और अमन केशरवानी के माध्यम से याचिका पेश किया। हाईकोर्ट के सामने अधिवक्ता वरूण शर्मा ने वस्तुस्थिति को पेश किया। याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति संजय के अग्रवाल की एकलपीठ ने राज्यशासन, पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन समेत अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने को कहा। साथ ही पदोन्नति निरस्तीकरण आदेश और निचले पद पर कार्य करने संबंधी दोनों आदेशों के क्रियान्वयन आदेश जारी किया है। हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता सहायक अभियंता के पदोन्नत पद पर कार्य करते रहेंगे।

## सवारी से भरे आटो को ट्रैक्टर ने टक्कर मारी, छह घायल

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

न्यायधानी में तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने सवारी से भरी आटो को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में छह लोगों को चोटे आई है। तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसमें एक महिला भी शामिल है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत फरार हो गया है। मामला चकरभाठा थाना क्षेत्र का है। पुलिस आरोपित ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। गुरुवार की रात नौ बजे आटो क्रमांक सीजी 10 यू 7901 में छह लोग सवार होकर अपने घर आवास पारा परसदा जा रहे थे। चकरभाठा के सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र के शिवांगी फूड के पास पहुंचे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर चालक ने आटो को जोरदार टक्कर मार दी। इससे आटो पलट गई। घटना में आटो सवार गोविन्द लोधी, सरवन लोधी, दीपक लोधी समेत एक



महिला को गंभीर चोट आई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 की टीम आरक्षक राजेश श्रीवास और चालक चंचल धुरी तत्काल घटना स्थल पहुंची। घायलों को एंबुलेंस से सिम्स में भर्ती कराया गया है। तीन लोगों को सामान्य चोटे आई हैं। तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। टक्कर मारने के बाद आरोपित ट्रैक्टर चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस चालक की तलाश में जुटी है।

# जो जिम्मेदारी दी गई उसे पूरी करें: नागेंद्र

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी दी गई हैं पूरी करें। ब्लाक कांग्रेस मस्तूरी के जोंधरा, पचपेड़ी, मल्हार में ब्लाक कांग्रेस नागेंद्र राय ने सदस्यता अभियान के दौरान कही। उन्होंने बताया कि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने ब्लाक स्तर पर जोन अध्यक्षों की नियुक्ति कर सदस्यता अभियान की बागडोर सौंपा है। इसी कड़ी में जोन सेक्टर, व बूथ का बैठक ली जा रही है। उन्होंने सदस्यता अभियान और राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा की। विधानसभा प्रभारी जिला पंचायत सभापति संदीप यादव ने बताया कि सदस्यता अभियान के सभी जोन सेक्टर, बूथ अध्यक्षों के साथ मिलकर सदस्यों को जोड़ना है। सभी को साथ मिलकर सदस्यों को जोड़ना है तभी संभव होगा। कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ पर घर- घर जाकर सदस्यता अभियान चलाएंगे तो जल्द ही लक्ष्य पूरा होगा। जनप्रतिनिधियों को भी सदस्यता



अभियान की जिम्मेदारी देते हुए सहयोग करना होगा। अपने कार्यकर्ताओं को बूथ पर जाकर सदस्यता फार्म भरवाकर संख्या बढ़ाने पर जोर देना है। इससे विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ ब्लाक में प्रदेश में पूर्ण बहुमत से कांग्रेस की सरकार बन सके । विधानसभा प्रभारी ने 30 जनवरी तक सदस्यता अभियान को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग करने की बात कही। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने अपने वक्तव्यों में कहा कि कांग्रेस का बूथ सदस्यता अभियान प्रारंभ हो चुका है जो प्रत्येक घर तक पहुंच कर नए सदस्यों को जोड़ते हुए कांग्रेस पार्टी का विस्तार कर रहे हैं। सभी वरिष्ठों ने प्रदेश सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी योजना कार्यों को साझा करते हुए प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताई। सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाना है। हमें अपने प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाना। संगठन की मजबूती सरकार की योजना को बताया गया। सभी ने जनता को बताया कि विशेष बूथ सदस्यता अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता एक साथ सभी बूथों पर पहुंचकर सदस्य बनाऐंगे। विधानसभा प्रभारियों ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के लिए बैठक किया गया है।

## सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह का पुरस्कार मिला कोरबा पश्चिम यूनिट को पॉवर कंपनी के चेयरमेन अंकित आनंद ने किया सम्मानित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कोरबा पश्चिम यूनिट को सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह का पुरस्कार प्रदान किया गया। कोरबा पश्चिम के विस्तार यूनिट में 500 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। इस वर्ष बेहतर प्रदर्शन के लिए पॉवर कंपनी के चेयरमेन अंकित आनंद (आईएएस) ने इस यूनिट को तीन लाख रुपए का पारितोषिक प्रदान किया। यह पुरस्कार टीम की ओर से अतिरिक्त मुख्य अभियंता (एसीई) ए.के. दत्ता ने ग्रहण किया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के डगनिया मुख्यालय में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इसमें न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुअर का पुरस्कार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालन अभियंता (संचारण एवं संधारण) संभाग डोंगरगांव को दिया गया। कार्यपालन अभियंता (ईई) प्रकाशचंद्र साहू ने यह सम्मान प्राप्त किया। सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन का पुरस्कार कार्यपालन अभियंता (संचारण एवं संधारण) संभाग कुरुद को प्रदान किया गया, जिसे कार्यपालन अभियंता भोलेश्वर प्रसाद ने प्राप्त किया। इसी तरह न्यूनतम लाईन लॉस बनाए रखने के लिए पुरस्कार कार्यपालन



अभियंता (संचारण एवं संधारण) संभाग भानुप्रतापपुर को प्रदान किया गया। कार्यपालन अभियंता डीआर ऊर्वशा ने यह पुरस्कार टीम की ओर से ग्रहण किया। इसी तरह ट्रांसमिशन कंपनी में सर्वोत्तम पारेषण संभाग का पुरस्कार कार्यपालन अभियंता (अति उच्च दाब-निर्माण) संभाग रायपुर प्रदान किया गया। कार्यपालन अभियंता उमाकांत यादव ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर पॉवर कंपनीज के सभी प्रबंध निदेशक एनके बिजौरा, राजेश वर्मा, हर्ष गौतम, उज्जवला बघेल व एसडी तैलंग तथा कार्यपालक निदेशक मनोज कुमार खरे व मुख्य सुरक्षा अधिकारी विंग कमांडर विशेष रूप से उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक(मानव संसाधन) प्रद्युम्न पांडेय ने किया। इसमें सुरक्षा व सतर्कता विभाग के सिपाहियों को भी पुरस्कृत किया गया।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में आयोजित की गई राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक आलोक कुमार की अध्यक्षता में बिलासपुर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक जोनल रेल कार्यालय के समन्वय से आनलाइन आयोजित हुई बैठक में नगर स्थित विभिन्न् केंद्रीय कार्यालयों, उपक्रमों , निगमों एवं बैंकों के लगभग 44 कार्यालयों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इस अवसर पर महाप्रबंधक आलोक कुमार ने कहा की गृह मंत्रालय द्वारा प्रदत्त यह समिति एक ऐसा मंच है जिसमें हम सभी केंद्रीय कार्यालय के अधिकारी एकत्र होकर भारत सरकार की नीति के अनुरूप राजभाषा हिंदी के प्रयोग पर चर्चा करते हैं। सभी की उपस्थिति इस बात का प्रतिक है कि




आप अपने कार्यालयों में राजभाषा के उत्तरोत्तर प्रयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने हिंदी के पक्ष में अपनी बात रखते हुए कहा कि वर्तमान में हिंदी प्रयोग के लिए काफी अनुकूल माहौल बना है और आम जनता में इसका अच्छा संदेश जा रहा है। जनता इसे सकारात्मक रूप में देख रही है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी हिंदी के प्रयोग के लिए मानसिक एवं तकनीकी रूप से तैयार है। राजभाषा समिति का अपना महत्व है। इसके माध्यम से आपसी विचार- विमर्श का अच्छा माध्यम है जिसमें सुधारात्मक उपायों पर चर्चा कर सकते हैं। हमेशा की भांति आप अपने कार्यालयों में जो भी नए कार्य हिंदी माध्यम से निष्पादित करते हैं उसे निश्चित रूप से इस सभा में साझा करें, जिससे कि दूसरे कार्यालय इसका लाभ उठा सके। नगर राजभाषा समिति के 08 से 10 कार्यालयों संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण किया जाता है। इस समिति के सदस्य सांसद होते हैं जिनके समक्ष सही एवं अपेक्षित आंकड़ों की एक प्रश्नावली तैयार कर प्रस्तुत की जाती है। यदि आंकड़े सटीक न हो तो संबंधित कार्यालय को दिक्कत हो सकती है। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक विजय प्रताप सिंह ने कहा कि इस समिति के सभी सदस्य कार्यालयों का लगभग सभी कार्य अच्छे से हो रहा है। जिन कार्यालयों ने अच्छा कार्य किया है उनसे संपर्क कर अपने कार्यालयों के कार्य में सुधार कर सकते हैं। सरल तरीके से कार्य करें. कंप्यूटर पर प्रशिक्षण देकर हिंदी के कार्य को बढ़ावा दिया जा

## बिलासपुर से कटनी–भोपाल रूट की 6 ट्रेनें रद्द: 29 और 30 जनवरी को नहीं चलेंगी

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेल सेवाओं में विस्तार और सुविधा के नाम पर ट्रेनों को रद्द करने का सिलसिला जारी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के उसलापुर-घूटकू स्टेशनों के बीच ब्लॉक दिया जाएगा है। इस दौरान सब-वे का निर्माण किया जाएगा। इसके चलते 29 और 30 जनवरी को बिलासपुर से कटनी और भोपाल रूट की 6 गाड़ियों को कैंसिल किया गया है। वहीं 29 जनवरी को पुरी-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस (18477) दो घंटे देरी से छूटेगी।

लोखंडी फाटक में निर्माण कार्य चल रहा है। यहां सब-वे का निर्माण चल रहा है। इस दौरान 30 जनवरी को रेलवे ने इस रूट पर ब्लाक लेने का निर्णय लिया है। इसके फलस्वरूप कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेल प्रशासन ने यात्रियों को होने वाली इस असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए सहयोगी की अपील की है।



### रद्द होने वाली गाड़ियां

30 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18257 बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 29 जनवरी को चिरमिरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 18258 चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 30 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 29 जनवरी को इंदौर से चलने वाली गाडी संख्या 18233 बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 29 जनवरी को बरौनी से चलने वाली गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## नदी के तट पर मिला बैग, कपड़े की जगह निकला नवजात का शव

**बिलासपुर।** बिलासपुर के अरपा नदी के तट पर बैग में नवजात का शव मिला है। इससे आसपास क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम जांच करने मौके पर पहुंची। शव को पीएम के लिए सिम्स(मेडिकल कालेज) भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर के बीच में एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। सरकंडा के ईरानी मोहल्ला के लोग अरपा नदी तट के तरफ गए थे। इसी दौरान एक बैग मिला। जिसमें कपड़े की जगह नवजात का शव था। इसके बाद वहां भीड़ जुट गई। इसकी सूचना पुलिस की डायल 112 को दी गई। पुलिस टीम जांच करने तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिम्स भेजा गया है। नवजात किसका था, इसके बारे में पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। शव मिलने की घटना तीन दिन पुरानी है। लेकिन पुलिस ने मामले को सार्वजनिक नहीं किया था। अरपा में आए दिन नवजात मिलने का यह पहला मामला है। नवजात का शव बेटी थी या बेटा, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस भी इस मामले की जानकारी देने में असमर्थ है। सरकंडा टीआई परिवेश तिवारी का कहना है कि तीन दिन पहले शव मिला था। इसकी विवेचना कर रहे हैं। नवजात छोड़ने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है।

























सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403